

4इ किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

# समाज जागरण

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

दैनिक हिन्दी समाचार समाज जागरण RNI NO. UPHIN/2021/84200

वर्षः 1 अंकः 336 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) शनिवार 23 सितम्बर 2023 http://samajjagran.in पृष्ठ - 12 मूल्य 05 रुपया


## हरदीप सिंह निज्जर: रेड कॉर्नर नोटिस, फिर भी कनाडा क्यों था मेहरबान ? अब भी बना है नागरिकता देने का रहस्य

नई दिल्ली. कनाडा में मारे गए खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर के बारे में भारतीय प्रशासन ने समय-समय पर कनाडा सरकार को जानकारी दी थी और बताया था कि उसके खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस भी जारी है, लेकिन कनाडा प्रशासन ने कभी भी निज्जर के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की, जबकि उसे गलत तथ्यों के आधार पर कनाडा की नागरिकता दी गई थी. भारतीय रिकॉर्ड के मुताबिक हरदीप सिंह निज्जर के खिलाफ भारत में हत्या और अन्य आतंकवादी गतिविधियों के लगभग एक दर्जन मामले दर्ज थे. अपने खिलाफ पुलिस का कसता शिकंजा देखकर हरदीप सिंह साल 1997 में रवि शर्मा नाम के फर्जी पासपोर्ट का उपयोग कर भारत से भाग गया था.

बाद में हरदीप सिंह कनाडा पहुंच गया जहां उसने कनाडा में शरण के लिए यह कहते हुए आवेदन किया कि उसे एक विशेष वर्ग का होने के कारण भारत में प्रताड़ित किया जा रहा है. उसकी मनगढ़ंत कहानी के आधार पर तत्कालीन कनाडा प्रशासन ने उसे नागरिकता देने से इनकार कर दिया था. दिलचस्प है कि नागरिकता का दावा खारिज होने के बाद निज्जर ने 11 दिन बाद फिर कनाडा की नागरिकता के लिए आवेदन किया. इस बार उसने आवेदन का आधार दिखाया था कि उसने वहां की एक महिला से शादी की है.

### निज्जर को रहस्यमयी हालात में कनाडा की नागरिकता मिली

कनाडा के तत्कालीन अधिकारियों ने उसका यह दावा भी खारिज कर दिया क्योंकि जिस महिला से वह शादी करने की बात कह रहा था वह एक अलग आदमी से शादी करने के आधार पर कनाडा पहुंची थी. इसके बाद कई सालों बाद अचानक निज्जर को रहस्यमय परिस्थितियों में कनाडा की नागरिकता दे दी गई. आखिर वह कौन सी परिस्थितियां थीं, इसके बारे में कभी भी कनाडा सरकार ने भारत सरकार को बताया तक नहीं.



### रेड कॉर्नर नोटिस होने के बावजूद निज्जर को कनाडा ने गिरफ्तार नहीं किया

हरदीप सिंह के खिलाफ नवंबर 2014 में इंटरपोल रेड कॉर्नर नोटिस जारी किया गया था. यूनाइटेड नेशन के इंटरपोल ने भारत के दावे को पूरी तरह से जांचने परखने के बाद उसके खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस जारी किया था. भारतीय अधिकारियों ने इस बाबत कनाडा प्रशासन को रेड कॉर्नर नोटिस की पूरी जानकारी समेत हरदीप सिंह के खिलाफ फिर से पूरी जानकारी मुहैया कराई.

दिलचस्प है कि रेड कॉर्नर नोटिस होने के बावजूद कनाडा प्रशासन ने निज्जर को ह्यनो फ्लाई लिस्टह्न में डालने का नोटिस तक जारी नहीं किया. हरदीप सिंह की इसी साल जून में कनाडा में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी क्योंकि वहां वह गैंगवार में शामिल हो गया था

## प्रधानमंत्री 23 सितंबर को नई दिल्ली में 'अंतर्राष्ट्रीय अधिवक्ता सम्मेलन 2023' का उद्घाटन करेंगे

### देश में पहली बार सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है

**सम्मेलन का विषय: 'न्याय प्रदान प्रणाली में उभरती चुनौतियां'**

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी 23 सितंबर, 2023 को सुबह 10 बजे विज्ञान भवन, नई दिल्ली में 'अंतर्राष्ट्रीय अधिवक्ता सम्मेलन 2023'




का उद्घाटन करेंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री उपस्थित लोगों को भी संबोधित करेंगे। न्याय प्रदान प्रणाली में उभरती चुनौतियां' विषयक अंतर्राष्ट्रीय अधिवक्ता सम्मेलन 2023 का आयोजन बार काउंसिल ऑफ इंडिया कर रहा है। यह आयोजन 23-24 सितंबर, 2023 को किया जाएगा। सम्मेलन का उद्देश्य विभिन्न कानूनी विषयों पर सार्थक संवाद और चर्चा के लिए एक मंच प्रदान करना है। इस अवसर पर राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय महत्व के मुद्दों पर विचार किया जाएगा तथा विचारों व अनुभवों का आदान-प्रदान किया जाएगा। इसके अलावा कानूनी विषयों पर अंतर्राष्ट्रीय सहयोग और समझ को मजबूत किया जाएगा। देश में पहली बार आयोजित हो रहे इस सम्मेलन में उभरते कानूनी रुझान, सीमा पार मुकदमों की चुनौतियां, कानूनी तकनीक, पर्यावरण कानून आदि विषयों पर चर्चा होगी।

कार्यक्रम में प्रतिष्ठित न्यायाधीश, कानूनी प्रोफेशनल और वैश्विक कानूनी समुदाय के जानकार हिस्सा लेंगे।

## पाकिस्तान को धकेलकर भारत ODI रैंकिंग में बना नंबर वन, पहली बार तीनों फॉर्मेट में टॉप पर पहुंची टीम इंडिया

नई दिल्ली. भारत ने ऑस्ट्रेलिया को मोहाली वनडे में हराकर अपने नाम बड़ी उपलब्धि दर्ज कर ली है. टीम इंडिया आईसीसी की वनडे रैंकिंग में पहले नंबर पर पहुंच गई है. भारतीय टीम ने इस दौरान पाकिस्तान को पछाड़कर यह मुकाम हासिल किया. टीम इंडिया इस समय क्रिकेट के तीनों फार्मेट में नंबर वन है. यह पहला मौका है जब भारतीय टीम एक समय में टेस्ट, वनडे और टी20 तीनों फॉर्मेट में आईसीसी की रैंकिंग में टॉप पर विराजमान है.



भारतीय टीम 116 रेटिंग प्वॉइंट के साथ वनडे रैंकिंग में पहले नंबर पर पहुंची है जबकि पाकिस्तान की टीम 115 रेटिंग प्वॉइंट के साथ दूसरे नंबर पर खिसक गई है. ऑस्ट्रेलियाई टीम तीसरे नंबर पर बरकरार है. पहला वनडे हारने के बाद कंगारू टीम की रेटिंग प्वॉइंट में 2 अंक का नुकसान उठाना पड़ा है. इससे पहले भारत टेस्ट और टी20 रैंकिंग में नंबर वन था.

**शमी के पंच के बाद भारत के 4 बैटर ने खेली जड़ी फिफ्टी**

मोहम्मद शमी के 5 विकेट हॉल के बाद शुभमन गिल, ऋतुराज गायकवाड़, सूर्यकुमार यादव और केएल राहुल की अर्धशतकीय पारियों के दम पर भारत ने पहले वनडे में 8 गेंद शेष रहते ऑस्ट्रेलिया को 5 विकेट से हराया.ऑस्ट्रेलिया की पारी को 276 रन पर समेटने के बाद भारत ने 48.4 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 281 रन बनाकर आगामी विश्व कप की अपनी तैयारियों को पुख्ता किया.

### गिल और गायकवाड़ ने जोड़े 142 रन

भारत के लिए ओपनर शुभमन गिल (74) और ऋतुराज गायकवाड़ (71) ने पहले विकेट के लिए 142 रन की साझेदारी कर जीत की नींव रखी. कप्तान लोकेश राहुल ( नाबाद 58) और सूर्यकुमार यादव (50) ने 5वें विकेट के लिए 85 गेंद में 80 रन की साझेदारी कर टीम को जीत के मुहाने तक पहुंचाया. भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच सीरीज दूसरा वनडे 24 सितंबर को इंदौर में खेला जाएगा.

## बोले एग्जीबिटर्स, पहली बार हमें मिली है ऐसी सुविधा

## यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो से एग्जीबिटर्स गदगद, सीएम योगी को दिया धन्यवाद

ग्रेटर नोएडा, 22 सितंबर। इंडिया एक्सपो मार्ट में आयोजित पांच दिवसीय यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में प्रदेशभर से दो हजार से अधिक एग्जीबिटर्स अपने अपने उत्पादों के साथ पहुंचे हैं। वहीं ट्रेड शो को लेकर एग्जीबिटर्स में गजब का उत्साह देखने को मिल रहा है। यहां की व्यवस्थाओं की सभी सराहना कर रहे हैं। एग्जीबिटर्स इसके लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का विशेष रूप से धन्यवाद देते दिखे।




वाराणसी निवासी अंगिका कुशवाहा यहां डमी लूम के साथ पहुंची हैं।



उन्होंने बताया कि वह बनारसी साड़ी तैयार करती हैं। उनके पास 300 करघे हैं, जिसपर एक हजार लोगों की टीम बनारसी साड़ी तैयार करती है। टेक्सटाइल में पीएचडी अंगिका के अनुसार यहां हम बनारसी साड़ी के निर्माण की बारीकियों को प्रदर्शित कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार में बुनकरों को तमाम तरह की सुविधाएं मिल रही हैं। उन्हें लोन आदि लेने के लिए अब परेशान नहीं पड़ता।

मुरादाबाद के पद्मश्री सम्मान से सम्मानित शिल्पकार दिलशाद हुसैन यहां पीतल पर बनी नक्काशियों का प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि इंटरनेशनल ट्रेड शो के जरिए यूपी के एग्जीबिटर्स को दुनियाभर के बायर्स के सामने अपने उत्पादों को प्रदर्शित करने का मौका मिल रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को विशेष धन्यवाद देते हुए कहा कि यहां बहुत अच्छी



व्यवस्था, पहली बार एग्जीबिटर्स को इतनी बेहतरीन सुविधाओं के साथ अपने उत्पादों को प्रदर्शित करने का मौका मिला है।

मेरठ निवासी कला साधक पद्मश्री अवार्ड से सम्मानित शीश राम भी यूपी इंटरनेशनल ट्रेड में आकर काफी खुश दिये। भारतीय सेना में 40 वर्षों तक सेवा देने के बाद पोट्रेट चित्रकला और मूर्तिकला के क्षेत्र में अतुलनीय काम करने वाले शीश राम की कलाकृतियां दुनियाभर में पसंद की जाती हैं। उन्होंने इंटरनेशनल ट्रेड शो को उत्तर प्रदेश



की प्रतिष्ठा बढ़ाने वाला आयोजन बताया। कहा कि ऐसे आयोजन से सिर्फ कलाकारों और शिल्पकारों का ही मान नहीं बढ़ाते बल्कि इससे यूपी और हमारे देश का भी मान पूरे विश्व में बढ़ रहा है।

## आतंकवाद के खिलाफ क्वाड देश एकजुट, एक्शन प्लान भी तैयार, जानें क्या बोले जयशंकर ?

न्यूयार्क. अमेरिका, भारत, जापान और ऑस्ट्रेलिया सहित क्वाड देशों ने शुक्रवार को आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की, जिसमें "आतंकवादियों की सीमा पार आवाजाही और आतंकवाद के वित्तपोषण नेटवर्क और सुरक्षित पनाहगाहों" का मुकाबला करना शामिल है.

उन्होंने कहा, 'हम आतंकवाद के सभी स्वरूपों का मुकाबला करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जिसमें आतंकवादियों की अंतरराष्ट्रीय और सीमा पार आवाजाही को रोकना और आतंकवाद के वित्तपोषण नेटवर्क और सुरक्षित पनाहगाहों का मुकाबला करना शामिल है. हमने पूरे देश और पूरे अंतरराष्ट्रीय समुदाय के प्रयासों के माध्यम से आतंकवादी गतिविधियों को प्रभावी ढंग से रोकने के लिए एक व्यापक और संतुलित दृष्टिकोण की आवश्यकता पर जोर दिया.

### जयशंकर ने जापान की विदेश मंत्री से की मुलाकात

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने शुक्रवार को यहां जापान की विदेश मंत्री योको कामिकावा से मुलाकात की. इस दौरान दोनों नेताओं ने भारत और जापान के बीच विशेष रणनीतिक तथा



वैश्विक साझेदारी तथा द्विपक्षीय संबंधों को और बढ़ाने के तरीकों पर विचारों का आदान-प्रदान किया. वरिष्ठ सांसद कामिकावा (70) ने इस महीने की शुरूआत में कैबिनेट फेरबदल में जापानी विदेश मंत्री के रूप में योशिमासा हयाशी का स्थान लिया था.

जयशंकर ने 'एक्स' पर कहा, "यूएनजीए78 में जापान की विदेश मंत्री योको कामिकावा से मिलकर खुशी हुई." उन्होंने पोस्ट किया, "हमारी विशेष रणनीतिक और वैश्विक साझेदारी पर दृष्टिकोणों का आदान-प्रदान किया गया. हमारे क्षेत्रीय, बहुपक्षीय और वैश्विक सहयोग और इन्हें आगे बढ़ाने पर चर्चा की गई."

### क्वाड प्रतिबद्धताओं को पूरा करने पर चर्चा

इससे पहले, जयशंकर ने संयुक्त राष्ट्र महासभा के 78वें सत्र में अपनी भागीदारी करते हुए क्वाड सहयोगियों के साथ चर्चा की. उन्होंने कहा, ह्यबैठक में जापानी विदेश मंत्री योको कामिकावा का स्वागत किया गया। हिंद-प्रशांत क्षेत्र में नियम-आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था की रक्षा करने और क्वाड प्रतिबद्धताओं को पूरा करने पर चर्चा की गई."

## अदालतें सेना को संचालित नहीं कर सकतीं....

नई दिल्लीः सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को एक महिला कर्नल की याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि अदालतें सेना को संचालित नहीं कर सकतीं. महिला कर्नल को सैनिकों की एक कंपनी का प्रभार सौंपा गया था, जिसकी कमान आमतौर पर दो रैंक कनिष्ठ मेजर के पास होती है. प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ तीन मामलों की संयुक्त सुनवाई कर रही थी, जिनमें दो याचिकाएं थलसेना की महिला अधिकारियों और एक याचिका नौसेना की महिला अधिकारियों की ओर से दायर की गयी थी.

सुप्रीम कोर्ट के समक्ष दायर इन याचिकाओं में पदोन्नति सहित कई मुद्दे उठाये गये हैं. पीठ में न्यायमूर्ति जे. बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल थे. याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता मीनाक्षी अरोड़ा ने जब न्यायालय को अवगत कराया



कि महिला कर्नल को एक कंपनी का प्रभार सौंप दिया गया है, जबकि इसका नेतृत्व आमतौर पर मेजर रैंक का अधिकारी करता है. इस पर पीठ ने कहा, 'हम अब सेना के कामकाज को संचालित नहीं कर सकते.'

सुप्रीम कोर्टकी पीठ ने कहा, 'हम विधि संबंधी मामलों में हस्तक्षेप करते हैं.' इसने कहा, 'निश्चित तौर पर हम सेना की कमांड संरचना को संचालित करना शुरू नहीं कर सकते हैं.' अधिकारी ने कहा कि यह ऐसा मामला है, जहां एक महिला अधिकारी को स्थायी कमीशन दिया गया है और वह सेना में एक कर्नल है। अरोड़ा ने कहा कि यह उस महिला अधिकारी का 'घोर अपमान' है, जो अब कर्नल है. पीठ ने अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी से कहा, 'आपने अब शिकायत सुन ली है.' शीर्ष अदालत ने मामले की अगली सुनवाई 27 सितंबर को तय करते हुए कहा कि कुछ मुद्दे हैं, जिन्हें निश्चित रूप से अधिकारी स्वयं ही सुलझा सकते हैं. पीठ ने याचिकाकर्ताओं से कहा कि वे दो पृष्ठों का एक नोट जारी करें, जिसमें उनकी शिकायतें बताई गई हों. इसने कहा कि प्रतिवादी अधिकारी उठाए गए मुद्दों पर अपनी प्रतिक्रिया दाखिल करने के लिए स्वतंत्र होंगे. हालांकि, पीठ ने स्पष्ट किया कि इन कार्यवाहियों के लंबित रहने से सेना और नौसेना अधिकारियों को याचिकाकर्ताओं की शिकायतों पर गौर करने और उनके निवारण से नहीं रोका जाएगा.

# जस्टिन ट्रूडो का दिमागी दिवालियापन

## भारत और कनाडा के राजनयिक संबंधों में गहरी दरार।

## कनाडा पाकिस्तान की राह पर।

**दैनिक समाज जागरण**

कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या का भारत सरकार पर आरोप लगाकर वैश्विक राजनीति में एक भूचाल ला दिया है। इस बयान के साथ उन्होंने अपने दिमागी दिवालियापन का सबूत भी दे दिया है और यह साबित कर दिया है कि भारत जैसे देश से अपने संबंध खराब कर वे अभी भी अपरिपक्व राजनीतिज्ञ हैं। खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्रर 17 साल से अवैध रूप से कनाडा में रह रहे थे और भारत द्वारा उसे आतंकवादी घोषित करते ही कनाडा ने उसे नागरिकता प्रदान कर दी थी। कनाडा के प्रधानमंत्री ने भारत पर उसकी हत्या का आरोप लगाकर यह कयास लगाया था कि उसे अमेरिका ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया तथा नाटो देश का समर्थन मिलेगा जिससे वह आतंकवादियों को शरण देने की जवाब देही से बच सकेंगे पर वॉशिंगटन पोस्ट की खबरों के अनुसार फाइव एलायंस यानी अमेरिका, ब्रिटेन,ऑस्ट्रेलिया-न्यूजीलैंड ने उसके इस आरोप से किनारा कर लिया और कोई समर्थन नहीं दिया है। अब कनाडा के प्रधानमंत्री वैश्विक राजनीति में अलग-अलग पड़ गए हैं। कनाडा के प्रधानमंत्री के सत्ताधारी गठबंधन में भी दरारें पड़ गई हैं लिबरल पार्टी के कई सांसदों ने भारत से संबंध बनाए रखना पक्ष में बयान दिए हैं। उनके ही मंत्री हरजीत सज्जन ने बयान देकर कहा है की कनाडा को भारत से रिश्ते तल्ख कर बनाने की जरूरत नहीं और कनाडा की प्रथम हिंदू कैबिनेट मंत्री अनीता आनंद ने भी प्रधानमंत्री को अत्यंत विवेक से कम लेने की सलाह दी है। यह बात अत्यंत महत्वपूर्ण है की कनाडा नाटो देश का सदस्य भी है पर नाटो देश ने भी उससे इस मामले में किनारा कर लिया है। कनाडा विगत कई सालों से खालिस्तानी आतंकवादियों को समर्थन देकर पाकिस्तान की राह में निकल पड़ा है। खालिस्तानी आतंकवादियों को पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आई,एस,आई सीधा समर्थन देकर उन्हें फंडिंग कर रही है इस तरह कनाडा पाकिस्तान और खालिस्तान आतंकवादियों का एक त्रिगुट बन गया है जो वह भारत विरोधी हरकतों को कनाडा तथा भारत में अंजाम देने में लगा हुआ है। कनाडा में वर्तमान में 9आतंकवादी संगठन एसे हैं जो सक्रिय रूप से भारत को तोड़ने की साजिश रच रहे हैं और भारतीय दूतावास तथा अधिकारियों को सीधे तौर पर धमक भी रहे हैं। इन संगठनों का सीधा संबंध खालिस्तान आतंकवाद, ड्रग तथा मानव तस्करी जैसे अपराधों से जुड़ी हुई है। भारत सरकार के विदेश प्रवक्ता ने दावा किया है की कनाडा सरकार की यह हरकत संयुक्त राष्ट्र संघ के चार्टर का खुला विरोध है, संयुक्त राष्ट्र संघ के चार्टर के सातवें अध्याय में शामिल वैश्विक आतंकवाद के रोकथाम के लिए बनाए गए सुरक्षा परिषद के संकल्प 1373 के अंतर्गत किसी भी व्यक्ति को शरण देने से पहले यह तय करना होता है की शरण लेने वाला व्यक्ति आतंकवादी गतिविधियों में लिप्त तो नहीं है और कनाडा सरकार ने हरदीप सिंह निज्जर आतंकवादी घोषित करने के पश्चात नागरिकता देकर संयुक्त राष्ट्र संघ के चार्टर का खुला उल्लंघन भी किया है। भारत सरकार के अनुसार कनाडा में अभी भी 10 खालिस्तानी खूंखार आतंकवादी निवास कर रहे हैं जो कनाडा में मौजूद रहकर भारत में अपराधिक आतंकवादी गतिविधियां संचालित कर रहे हैं। उधर घरेलू मोर्चे में भी कनाडा के प्रधानमंत्री संसद में घिरे हुए हैं उनकी मुख्य विपक्षी विरोधी पार्टी कंजरवेटिव पार्टी के नेता पियरे पालियेҁ ने कहा प्रधानमंत्री ने जो भारत पर आरोप लगाए हैं उसका कोई ठोस सबूत पेश नहीं किया है। प्रधानमंत्री को जनता के सामने ठोस सबूत रखना चाहिए । भारत सरकार ने कनाडा के प्रधानमंत्री के आरोपों का जोरदार जवाब देकर कनाडा वीजा पर अस्थाई रूप से रोक लगा दी है और उनके राजदूत को भारत से वापस भेज दिया है। कनाडा में भारत के प्रत्यर्पण अनुरोध की धज्जियां उड़ा कर रख दी है, कनाडा जहां अंतरराष्ट्रीय नियमों की दुहाई देते हुए खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप की हत्या का आरोप लगाकर अपनी जिम्मेदारी से बचना चाह रहा है वही खुद लंबे समय से अंतरराष्ट्रीय नियमों और द्विपक्षी समझौता का उल्लंघन करता आ रहा है। भारत सरकार ने बीते 5 सालों में कनाडा को खालिस्तानी आतंकवादियों के प्रत्यर्पण के लिए 26 अनुरोध भेजें लेकिन कनाडा सरकार ने स्पष्ट रूप से झटक दिया था। भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसी 43 दुर्दांत आतंकवादियों की सूची जारी की है जो कनाडा में गुप्त रूप से रह रहे हैं कनाडा ने इस नोटिस का जवाब तक नहीं दिया है। बहुत महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि कनाडा की कार्लटन यूनिवर्सिटी में अंतरराष्ट्रीय संबंधों की ज्ञाता स्टेफनी कार्विन कहती है कि पूरे यूरोप और अमेरिका के हिसाब से ड्रैगन चीन से शक्ति संतुलन में भारत देश अत्यंत अपरिहार्य है। इसमें कनाडा का कोई महत्व नहीं रह गया है और यही वजह है कि कनाडा की तरफ से भारत के खिलाफ गंभीर आरोप लगाने के बाद भी अमेरिका तथा यूरोपीय देश की प्रतिक्रिया बहुत सधी हुई है, और किसी भी देश ने भारत के खिलाफ कोई बयान देने में किसी भी तरह की जल्दबाजी नहीं दिखाई है। अमेरिका,ब्रिटेन और यूरोपीय देश एक तरह से भारत के साथ संबंधों को नए स्तर पर पहुंचने का प्रयास कर रहे हैं दूसरी तरफ कनाडा ने भारत के साथ अपने संबंधों को अब तक की सबसे खराब स्थिति में पहुंचा दिया है। कनाडा ने भारत के साथ अपने संबंध खराब करके दुनिया में अपने आप को अकेला कर लिया है, आतंकवादियों को अपने देश में शरण देकर अब वह पाकिस्तान की राह में चल पड़ा है और पाकिस्तान की तरफ अलग-अलग पड़ गया है। उसे किसी भी देश का समर्थन प्राप्त नहीं है जिसकी कल्पना कनाडा के प्रधानमंत्री ने कभी नहीं की थी। भारत में आयोजित विगत दिनों ̆20 सम्मेलन से भारत के संबंध दुनिया के देशों से बेहतर से बेहतरीन हो गए और कनाडा इस मामले में अकेला रह गया है। अब यह तो तय है कि जब तक कनाडा के प्रधानमंत्री खालिस्तान आतंकवादियों को भारत को प्रत्यपित नहीं करता है तब तक भारत के राजनीतिक संबंध कनाडा से सुधार नहीं सकते हैं। ब्रिक्स देशों के विदेश मंत्रियों की संयुक्त राष्ट्र संघ में बैठक में सभी प्रारूपों के आतंकवाद की खुलकर निंदा की और ̆20 पर भारत की अध्यक्षता की सराहना भी की तथा ̆20 के स्थाई सदस्य के रूप में अफ्रीकी संघ का स्वागत किया ब्रिक्स के सदस्यों के विदेश मंत्रियों ने आतंकवाद आतंक के लिए अनुकूल उग्रवाद और कट्टरपन से पैदा खतरे तथा इससे सभी रूपों में मुकाबला करने की प्रतिबद्धता जताई है। भारत को विश्व के अधिकांश देशों का समर्थन प्राप्त है और कनाडा के प्रधानमंत्री अपना बयान देकर अत्यंत आसहज हो गए हैं भारत द्वारा उनके आरोपों के सबूत मांगने पर कनाडा सरकार ने चुप्पी साथ ली है। कनाडा की सरकार अल्पमत की सरकार और डेमोक्रेटिक फ्रंट वाली पार्टी का समर्थन प्राप्त है और यही कारण है की कनाडा के प्रधानमंत्री अल्पमत होने के कारण इस तरह की बयान बाजी कर रहे हैं जो भारत कनाडा के संबंधों के लिए शुभ संकेत नहीं है।



**संजीव ठाकुर, स्तंभकार, चिंतक, लेखक, संयोजक रायपुर छत्तीसगढ़**

# सर्वेश्वर दयाल सक्सेना

सर्वेश्वर दयाल सक्सेना (जन्मः 15 सितम्बर, 1927; मृत्युः 23 सितम्बर, 1983) प्रसिद्ध कवि एवं साहित्यकार थे। सर्वेश्वर दयाल सक्सेना 'तीसरे सप्तक' के महत्वपूर्ण कवियों में से एक थे। कविता के अतिरिक्त उन्होंने कहानी, नाटक और बाल साहित्य भी रचा। उनकी रचनाओं का अनेक भाषाओं में अनुवाद भी हुआ। आकाशवाणी में सहायक निमार्ता; दिनमान के उपसंपादक तथा पराग के संपादक रहे। यद्यपि सर्वेश्वर दयाल सक्सेना का साहित्यिक जीवन काव्य से प्रारंभ हुआ तथापि ह्यचरचे और चरखेह्न स्तम्भ में दिनमान में छपे आपके लेख विशेष लोकप्रिय रहे। सन 1983 में कविता संग्रह खूँटियों पर टंगे लोग के लिए सर्वेश्वर दयाल सक्सेना को साहित्य अकादमी पुरस्कार से नवाजा गया।

**जीवन परिचय**

सर्वेश्वर दयाल सक्सेना का जन्म 15 सितंबर, 1927 को विश्वेश्वर दयाल के घर हुआ। फलतः सर्वेश्वर जी की आरंभिक शिक्षा-दीक्षा भी ज़िला बस्ती, उत्तर प्रदेश में ही हुई। बचपन से ही वे विद्रोही प्रकृति के थे। उनकी रचना तथा पत्रकारिता में उनका लेखन इसकी बानगी पेश करता है। इसी कारण जब वे बस्ती के राजकीय हाईस्कूल में नवीं कक्षा में पढ़ रहे थे, राजनीतिक चुहलबाजी के कारण उन्हें कॉलेज से निकाल दिया गया। फिर सर्वेश्वर को एंग्लो संस्कृत हाईस्कूल, बस्ती के प्रधानाचार्य श्री चक्रवर्ती ने शरण दी। इसी विद्यालय से सर्वेश्वर जी ने 1941 में हाईस्कूल की परीक्षा उत्तीर्ण की। इस सबके बीच बस्ती का ग्राम्य परिवेश, आंचलिकता, शहर के किनारे बहने वाली कुआनो नदी, भुजैनिया का पोखरा आदि प्रतीक सर्वेश्वर के भोले मन को प्रभावित करते रहे। माटी की यह महक तथा जीवन के संत्रासों को वे ताज़िन्दगी नहीं भूले।

**शिक्षा के साथ नौकरी**

सर्वेश्वर जी के पिता विश्वेश्वर दयाल जी ने बड़ी मेहनत से मालवीय रोड स्थित अनाथालय के पास एक छोटा सा घर बनवा लिया। इसी नए घर में सर्वेश्वर के छोटे भाई एवं छोटी बहन का जन्म हुआ। इस दौरान सर्वेश्वर जी की माँ का तबादला बस्ती से बांसगांव, गोरखपुर और फिर वाराणसी हो गया। सर्वेश्वर भी अध्ययन के लिए अपनी माँ के साथ वाराणसी चले गए। 1943 में उन्होंने वाराणसी के क्वींस कॉलेज से इन्टरमीडियट की परीक्षा उत्तीर्ण की। सन 1944-45 में आर्थिक विपन्नता और बहन की शादी हेतु पैसा एकत्र करने हेतु सर्वेश्वर ने पढ़ाई छोड़ दी।

# विशेष सत्र का तोहफा :नारी शक्ति वंदन कानून

**दैनिक समाज जागरण**

नवदुगा उत्स्व के पहले ही संसद का विशेष सत्र देश की महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण का कानून बनाने के साथ समाप्त हो गया। ये विशेष सत्र का तोहफा है देश की महिलाओं के लिए। ये सरकारी तोहफा नहीं बल्कि देश कि और से दिया गया तोहफा है । अब बारी है राजनीतिक दलों की और से महिलाओं के सामने इस झुनझुने को बजाने की। जो जितनी जोर से ये झुनझुना बजायेगा ,वो उतना ज्यादा महिलाओं का समर्थन हासिल करेगा। दरअसल इस कानून का श्रेय अकेले सत्तारूढ़ दल नहीं ले सकता ,क्योंकि ये कानून संसद की आम राय से यानि सर्व सम्मति से बना है। देश में अदावत की राजनीति के इस युग में सर्व्सम्मत्ति निश्चित ही एक बड़ी उपलब्धि है। ये कानून उस नारियल को फोड़ने जैसा है जिसे चार महाबली सरकारों ने तोड़ने के लिए 11 वार किये तब कहीं इसमें से मृदुजल निकला।

सत्तारूढ़ भाजपा ने अपनी खिसकती जमीन बचने के लिए जितने भी मिसाइल छोड़े वे एक के बाद एक फुस्स होते गए। यहां तक की सनातन पर हमला और जी-२० की कथित सफलता भी काम नहीं आई ,क्योंकि ये दोनों मुद्दे जनता के गले से नीचे उतरे ही नहीं। ऐसे में हारकर सरकार और सरकारी पार्टी को संसद का विशेष सत्र आहूत कर महिला आरक्षण विधेयक को देश के सामने लाना पड़ा । सरकार विधेयक में नया कुछ जोड़ नहीं सकी इसलिए इस विधेयक का नाम ही बदल दिया गय। लेकिन नाम बदलने से मकसद तो नहीं बदलता। सरकार का दांव था की चुनावी मौसम में विपक्ष इस विधेयक को लेकर उलझ जाएगा ,किन्तु ऐसा हुआ नही। ये नारी शक्ति वंदन विधयेक विपक्ष के गले की फांस नहीं बन पाया। कांग्रेस ने तो विशेष सत्र शुरू होने से पहले ही सरकार को पात्र लिखकर इस विधेयक को लाने कीमांग रख दी थी । खुद कांग्रेस की श्रीमती सोनिया गांधी ने प्रधानमंत्री जी को इस बाब्द पात्र लिखा था।

अब जब एक विकलांग विधेयक संसद में पारित हो गया है तो सरकार और सरकारी पार्टी के हाथ से इसका श्रेय भी जाता रहा । अब इस विधेयक को कानून बनाने का श्रेय सभी दलों को देना होगा ,यदि नहीं दिया जाएगा तो सरकार की बेईमानी जनता के सामने आ जाएगी। जहाँ तक सवाल सरकारी पार्टी की ईमानदारी का है तो इस बारे में मुझे कुछ कहना नहीं है ,क्योंकि देश इस बात को लेकर पूरी तरह वाकिफ है। सरकार ने पिछले ९ साल में किस तरह से अपनी ईमानदारी का प्रदर्शन किया है वो किसी से छिपा नहीं है सरकार ने जनता से इस कालखंड में जो कहा सो किया नहीं और जो नहीं कहा वो सब किया। अच्छे दिनों की बात का उल्हाना देना भी अब जनता ने छोड़ दिया है ,क्योंकि सरकार के कान पर जून ही नहीं रेंगती ।

सरकार और सरकारी पार्टी के लिए ये मौका है कि वो इस कथित उपलब्धि के लिए नेहरू -गांधी खानदान के सदस्यों की ही तरह बेशर्मी का प्रदर्शन करते हुए माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के गले में ' भारत - रत्न ' का तमगा भी डाल ही दे । पता नहीं फिर ये मौका हाथ में आये या न आये । हालाँकि सरकारी पार्टी भाजपा का ख्वाब 2047 तक देश की सत्ता में रहने का है। ख्वाब देखना कोई अपराध नहीं है । भाजपा को इस मामले में हमारी हार्दिक शुभकामनाएं है। कांग्रेस ने भी शायद ऐसा ही कोई ख्वाब संजोया होगा ,लेकिन उसका ख्वाब भी एक अरसे बाद टूटा। ख्वाब वैसे भी टूटने के लिए होते है। बहुत कम ख्वाब ऐसे होते हैं जो साकार हो पाते हैं।

नारी शक्ति वंदन विधेयक को तो पारित होना ही था ,लेकिन अब असली अग्निपरीक्षा सभी राजनितिक दलों की है कि वे कानून लागू होने की प्रतीक्षा किये बिना पांच राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनावों के साथ ही अगले आम चुनाव में बिना किसी कानूनी प्रावधान के ही 33 फीसदी महिलाओं को अपना उम्मीदवार बनाकर दिखाएँ । कानून को अमल में आने के लिए परिसीमन और जनगणना का इन्तजार क्या करना ? अब बारी राजनितिक दलों में काम करने वाली महिलाओं की भी है कि वे अपने-अपने दल से अपना-अपना हिस्सा मांगें और जो आनाकानी करे उसकी ' कान-कुच्ची ' कर डालें। अन्यथा थोथा चना घना बजेगा ही।

आजादी के अमृतकाल में सियासत यदि देश जुमलेबाजी से मुक्ति के खिलाफ भी संघर्ष का श्रीगणेश कर ले तो बेहतर है । इसके लिए संसद का विशेष सत्र बुलाने की भी जरूरत नहीं ह। सब जानते हैं कि जुमलेबाजी ने इस देश का बहुत नुक्सान किया है।देश रोज नए कानून बनाता,बिगाड़ता है इसलिए ये मौका है कि एक ऐसा कानून भी बनाया जाये जिसमें ' जुमलेबाजी ' को गैर जमानती और जघन्य अपराध घोषित कर इसकी सजा आजन्म चुनाव लड़ने पर प्रतिबंध और जुमार्ना दोनों हों। राजनीति से जिस दिन जुमलेबाजी का खात्मा हो जाएगा आप तय मानिये देश की राजनीती ही नहीं देश की तस्वीर भी बदल जाएगी।

देश का दुर्भाग्य है कि देश के नेता न जनार्दन से डरते हैं और न जनता - जनार्दन से। नेताओं को किसी से डर लगता ही नहीं है । इतने निडर नेता मैंने दुनिया भर में नहीं देखे । लोग भगवान से न डरें ,जनता से न डरें लेकिन कम से कम अपने जमीर यानि अंतरात्मा से तो भय खाएं,किन्तु इनके भीतर अब आत्मा भी नहीं है जो इन्हें डरा सके। देश को इस तरह के आत्माविहीन ,निर्दयी नेताओं से मुक्ति चाहिए। देश की नयी पीढ़ी और अब आधे आबादी यानि देश की महिलाओं का दायित्व है कि वे ऐसे निर्मम नेताओं को चिन्हित करें और उन्हें राजनीति से बाहर का दरवाजा दिखाएं। नारी शक्ति वंदन विधेयक के संसद में पारित होने से होंसे -फूले फिर रहे नेताओं से किसी ने ये नहीं पूछा कि इस कानून के बाद भी क्या देश की गरीब महिलायें देश की बेहद मंहगी हो चुकी चुनाव प्रक्रिया में हिस्सेदारी कर पाएंगी ? या ये कानून भी खानदानो की महिलाओं के लिए संसद की सीढ़ी बनकर रह जाएगा । नारी शक्ति वंदन कानून पर अमल के लिए ये भी आवश्यक है कि चुनावों का खर्च बांधा जाये ताकि एक आम अहिला भी इस प्रक्रिया में भाग ले सकें। अन्यथा वो ही कहावत चरितार्थ हो जाएगी कि -' हाथ न मुठी-खुरखुरा उठी । नारी शक्ति की वंदना के लिए कानून बनाने के साथ ही संसद का आंगन सीधा कीजिये ताकि लोकतंत्र की राधा वहां जमकर नाच सके ,झूम सके। देश की महिलाओं को एक बार फिर से बधाइयाँ और शुभकामनाएं

**@ राकेश अचल**

# रामधारी सिंह 'दिनकर'

रामधारी सिंह 'दिनकर' (जन्मः 23 सितंबर, 1908, बिहार; मृत्युः 24 अप्रैल, 1974, तमिलनाडु) हिन्दी के प्रसिद्ध लेखक, कवि एवं निबंधकार थे। 'राष्ट्रकवि दिनकर' आधुनिक युग के श्रेष्ठ वीर रस के कवि के रूप में स्थापित हैं। उनको राष्ट्रीय भावनाओं से ओतप्रोत, क्रांतिपूर्ण संघर्ष की प्रेरणा देने वाली ओजस्वी कविताओं के कारण असीम लोकप्रियता मिली। दिनकर जी ने इतिहास, दर्शनशास्त्र और राजनीति विज्ञान की पढ़ाई पटना विश्वविद्यालय से की। साहित्य के रूप में उन्होंने संस्कृत, बांग्ला, अंग्रेजी और उर्दू का गहन अध्ययन किया था।



**जीवन परिचय**

हिन्दी के सुविख्यात कवि रामधारी सिंह दिनकर का जन्म 23 सितंबर 1908 ई. में सिमरिया, मुंगेर (बिहार) में एक सामान्य किसान 'रवि सिंह' तथा उनकी पत्नी 'मनरूप देवी' के पुत्र के रूप में हुआ था।[1] रामधारी सिंह दिनकर एक ओजस्वी राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत कवि के रूप में जाने जाते थे। उनकी कविताओं में छायावादी युग का प्रभाव होने के कारण श्रृंगार के भी प्रमाण मिलते हैं।[2] दिनकर के पिता एक साधारण किसान थे। दिनकर दो वर्ष के थे, जब उनके पिता का देहावसान हो गया। परिणामतः दिनकर और उनके भाई-बहनों का पालन-पोषण उनकी विधवा माता ने किया। दिनकर का बचपन और कैशोर्य देहात में बीता, जहाँ दूर तक फैले खेतों की हरियाली, बांसों के झुरमुट, आमों के बगीचे और कांस के विस्तार थे। प्रकृति की इस सुषमा का प्रभाव दिनकर के मन में बस गया, पर शायद इसीलिए वास्तविक जीवन की कठोरताओं का भी अधिक गहरा प्रभाव पड़ा।

**शिक्षा**

संस्कृत के एक पंडित के पास अपनी प्रारंभिक शिक्षा प्रारंभ करते हुए दिनकर जी ने गाँव के 'प्राथमिक विद्यालय' से प्राथमिक शिक्षा प्राप्त की एवं निकटवर्ती बोरो नामक ग्राम में 'राष्ट्रीय मिडिल स्कूल' जो सरकारी शिक्षा व्यवस्था के विरोध में खोला गया था, में प्रवेश प्राप्त किया। यहीं से इनके मनोमस्तिष्क में राष्ट्रीयता की भावना का विकास होने लगा था। हाई स्कूल की शिक्षा इन्होंने 'मोकामाघाट हाई स्कूल' से प्राप्त की। इसी बीच इनका विवाह भी हो चुका था तथा ये एक पुत्र के पिता भी बन चुके थे।[1] 1928 में मैट्रिक के बाद दिनकर ने पटना विश्वविद्यालय से 1932 में इतिहास में बी. ए. ऑनर्स किया।

**रामधारी सिंह 'दिनकर'**

पटना विश्वविद्यालय से बी. ए. ऑनर्स करने के बाद अगले ही वर्ष एक स्कूल में यह 'प्रधानाध्यापक' नियुक्त हुए, पर 1934 में बिहार सरकार के अधीन इन्होंने 'सब-रजिस्ट्रार' का पद स्वीकार कर लिया। लगभग नौ वर्षों तक वह इस पद पर रहे और उनका समूचा कार्यकाल बिहार के देहातों में बीता तथा जीवन का जो पीड़ित रूप उन्होंने बचपन से देखा था, उसका और तीखा रूप उनके मन को मथ गया।

**कार्यक्षेत्र**

1947 में देश स्वाधीन हुआ और वह बिहार विश्वविद्यालय में हिन्दी के 'प्राध्यापक व विभागाध्यक्ष' नियुक्त होकर मुजफ़्फ़रपुर पहुँचे। 1952 में जब भारत की प्रथम संसद का निर्माण हुआ, तो उन्हें राज्यसभा का सदस्य चुना गया और वह दिल्ली आ गए। दिनकर 12 वर्ष तक संसद-सदस्य रहे, बाद में उन्हें सन 1964 से 1965 ई. तक 'भागलपुर विश्वविद्यालय' का कुलपति नियुक्त किया गया। लेकिन अगले ही वर्ष भारत सरकार ने उन्हें 1965 से 1971 ई. तक अपना 'हिन्दी सलाहकार' नियुक्त किया और वह फिर दिल्ली लौट आए। फिर तो ज्वार उमरा और रेणुका, हुंकार, रसवंती और द्वंदगीत रचे गए। रेणुका और हुंकार की कुछ रचनाऐं यहाँ-वहाँ प्रकाश में आईं और अंग्रेज प्रशासकों को समझते देर न लगी कि वे एक गलत आदमी को अपने तंत्र का अंग बना बैठे हैं और दिनकर की फाइल तैयार होने लगी, बात-बात पर कैफि यत तलब होती और चेतावनियाँ मिला करतीं। 4 वर्ष में 22 बार उनका तबादला किया गया।

**विशिष्ट महत्त्व**

दिनकर जी की प्रायः 50 कृतियाँ प्रकाशित हुई हैं। हिन्दी काव्य छायावाद का प्रतिलोम है, यह कहना तो शायद उचित नहीं होगा पर इसमें सन्देह नहीं कि हिन्दी काव्य जगत पर छाये छायावादी कुहासे को काटने वाली शक्तियों में दिनकर की प्रवाहमयी, ओजस्विनी कविता के स्थान का विशिष्ट महत्त्व है। दिनकर छायावादोत्तर काल के कवि हैं, अतः छायावाद की उपलब्धियाँ उन्हें विरासत में मिलीं पर उनके काव्योत्कर्ष का काल छायावाद की रंगभरी सन्ध्या का समय था।

द्विवेदी युगीन स्पष्टता

कविता के भाव छायावाद के उत्तरकाल के निष्प्रभ शोभादीपों से सजे-सजाये कक्ष से ऊब चुके थे, बाहर की मुक्त वायु और प्राकृतिक प्रकाश और चाहतेताप का संस्पर्श थे। वे छायावाद के कल्पनाजन्य निर्विकार मानव के खोखलेपन से परिचित हो चुके थे, उस पार की दुनिया के अलभ्य सौन्दर्य का यथेष्ट स्वप्न दर्शन कर चुके थे, चमचमाते प्रदेश में संवेदना की मरीचिका के पीछे दौड़ते थक चुके थे, उस लाक्षणिक और अस्वाभिक भाषा शैली से उनका जी भर चुका था, जो उन्हें बार-बार अर्थ की गहराइयों की झलक सी दिखाकर छल चुकी थी। उन्हें अपेक्षा थी भाषा में द्विवेदी युगीन स्पष्टता की, पर उसकी शुष्कता की नहीं, व्यक्ति और परिवेश के वास्तविक संस्पर्श की, सहजता और शक्ति की। 'बच्चन' की कविता में उन्हें व्यक्ति का संस्पर्श मिला, दिनकर के काव्य में उन्हें जीवन समाज और परिचित परिवेश का संस्पर्श मिला। दिनकर का समाज व्यक्तियों का समूह था, केवल एक राजनीतिक तथ्य नहीं था।

**द्विवेदी युग और छायावाद**

आरम्भ में दिनकर ने छायावादी रंग में कुछ कविताएँ लिखीं, पर जैसे-जैसे वे अपने स्वर से स्वयं परिचित होते गये, अपनी काव्यानुभूति पर ही अपनी कविता को आधारित करने का आत्म विश्वास उनमें बढ़ता गया, वैसे ही वैसे उनकी कविता छायावाद के प्रभाव से मुक्ति पाती गयी पर छायावाद से उन्हें जो कुछ विरासत में मिला था, जिसे वे मनोनुकूल पाकर अपना चुके थे, वह तो उनका हो ही गया।

फणीश्वरनाथ रेणु (सबसे बाएँ) के साथ रामधारी सिंह 'दिनकर' (बोलते हुए)

उनकी काव्यधारा जिन दो कुलों के बीच में प्रवाहित हुई, उनमें से एक छायावाद था। भूमि का ढलान दूसरे कुल की ओर था, पर धारा को आगे बढ़ाने में दोनों का अस्तित्व अपेक्षित और अनिवार्य था। दिनकर अपने को द्विवेदी युगीन और छायावादी काव्य पद्धतियों का वारिस मानते थे। उन्हीं के शब्दों में "पन्त के सपने हमारे हाथ में आकर उतने वायवीय नहीं रहे, जितने कि वे छायावाद काल में थे," किन्तु द्विवेदी युगीन अभिव्यक्ति की शुभ्रता हम लोगों के पास आते-जाते कुछ रंगीन अवश्य हो गयी। अभिव्यक्ति की स्वच्छन्दता की नयी विरासत हमें आप से आप प्राप्त हो गयी।

**आत्म परीक्षण**

दिनकर ने अपने कृतित्व के विषय में एकाधिक स्थानों पर विचार किया है। सम्भवतः हिन्दी का कोई कवि अपने ही कवि कर्म के विषय में दिनकर से अधिक चिन्तन व आलोचना न करता होगा। वह दिनकर की आत्मरति का नहीं, अपने कवि कर्म के प्रति उनके दायित्व के बोध का प्रमाण है कि वे समय-समय पर इस प्रकार आत्म परीक्षण करते रहे। इसी कारण अधिकतर अपने बारे में जो कहते थे, वह सही होता था। उनकी कविता प्रायः छायावाद की अपेक्षा द्विवेदी युगीन स्पष्टता, प्रसाद गुण के प्रति आस्था और मोह, अतीत के प्रति आदर प्रदर्शन की प्रवृत्ति, अनेक बिन्दुओं पर दिनकर की कविता द्विवेदी युगीन काव्यधारा का आधुनिक ओजस्वी, प्रगतिशील संस्करण जान पड़ती है। उनका स्वर भले ही सर्वदा, सर्वथा 'हुंकार' न बन पाता हो, 'गुंजन' तो कभी भी नहीं बनता।

**सामाजिक चेतना के चारण**

वे अहिन्दीभाषी जनता में भी बहुत लोकप्रिय थे क्योंकि उनका हिन्दी प्रेम दूसरों की अपनी मातृभाषा के प्रति श्रद्धा और प्रेम का विरोधी नहीं, बल्कि प्रेरक था। -हजारी प्रसाद द्विवेदी

दिनकर जी ने श्रमसाध्य जीवन जिया। उनकी साहित्य साधना अपूर्व थी। कुछ समय पहले मुझे एक सज्जन ने कलकत्ता से पत्र लिखा कि दिनकर को ज्ञानपीठ पुरस्कार मिलना कितना उपयुक्त है ? मैंने उन्हें उत्तर में लिखा था कि यदि चार ज्ञानपीठ पुरस्कार उन्हें मिलते, तो उनका सम्मान होता- गद्य, पद्य, भाषणों और हिन्दी प्रचार के लिए। -हरिवंशराय बच्चन

उनकी राष्ट्रीयता चेतना और व्यापकता संस्कृतिक दृष्टि, उनकी वाणी का ओज और काव्यभाषा के तत्त्वों पर बल, उनका सात्त्विक मूल्यों का आग्रह उन्हें पारम्परिक रीति से जोड़े रखता है। -अज्ञेय

हमारे क्रान्ति-युग का सम्पूर्ण प्रतिनिधित्व कविता में इस समय दिनकर कर रहा है। क्रान्तिवादी को जिन-जिन हृदय-मंथनों से गुजरना होता है,

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# भारतीय खाद्य निगम मना रहा छठां राष्ट्रीय पोषण माह

**समाज जागरण**

संवाददाता समर्थ कुमार सक्सेना

लखनऊ । भारतीय खाद्य निगम क्षेत्रीय कार्यालय लखनऊ में छठां राष्ट्रीय पोषण माह दिनांक 01.09.2020 से 30 सितम्बर 2023 तक मनाया जा रहा है इस बार राष्ट्रीय पोषण माह का थीम सुपोषित भारत, साक्षर भारत, सशक्त भारत एक स्वस्थ और मजबूत देश के निर्माण में पोषण, शिक्षा और सशक्तिकरण के महत्व पर जोर देता है भारतीय खाद्य निगम क्षेत्रीय कार्यालय लखनऊ तथा सभी अधीनस्थ मंडल कार्यालयों में इस बार विभिन्न गतिविधियों के द्वारा पोषण से सम्बंधित जागरूकता पर विशेष बल दिया जा रहा है साल 2023 अंतर्राष्ट्रीय मिलेट वर्ष के रूप में भी मनाया जा रहा है इसलिए पोषण माह के दौरान मिलेट से बने व्यंजनों का प्रदर्शन करते हुए उनकी पोषक महत्ता के बारे में जागरूकता




हेतु प्रचार प्रसार किया जा रहा है।भारतीय खाद्य निगम के हितधारकों की शिकायतों के लिए भारतीय खाद्य निगम मुख्यालय में एक टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 18003090134 प्रारंभ किया जा चुका है भारतीय खाद्य निगम के हितधारक जिन्हें किसी भी तरह की शिकायत है वह सभी कार्य दिवसों पर सुबह 10 बजे से शाम 06 बजे के बीच उपरोक्त टोल फ्री नंबर पर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। इसके लिए हितधारकों को अपनी पहचान के साथ कॉन्टैक्ट नंबर तथा ईमेल आई डी अनिवार्य रूप से उपलब्ध करानी होगी हितधारकों को उनके द्वारा की गयी शिकायत के लिए लिए एक यूनिक नंबर प्रदान दिया जाएगा तथा शिकायत का परिणाम उनके द्वारा दिए गए ईमेल आई डी पर सूचित किया जाएगा एफसीआई, मुख्यालय के अधिकारी/कर्मचारी और हितधारकों के बीच सारी बातचीत को रिकॉर्ड किया जाएगा केंद्र सरकार द्वारा देश में खाद्यान्न की बढती कीमतों पर नियंत्रण के लिएह्रखुला बाजार बिक्री योजना(घरेलू)ह्न के तहत खाद्यान्न की बिक्री के निर्णय के अंतर्गत भारतीय खाद्य निगम,उत्तर प्रदेश ने पिछली 13 ई-नीलामी के माध्यम से कुल 3,51,100मी. टन गेहूं एवं 12 ई-नीलामी के माध्यम से 2,33,040 मी. टन चावल की पेशकश की है जिसमे से 2837 बोलीदाताओं को कुल 2,70,180 मी. टन गेहूं की बिक्री की गयी है आगामी ई-नीलामी दिनांक 27.09.2023 को प्रस्तावित है जिसमे 27000 मी. टन गेहूं तथा 10000 मी. टन चावल की पेशकश की जाएगी एवं उसके लिए टेंडर दिनांक 22.09.2023 को एम जंक्शन पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा

# अपोलोमेडिक्स के डॉक्टरों ने नेपाल से आए बच्चे के शरीर में भोजन नली का निर्माण कर दिया नया जीवन

संवाददाता समर्थ कुमार सक्सेना

लखनऊ अपोलोगेडियम हॉस्पिटल लखनऊ के पीडियाट्रिक सर्जरी डिपार्टमेंट के डॉक्टरों ने एक बेहद चुनौतीपूर्ण और जटिल सर्जरी को अंजाम देते हुए 8 महीने के एक बच्चे की पूरी भोजन नली का निर्माण किया है। बच्चा नेपाल का रहने वाला है और जन्म से ही उसके शरीर में भोजन नली का निर्माण नहीं हुआ था।लगभग छह घंटे लंबे चले ऑपरेशन में डॉक्टरों ने भोजन नली का निर्माण करने के लिए उसके पेट का उपयोग किया। यह भोजन नली बच्चे के उम्र के साथ बढ़ती जाएगी। लड़का (नाम) नेपाल का मूल निवासी है और जन्म के तुरंत बाद उसे मेडिक्स लखनऊ के डॉक्टरों के पास भेजा गया था।डॉक्टरों ने बताया कि बच्चे को सांस लेने में दिक्कत हो रही थी और उसका रंग नीला पड़ गया था। बच्चे की माँ ने उसे भी दूध पिलाया वह भोजन नली के अभाव में मुंह और नाक से बाहर आ गया था। चिकित्सीय भाषा में, इस स्थिति को प्योर एसोफेजियल एसिया" कहा जाता है।पीडियाट्रिक सर्जरी डिपार्टमेंट के सीनियर कंसल्टेंट डॉ दीपक कांडपाल के नेतृत्व में विशेषज्ञों की एक टीम ने चरणबद्ध सर्जरी की। पहले चरण में, बच्चे को दूध पिलाने के लिए सीधे पेट में एक ट्यूब लगाई गई और लार निकालने के लिए गर्दन



में एक छेद बनाया गया।जब (नाम) की मां ने उसे पहली बार दूध पिलाने की कोशिश की थी तो बच्चा उसे निगल नहीं सका। प्रारंभिक जांच से पता चला कि बच्चे का जन्म बिना भोजन नली के पैदा हुआ था।आमतौर पर, प्रत्येक 3,500 शिशुओं में से एक को भोजन नली में समस्या होती है। लेकिन यह एक बेहद गंभीर मामला या क्योंकि पूरी भोजन नली जन्म से ही मौजूद नहीं थी। इसलिए, डॉक्टरों को एक नई भोजन नली का निर्माण गर्दन से लेकर पेट तक करना पड़ा।बच्चे का दूसरा ऑपरेशन किया गया, जिसे गैस्ट्रिक ट्रांसपोज़िशन कहा जाता है। बच्चे की उम्र जब आठ महीने की हो गई और उसका वजन जब बढ गया तो इस ऑपरेशन को हाल ही में अस्पताल में किया गया था।पीडियाट्रिक सर्जरी डिपार्टमेंट मेडिक्स अस्पताल लखनऊ के सीनियर कंसल्टेंट डॉ. दीपक कांडपाल ने बताया इस ऑपरेशन में हमारी टीम ने गर्दन से लेकर पेट तक भोजन नली का निर्माण किया। अब बच्चा मुंह से दूध पी सकता है और स्वस्थ है। बच्चे को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। मरीज सर्जरी के बाद बारह दिनों तक अस्पताल में भर्ती रहा। इस दौरान उसे डॉक्टरों की निगरानी में आईसीयू में वेंटिलेटर पर भी रखा गया था। आठवें दिन भोजन नली में किसी संभावित रिसाव का पता लगाने के लिए उसे रंगीन दवा भी दी गई। इसके बाद नौवें दिन, उसे पहली बार मुंह के माध्यम से खाना खिलाया गया।अपोलोमेडिक्स लखनऊ के सीईओ और एमडी डॉ. मयंक सोमानी ने कहा, "यह एक साल से भी कम समय मे अपोलोमेडिक्स लखनऊ के डॉक्टरों द्वारा सफलतापूर्वक किया गया दूसरा ऐसा गंभीर मामला है। इससे पहले डॉक्टर ने प्रयागराज के एक मरीज का इलाज किया था जिसकी भोजन नली का निर्माण भी सर्जरी द्वारा किया गया था।

# श्री संजय सिंह-1 सदस्य सचिव, उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ द्वारा जिला कारागार गौतमबुद्धनगर का किया गया निरीक्षण।

श्री संजय सिंह-1 सदस्य सचिव, उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ द्वारा जिला कारागार गौतमबुद्धनगर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विशेषतः निरूद्ध बंदियों को उपलब्ध कराई जा रही खाद्य सामग्री, कारागार अस्पताल में उपलब्ध कराया जा रहा बंदियों को उपचार तथा जिला कारागार में संचालित कौशल विकास के माध्यम से बंदियों को सिखायें जा रहे विभिन्न परियोजनाओं के अन्तर्गत कार्य तथा जिला कारागार में संचालित विधिक सहायता केन्द्रों के माध्यम से बंदियों को उपलब्ध कराई जा रही विधिक सेवाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई।

निरीक्षण के दौरान सर्वप्रथम जिला कारागार में स्थित अनाज गोदाम का निरीक्षण किया गया जिसमें राजमा, दाल, चावल व सब्जी आदि की गुणवत्ता बढाने जाने पर निर्देशित किया गया ताकि अच्छी गुणवत्ता वाली खाद्य सामग्री बंदियों को प्रस्तुत की जा सके।

जिला कारागार गौतमबुद्धनगर में संचालित अस्पताल में उपचार करा रहे बंदियों के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई तथा उपचार हेतु उपलब्ध कराई जा रही दवाओं की जानकारी ली गई तथा निर्देशित किया गया कि ऐसे बंदी जिन्हें उपचार के लिये अन्य जनपद में ले जाने की आवश्यकता हो ऐसे बंदियों का विवरण सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गौतमबुद्धनगर के माध्यम से उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ को प्रेषित कर सकते हैं।

निरीक्षण के दौरान पाकशाला का अवलोकन किया जिसमें बंदियों के दोपहर के भोजन हेतु दाल, सब्जी व रोटी आदि तैयार थी।



श्री संजय सिंह-1 सदस्य सचिव, उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ तथा श्रीमती ऋचा उपाध्याय, सचिव पूर्णकालिक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गौतमबुद्धनगर द्वारा बंदीगण के लिये बनायें हुये भोजन की गुणवत्ता स्वयं द्वारा भोजन खाकर जॉच की गई।

निरीक्षण के दौरान कौशल विकास के अन्तर्गत संचालित कार्यक्रम जैसे- सिलाई कडाई का कार्य करना, कम्प्यूटर प्रशिक्षण का कार्य, नारियल की छाल व धूपबत्ती की राख से मूर्ति निर्माण का कार्य इस के साथ ही अपशिष्ट पदार्थो से गमले व टोकरी आदि का निर्माण करना तथा लाईट के कार्य में झालर बनाना तथा लाईट से बने हुये शो-पीस आदि जिला कारागार में निरूद्ध बंदियों द्वारा निर्माण किया जा रहा हैं ताकि कारागार से रिहा होने के बाद समाज में मुख्यधारा से जुड सकें तथा अपना जीवनयापन ठीक प्रकार से कर सके। इस के अतिरिक्त जिला कारागार में बंदियों के लिये संगीतशाला, लाईब्रेरी आदि उपलब्ध है जहॉ बंदी अपने समय का सदुपयोग करते हुये अपनी स्वेच्छा से प्रशिक्षण कार्यों में प्रतिभाग कर सकता हैं।

श्री संजय सिंह-1 सदस्य सचिव, उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ द्वारा बंदियों के लिये संचालित कार्यो की सराहना की तथा बंदियों के लिये और अधिक सर्जनात्मक कार्यो को योजित करने हेतु निर्देशित किया गया। निरीक्षण के समय श्री संजय सिंह-1 सदस्य सचिव, उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के साथ श्रीमती ऋचा उपाध्याय, सचिव पूर्णकालिक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गौतमबुद्धनगर श्री अरूण प्रताप सिंह, अधीक्षक जिला कारागार गौतमबुद्धनगर, श्री शिव कुमार गौतम चिकित्सक जिला कारागार गौतमबुद्धनगर व जिला कारागार के अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहें।

# प्रधानमंत्री मोदी देंगे अपने संसदीय क्षेत्र को अटल आवासीय विद्यालय और शिवालय रूपी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम की सौगात

## पीएम शनिवार को वाराणसी से शिक्षा और खेल के लिए 1565 करोड़ के तोहफे देंगे

वाराणसी , 22 सितम्बर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को अपने संसदीय क्षेत्र में शिक्षा के मंदिर अटल आवासीय विद्यालय और शिवालय रूपी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम की सौगात देंगे। प्रधानमंत्री वाराणसी पहुंचकर प्रदेश के 16 अटल आवासीय विद्यालय का वर्चुअल उद्घाटन करेंगे और गंजारी में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम की आधारशिला रखने के साथ ही जनसभा को सम्बोधित करेंगे। इस मौके पर क्रिकेट के नामचीन खिलाड़ी भी मौजूद रहेंगे। पीएम वाराणसी में कुल 1565 करोड़ की सौगात देंगे। मोदी रुद्राक्ष कंवेंशन सेंटर में सांसद सांस्कृतिक महोत्सव में कलाकारों की प्रस्तुति देखकर उनको सम्मानित भी करेंगे और सांसद प्रतियोगिता काशी 2023 का पोर्टल लांच करेंगे। महिलाओं के आरक्षण के लिए लाए गए नारी शक्ति वंदन अधिनियम के लोक सभा और राज्यसभा से पारित होने बाद पहली बार अपने संसदीय क्षेत्र आ रहे प्रधानमंत्री का स्वागत नारी शक्ति करेंगी। पीएम सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय में करीब पांच हजार से अधिक महिलाओं से संवाद भी करेंगे। पीएम का दोपहर करीब 12:30 वाराणसी पहुंचना संभावित है मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पीएम की अगवानी के साथ सभी कार्यक्रमों में मौजूद रहेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार में सिर्फ अमीरों के बच्चे ही बोर्डिंग सरीखे स्कूलों में ही नहीं पढ़ेंगे बल्कि श्रमिकों के बच्चे भी बोर्डिंग स्कूलों में अच्छी शिक्षा ग्रहण करेंगे। प्रदेश के 16 मंडलों में 1115 करोड़ रुपये की लागत से बनाए गए अटल आवासीय विद्यालय का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वाराणसी से करेंगे। काशी क्षेत्र के अध्यक्ष दिलीप सिंह पटेल ने पत्रकार वार्ता में बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगभग 12:30 बजे वाराणसी एयरपोर्ट पहुंचेंगे वहां से वे सीधे राजातालाब गंजारी पहुंचकर 450 करोड़ रुपये की लागत से 30 एकड़ में बनने वाले अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम की आधारशिला रखेंगे। इस दौरान 1983 क्रिकेट विश्वकप के विजेता खिलाड़ियों और अन्य नामचीन क्रिकेट के खिलाड़ी भी मौजूद रहेंगे। लगभग 30 हजार क्षमता वाले स्टेडियम की वास्तुशैली काशी और सनातन धर्म के अनुकूल होगी जिसमे भगवान शिव की महिमा दिखेगी।

> पीएम वाराणसी से प्रदेश के निर्माण श्रमिकों और कोरोना काल में निराश्रित हुए बच्चों के लिए बने 16 अटल आवासीय विद्यालय का वर्चुअल उद्घाटन करेंगे
>
> गंजारी में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम की आधारशिला रखने के साथ ही जनसभा को भी सम्बोधित करेंगे
>
> इस मौके पर 83 क्रिकेट विश्वकप के विजेता और अन्य क्रिकेट खिलाड़ी भी मौजूद रहेंगे

# 275 करोड़ रुपए से उत्तर प्रदेश की सड़कों को गड्ढा मुक्त बना रही योगी सरकार

> **-सीएम योगी की मंशा के अनुरूप, लोकनिर्माण विभाग द्वारा इस वर्ष गड्ढा मुक्ति व रिपेयर वर्क के लिए अब तक 275 करोड़ रुपए की धनराशि की जा चुकी है जिलों को आवंटित, सभी जिलों में जारी है सड़क सुदृढ़ीकरण की प्रक्रिया**
>
> **-प्रदेश में 10 विभागों के आधीन आने वाली सड़कों का हुआ व्यापक कायाकल्प, वर्ष 2022-23 में 100 प्रतिशत गड्ढा मुक्ति का लक्ष्य हुआ प्राप्त**
>
> **-93 प्रतिशत सड़कों के रीस्टोरेशन कार्यों को भी प्रदेश में किया गया पूर्ण, बाकी 7 प्रतिशत पर भी जारी है कार्य**

लखनऊ, 22 सितंबर। उत्तर प्रदेश में बुनियादी सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए प्रतिबद्ध योगी सरकार प्रदेश की व्यापक कायाकल्प की दिशा में लगातार प्रयास कर रही है। इसी का नतीजा है कि चाहें बात औद्योगिक विकास की हो या फिर मूलभूत अवसंरचनाओं के निर्माण व पुनरुद्धार की हो, सभी क्षेत्रों में योगी सरकार की विस्तृत कार्ययोजना रंग लाने लगी है। इसी बात का प्रमाण सड़क सौंदर्यीकरण, गड्ढामुक्ति व मार्गों के रीस्टोरेशन प्रक्रिया को लेकर भी देखा जा सकता है। लोकनिर्माण विभाग के आंकड़ों के अनुसार, प्रदेश में वर्ष 2022-23 के बीच गड्ढा मुक्ति के लक्ष्यों को हासिल करने में 100 प्रतिशत सफलता मिली है, वहीं रीस्टोरेशन कार्यों को 93 प्रतिशत तक पूर्ण किया जा चुका है। बाकी के 7 प्रतिशत कार्यों को भी पूर्ण करने की ओर तेजी से प्रयास किए जा रहे हैं। सीएम योगी की हमेशा से परिकल्पना गड्ढा मुक्त उत्तर प्रदेश की रही है और इसी परिकल्पना को पूर्ण करने के लिए लोकनिर्माण विभाग द्वारा इस वर्ष अब तक 275 रुपए प्रदेश के सभी जिलों को निर्धारित मार्ग सुदृढ़ीकरण के लक्ष्यों को पूरा करने के लिए आवंटित किया जा चुका है। इन पर भी तेजी से कार्य जारी है और योगी सरकार द्वारा लगातार इस संबंध में मॉनिटरिंग भी की जा रही है।

### 10 विभागों के संयोजन से लक्ष्यों को किया जा रहा पूरा

लोकनिर्माण विभाग के आंकड़ों के अनुसार, प्रदेश में कुल 10 विभागों के अंतर्गत 100867 मार्गों के गड्ढा मुक्ति के लक्ष्य को प्राप्त किया। वर्ष 2022-23 के आंकड़ों के अनुसार, इस दिशा में 100 प्रतिशत सफलता प्राप्त की गई है। वहीं, मार्गों के रीस्टोरेशन वर्क्स को पूर्ण करने के लिए 98355 सड़कों के रीस्टोरेशन कार्यों को पूर्ण कर लिया गया है। इस प्रकार, कुल 93 प्रतिशत कार्यों को वर्ष 2022-23 के बीच पूर्ण कर लिया गया है। बाकी के 7 प्रतिशत कार्यों को भी पूर्ण करने के लिए लोकनिर्माण विभाग द्वारा सतत प्रक्रिया जारी है और सभी कार्यों की सिलसिलेवार समीक्षा और मॉनिटरिंग की जा रही है। जिन विभागों के संयोजन से इन कार्यों को पूर्ण किया जा रहा है उनमें लोकनिर्माण विभाग के अतिरिक्त नेशनल हाइवे (पीडब्ल्यूडी), नेशनल हाइवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई-वेस्ट यूपी), एनएचएआई (ईस्ट यूपी), मंडी परिषद विभाग, पंचायती राज विभाग, सिंचाई विभाग, ग्राम्य विकास विभाग (यूपीआरआरडीए), नगर विकास विभाग, गन्ना विभाग, आवास एवं शहरी नियोजन विभाग तथा अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग प्रमुख हैं।

### रीस्टोरेशन व पैचवर्क कार्यों की रेगुलर मॉनिटरिंग का फ्रेमवर्क तैयार

उल्लेखनीय है कि प्रदेश में मार्गों के नवीनीकरण की प्रक्रिया के अनुसार समयसीमा निर्धारित की गई है। इसके अनुसार, राज्य मार्ग के लिए 4 वर्ष, प्रमुख जिला मार्ग के लिए 4 वर्ष, अन्य जिला मार्ग के लिए 5 वर्ष व ग्रामीण मार्गों के नवीनीकरण के लिए 8 वर्ष की समयसीमा निर्धारित की गई है। इसके अंतर्गत आने वाली सड़कों के रीस्टोरेशन, पैचवर्क और सौंदर्यीकरण योजनाओं से संबंधित समस्याओं के निस्तारण, बजट आवंटन व तकनीकी गुणवत्ता निर्धारण समीक्षा समेत अन्य पहलुओं के निर्धारण समेत टेंडरिंग व रेगुलर मॉनिटरिंग के व्यवस्थित फ्रेमवर्क को तैयार कर लिया गया है। जिले, जोन व विभागीय निदेशालय स्तर पर नियमित मीटिंग्स के जरिए सभी संबंधित परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति मूल्यांकन पर जोर दिया जा रहा है।

# फुल पैंट शर्ट पहनकर आएंगे परिषदीय विद्यालयों के छात्र

**समाज जागरण**

लखनऊ, 22 सितंबर। बच्चों को संचारी रोगों से बचाव के लिए योगी सरकार ने निर्देश दिए हैं कि परिषदीय विद्यालयों के छात्रों को फुल पैंट शर्ट में आने के लिए प्रोत्साहित किया जाए। विद्यालय प्रांगण में पानी का जमाव न होने दिया जाए। मच्छरों से संबंधित फागिंग कराई जाए। साथ ही नोडल अध्यापक के माध्यम से छात्रों को डेंगू, मलेरिया व चिकनगुनिया जैसी बीमारियों से बचाव के लिए जागरूक किया जाए। उल्लेखनीय है कि सीएम योगी के निर्देश पर बेसिक शिक्षा निदेशक डॉ. महेंद्र देव की ओर से सभी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारियों को पत्र जारी कर कहा गया है कि तीन अक्टूबर से शुरू हो रहे संचारी रोग नियंत्रण अभियान में बेसिक शिक्षा विभाग भी अपनी सक्रिय भूमिका निभाए। परिषदीय स्कूलों व निजी स्कूलों में संचारी रोगों के प्रति जागरूकता को लेकर गतिविधियां आयोजित कराई जाएं। पत्र में निर्देशों का कड़ाई से पालन किए जाने को भी कहा गया है।

### विद्यालय में उपलब्ध कराएं चिकित्सीय परीक्षण और उपचार

पत्र में कहा गया है कि परिषदीय विद्यालयों के छात्रों को निर्देश दिए जाएं कि वह विद्यालय फुल पैंट शर्ट पहनकर आएं, जिससे कि मच्छरों से फैलने वाली बीमारी जैसे डेंगू, मलेरिया इत्यादि से बचा जा सके। साथ ही ये भी निर्देश दिए गए हैं कि यदि विद्यालय में अत्यधिक संख्या में छात्र-छात्राएं बुखार से पीड़ित हों तो तत्काल पीएचसी को सूचित करते हुए डॉक्टर से चिकित्सीय परीक्षण एवं समुचित उपचार सुनिश्चित कराया जाए।

### विद्यालय और आसपास न हो जलभराव

संचारी रोग खासकर मलेरिया, डेंगू इत्यादि के नियंत्रण व रोकथाम के लिए आवश्यक है कि परिषदीय विद्यालयों के प्रांगण के साथ-साथ उसके आसपास की जगहों पर साफ-सफाई की पूर्ण व्यवस्था की जाए। चूंकि डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियां जलभराव के कारण होती हैं, इसलिए विद्यालय प्रांगण व आसपास कहीं भी जलभराव न हो इसका विशेष ध्यान रखा जाए। विद्यालय में गमलों, टायरों, बोलतों आदि में लगाए गए पौधों में भी पानी जमा न हो यह सुनिश्चित किया जाए। स्थानीय निकाय के पदाधिकारियों से समन्वय स्थापित कर विद्यालय में मच्छरों से संबंधित फागिंग कराई जाए।

प्रत्येक स्कूल में हो नोडल अध्यापक

प्रत्येक स्कूल में एक स्वास्थ्य नोडल अध्यापक तैनात किया जाए जो विद्यार्थियों को डेंगू, मलेरिया व चिकनगुनिया इत्यादि से बचाव के लिए जागरूक करे। स्वास्थ्य नोडल अध्यापक समय-समय पर स्वास्थ्य विभाग से समन्वय कर बीमारियों से बचाव के उपाय भी बताए। साथ ही विभिन्न कक्षाओं में शिक्षक वाट्सएप ग्रुप बनाकर अभिभावकों को उससे जोड़ें और समय-समय पर उन्हें जागरूक करने के लिए वीडियो भेजें। आनलाइन मीटिंग के माध्यम से भी उन्हें सतर्क करें।

> संचारी रोगों से बचाव के लिए योगी सरकार की ओर से सभी परिषदीय विद्यालयों को जारी किया गया निर्देश
>
> अत्यधिक बच्चों के बुखार आने पर विद्यालय में ही डॉक्टर को बुलाकर कराया जाए उपचार
>
> छात्रों को डेंगू, मलेरिया व चिकनगुनिया जैसी बीमारियों से बचाव के लिए किया जाए जागरूक
>
> 3 अक्टूबर से शुरू हो रहे संचारी रोग नियंत्रण अभियान में बेसिक शिक्षा विभाग भी निभाए सक्रिय भूमिका

# रफ्तार और रोमांच के इवेंट का हुआ आगाज, फाइनल रेस के साक्षी बन सकते हैं सीएम योगी

**समाज जागरण**

ग्रेटर नोएडा/लखनऊ, 22 सितंबर। रफ्तार और रोमांच के दीवानों का मनपसंद इवेंट मोटो जीपी का शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट पर आगाज हो गया। 22 से 24 सितंबर तक चलने वाले इस पहले मोटो जीपी भारत के तहत शुक्रवार को मोटो-3, मोटो-2 और मोटो जीपी के प्रैक्टिस सेशन की शुरूआत हुई। मुख्य रेस और उसके पहले क्वालीफाइंग रेस रविवार 24 सितंबर को आयोजित होगी। उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ भी इस फाइनल इवेंट के साक्षी बन सकते हैं। मोटो जीपी के लिए भारत आए 275 ब्रांड्स और कंपनियों के टॉप सीईओज के साथ बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट में बिजनेस कॉन्क्लेव में हिस्सा लेने के बाद सीएम भी रफ्तार से भरे इस रोमांचक इवेंट को निहार सकते हैं।

### विदेशी मेहमानों को बताई जाएगी यूपी की ग्रोथ स्टोरी

सीएम योगी 24 सितंबर को मोटो जीपी से जुड़े बड़े ब्रांड्स और कंपनियों के सीईओ और अधिकारियों से मुलाकात करेंगे। इन्वेस्ट यूपी के कॉन्क्लेव हॉल में होने वाली इस मीटिंग में सीएम योगी मुख्य वक्ता होंगे। वह विदेशी मेहमानों को उत्तर प्रदेश के बढ़ते कद, बेहतरीन इंफ्रास्ट्रक्चर, कनेक्टिविटी, उद्योगों के लिए सुरक्षित माहौल और सरकार की उदार नीतियों से परिचित कराएंगे। इस दौरान उत्तर प्रदेश की समृद्ध छवि पर एक इंट्रोडक्ट्री मूवी भी दिखाई जाएगी। सीएम योगी के साथ ही इंफ्रास्ट्रक्चर एंड इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट मिनिस्टर नंद गोपाल नंदी और इंफ्रास्ट्रक्चर एंड इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कमिश्नर मनोज कुमार सिंह भी उपस्थित रहेंगे। इस दौरान मोटो जीपी के सीईओ और सीसीओ भी संबोधन करेंगे। इस मीटिंग के बाद सीएम योगी कुछ देर के लिए रेस को भी देखेंगे।

दिग्गज कंपनियों के सीईओज आ रहे हैं यूपी

इस इवेंट में रेडबुल, शेल, बी-विन, बीएमडब्ल्यू, ओकले, मॉन्सटर, मोटुल, टिसॉट, रेपसॉल, पोलिनी, गो प्रो, हॉन्डा, मिशेलिन, एमेजॉन, डीएचएल व पेट्रोनॉस जैसी 275 दिग्गज कंपनियां किसी न किसी रूप में भाग ले रही हैं। इन कंपनियों के सीईओ व प्रतिनिधि भी इवेंट में शिरकत करने के लिए यूपी आ रहे हैं। मोटो जीपी की छवि एक ऐसे समृद्ध खेल की है, जिसे न सिर्फ बड़ी संख्या में फैंस का सपोर्ट है बल्कि दुनिया भर के बड़े ब्रांड्स भी इसे तवज्जो देते हैं। कुछ वर्षों में इस खेल ने होस्ट कंट्रीज की अर्थव्यवस्था में भी बड़ा योगदान दिया है। यह खेल टू व्हीलर्स इंडस्ट्री को रिप्रजेंट करता है और भारत व एशिया के अधिकांश हिस्सों में इसकी मजबूत स्थिति है। साथ ही मोटो जीपी ने खेल के माध्यम से रोड सेफ्टी और रोड टू मोटोजीपी कार्यक्रमों जैसे सोशल इनीशिएटिव्स से मोटरसाइकिल सेक्टर और उससे आगे के लिए सस्टेनेबल टेक्नोलॉजी डेवलप करने की दिशा में जो काम किया है वह सकारात्मक बदलाव लाया है।

मोटो जीपी भारत की सोशल मीडिया पर धूम

मोटो जीपी भारत को लेकर सिर्फ यूपी और देश में ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया में लोग चर्चा कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर लोग ग्रेटर नोएडा के बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट पहली बार हो रहे इस आयोजन को लेकर यूपी और भारत की तारीफ कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर लोग बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट और यहां के खूबसूरत ट्रैक को लेकर दीवाने हुए जा रहे हैं। साइलेंट रॉकस्टार नाम के एक एक्स यूजर ने लिखा कि मुझे विश्वास नहीं हो रहा कि मैं मोटो जीपी भारत को लाइव देख रहा हूं। इसी तरह मैट ओक्सली ने लिखा कि निश्चित रूप से बुद्ध इंटरनेशल सर्किट एक बेहतरीन ट्रैक होगा। जयदेवन प्रभाकरन ने लिखा कि एफ-1 जीपी के बाद बीआईसी का मोटो जीपी को होस्ट करना रोमांचक है। डेनोवान पीस ने लिखा कि इस ट्रैक पर ओवरटेक करना मुश्किल है, खासतौर पर जब बाइक्स स्ट्रेट चल रही हैं। यह बेहतरीन ट्रैक है। निवेथा जेसिका ने लिखा कि पहली मोटो जीपी भारत के कारण यहां के लोगों को वर्ल्ड चैंपियन रेसिंग का गवाह बनने का मौका मिला है। सितारों से मिलकर बेहद खुशी हो रही है।

> शुक्रवार को प्रैक्टिस सेशन के साथ बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट पर हुआ मोटो जीपी भारत का पदार्पण
>
> 24 सितंबर को अंतिम दिन होगा क्वालीफाइंग और मुख्य रेस का आयोजन
>
> रविवार को मोटो जीपी से जुड़ी टॉप कंपनियों के सीईओज के साथ बिजनेस कॉन्क्लेव में हिस्सा लेंगे सीएम योगी
>
> बिजनेस कॉन्क्लेव के बाद बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट में रेस का ले सकते हैं आनंद

# आईसीडीएस उ0प्र0 की निदेशक सरनीत कौर ब्रोका ने किया आंगनबाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण।

## निदेशक ने केन्द्रों पर मिली व्यवस्था और संचालित कार्यों की सराहना की।

**समाज जागरण**

बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग (आईसीडीएस) उत्तर प्रदेश की निदेशक सरनीत कौर ब्रोका (आईएएस) ने शुक्रवार को जनपद गौतम बुद्ध नगर के विकासखंड बिसरख में संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों व आंगनबाड़ी केंद्र- मलकपुर ,भंगेल, कुलेसरा ,गेझा तिलपता, गेजा, हाजीपुर, होशियारपुर एवं मामूरा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान निदेशक ने आंगनबाड़ी केंद्रों पर दी जाने वाली शाला पूर्व शिक्षा का जायजा लिया और केन्द्रों पर उपस्थित बच्चों से रंग एवं अक्षर ज्ञान की जानकारी ली, जिसे बच्चों ने अच्छी तरह से बता दिया। निदेशक ने जनपद में आंगनबाड़ी केन्द्रों पर मिली व्यवस्था और संचालित कार्यों की काफी सराहना की। सरनीत कौर ने शुक्रवार को सबसे पहले सुबह 9.50 बजे आंगनबाड़ी केन्द्र मलकपुर का निरीक्षण किया। केन्द्र पर तीन से छह वर्ष के 24 बच्चे उपस्थित मिले। केन्द्र पर स्वस्थ बालक-बालिका प्रतिस्पर्धा का आयोजन कराया गया, जिसमें निर्धारित मानक के अनुसार प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय आये बच्चों को खिलौने दिये गये। इनकी माताओं को प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ने सम्भव अभियान प्रपत्र-1, कम्युनिकेशन प्रपत्र एवं डाइट टूल व गतिविधि पंजिका के विषय में बताया। इसके बाद निदेशक ने आंगनबाड़ी केन्द्र कुलेसरा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय केन्द्र पर 22 बच्चे उपस्थित पाये गये। केन्द्र पर दो बच्चों कीर्ति एवं इनायत का जन्मदिन मनाया गया। इसी तरह उन्होंने ग्राम भंगेल, ग्राम गेझा तिलपता, हाजीपुर होशियारपुर, मामूरा का निरीक्षण किया और वहां आयोजित गतिविधियों और व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

# ऊर्जा मंत्री ने न्यू उतरेठिया उपकेन्द्र का औचक निरीक्षण किया

*ए0के0 शर्मा ने अभियान के तहत पिपरौली गांव, साउथ सिटी पहुंचकर उपभोक्ताओं की समस्याएं जानी*

*नीलमथा, हरिहरपुर और तेलीबाग क्षेत्र की विद्युत समस्या के निदान हेतु उपकेन्द्र में 10 एमवीए का नया ट्रांसफार्मर लगाने के दिये निर्देश*

*ऊर्जा मंत्री ने उपभोक्ताओं की शिकायतों के त्वरित समाधान के दिये सख्त निर्देश*

*मंत्री ने उपभोक्ताओं से फोन पर बात कर समस्याओं के निदान की जानी हकीकत*

*ऊर्जा मंत्री ने उपभोक्ताओं द्वारा भेजी गयी शिकायतों का मौके पर ही किया निदान*

*एसडीओ के उपभोक्ताओं से न मिलने की शिकायत पर ऊर्जा मंत्री ने जमकर लगाई फटकार*

*उपभोक्ताओं ने मंत्री जी के कुशल निर्देशन एवं कार्यों की सराहना की*

*ऊर्जा मंत्री ने सेवानिवृत्त विद्युत कार्मिकों से अपने क्षेत्र के उपभोक्ताओं की समस्याओं के समाधान में ऊर्जा विभाग की मदद करने की अपील की*

*सभी विद्युत कार्मिक अपने कार्यक्षेत्रों में जाकर उपभोक्ताओं की समस्याओं का मौके पर करेंगे समाधान ए0के0 शर्मा*

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

लखनऊः उत्तर प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री श्री ए0के0 शर्मा ने तेलीबाग, नीलमथा व हरिहरपुर क्षेत्र की ओवरलोडिंग एवं लो-वोल्टेज की विद्युत समस्याओं के स्थायी समाधान हेतु न्यू उतरेठिया उपकेन्द्र में 10 एमवीए का नया ट्रांसफार्मर शीघ्र लगाने के निर्देश एमडी मध्यांचल को दिया। ऊर्जा मंत्री ने सभी विद्युत कार्मिकों को अपने क्षेत्रों में जाकर उपभोक्ताओं की शिकायतों के त्वरित समाधान के सख्त निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि किसी भी विद्युत कार्मिक की कार्यशैली एवं उपभोक्ताओं से व्यवहार को लेकर शिकायत पर सख्त कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश की विद्युत व्यवस्था को और बेहतर बनाने तथा उपभोक्ताओं की विद्युत आपूर्ति, मीटरिंग, बिलिंग व राजस्व संग्रह में आ रही समस्याओं के समाधान हेतु विद्युत विभाग उपभोक्ताओं के द्वार अभियान चला रहा है।

ऊर्जा मंत्री श्री ए0के0 शर्मा आज अपराह्न 01:00 बजे 33/11 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्र, न्यू उतरेठिया, लखनऊ का औचक निरीक्षण किया और विद्युत विभाग उपभोक्ताओं के द्वार अभियान के तहत उस क्षेत्र के पिपरौली गांव, साउथ सिटी पहुंचकर उपभोक्ताओं से मिले और उनकी विद्युत समस्याओं, परेशानियों को सुना और शिकायतों के समाधान के बारे में जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने प्रियदर्शिनी पी0आई0 कॉलेज के आस-पास के उपभोक्ताओं में दुकानदार विनोद सिंह यादव, वाई0पी0 सिंह, शिवेन्द्र कुमार अवस्थी आदि से मुलाकात कर उनकी विद्युत समस्याएं जानी। उपभोक्ताओं ने बताया कि डेढ़ महीने पहले ट्रांसफार्मर में शिकायत आयी थी लेकिन इस समय यहां पर किसी प्रकार की समस्या नहीं है। मंत्री ने उपभोक्ताओं से अपने विद्युत बिलों का समय से भुगतान करने की भी अपील की।

निरीक्षण के दौरान ऊर्जा मंत्री ने उपकेन्द्र में उपस्थित उपभोक्ताओं से भी मुलाकात की। उपभोक्ताओं द्वारा एसडीओ के न मिलने की शिकायत पर ऊर्जा मंत्री ने जमकर फटकार लगायी और कार्य संस्कृति में सुधार के निर्देश दिये। इस दौरान मंत्री ने उपकेन्द्र के लोड पैनल, लागबुक, बिलिंग काउण्टर, शट डाउन के लिए लाल स्टीकर के प्रयोग और



ट्रांसफार्मर का निरीक्षण किया। उन्होंने उपकेन्द्र परिसर की साफ-सफाई के सख्त निर्देश दिये। लागबुक की जांच में उन्होंने रात 10:00 बजे लिये गये शटडाउन की जानकारी ली और निर्देश दिये कि रात में शटडाउन लेने से बचें। उन्होंने अधिशासी अभियंता से उपकेन्द्र द्वारा पोषित फीडरों तथा उपकेन्द्र की अन्य समस्याओं के बारे में जानकारी ली।

ऊर्जा मंत्री ने क्षेत्र के उपभोक्ताओं द्वारा की गयी शिकायतों का फीडबैक जानने के लिए 5 उपभोक्ताओं से फोन पर बात की। इसमें अंकित शर्मा, गौरव, अल्का देवी, रोहित कुशवाहा, आशीष कुमार गुप्ता की लो-वोल्टेज, कनेक्शन लेने, बिल रोकने, तार हटाने, ट्रांसफार्मर की क्षमता वृद्धि जैसी शिकायतों का उन्होंने मौके पर ही समाधान किया तथा पांच उपभोक्ताओं में ओम प्रकाश त्रिपाठी, अंकित कुमार, हरी जी, अभय सिंह, विनीता यादव की विद्युत कनेक्शन, ओवरलोडिंग, बिल अर्जेस्टमेंट, लो-वोल्टेज की समस्याओं के शीघ्र समाधान के निर्देश दिये।

श्री ए0के0 शर्मा द्वारा उपकेन्द्र से सम्बंधित जानकारी पर अधिशासी अभियंता, नादरगंज दुर्गेश कुमार यादव ने बताया कि यह उपकेन्द्र 33 केवी नादरगंज से पोषित हैं और इसमें 10 एमवीए के दो ट्रांसफार्मर लगे हुए हैं। इसके तहत पांच फीडर नीलमथा, तेलीबाग, सैनिक नगर, मानक रोड, न्यू सरस्वतीपुरम पोषित हैं। इससे 60 हजार उपभोक्ता को बिजली दी जा रही है। 10 हजार स्मार्ट मीटर लगाये गये हैं। बिजनेस प्लान के तहत 124 ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाई गयी। विद्युत विभाग उपभोक्ताओं के द्वार अभियान के तहत साढ़े तीन हजार उपभोक्ता से मिलकर उनकी शिकायतों का समाधान किया गया। अधिशासी अभियंता ने बताया कि यह उपकेन्द्र लो-लैन्ड एरिया में होने से यहां परिसर में जलभराव होता है। ऊर्जा मंत्री ने इस क्षेत्र की लो-वोल्टेज की समस्या के समाधान हेतु ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाने तथा ट्रांसफार्मर में अचानक आयी खराबी से निपटने के लिए ट्रॉली ट्रांसफार्मर रखने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि इस उपकेन्द्र में जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान हेतु नाला बनाकर निकाला जायेगा। क्षेत्रीय जन-प्रतिनिधियों द्वारा कई कालोनियों में बांस-बल्ली की सहायता से की जा रही विद्युत आपूर्ति की शिकायत पर ऊर्जा मंत्री ने बांस-बल्ली को हटाकर स्थायी समाधान के लिए पोल लगाने के कार्यों हेतु प्रयास करने को भी कहा।

ऊर्जा मंत्री श्री ए0के0 शर्मा ने विद्युत विभाग उपभोक्ताओं के द्वार अभियान के तहत सभी विद्युत कार्मिकों को अपने कार्य क्षेत्र में जाकर उपभोक्ताओं की शिकायतों के शीघ्र निदान करने के निर्देश दिये। उन्होंने विद्युत विभाग के सेवानिवृत्त कर्मचारियों से भी अपील की कि वे ऊर्जा परिवार के सदस्य होने के नाते अपने क्षेत्र के उपभोक्ताओं की समस्याओं के समाधान के लिए ऊर्जा विभाग की मदद करने में आगे आएं इससे उपभोक्ताओं की शिकायतों के स्थायी समाधान एवं विद्युत के इन्फ्रास्ट्रक्चर को बढ़ाने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि मैं विद्युत परिवार के सदस्य के रूप में आज इस अभियान में प्रतिभागी बना।

ऊर्जा मंत्री ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश सरकार विद्युत सुदृढ़ीकरण के लिए युद्धस्तर पर कार्य कर रही है। आने वाले समय में विद्युत समस्या होना ऐतिहासिक बन जायेगी। प्रदेश की योगी सरकार ने विद्युत इन्फ्रास्ट्रक्चर को बढ़ाने के लिए 25 हजार करोड़ रुपए की योजनाओं पर कार्य कर रही। आरडीएसएस योजनाओं के तहत 17 हजार करोड़ रुपए तथा नवसृजित एवं नवविस्तारित निकायों में एक हजार करोड़ रुपए से कार्य कराया जा रहा है। इस समय पूरे प्रदेश में जर्जर लाइनों, खम्भों को बदला जा रहा है। खुली तारों के स्थान पर एबी केबल लगायी जा रही। उपकेन्द्रों और ट्रांसफार्मर की क्षमता वृद्धि की जा रही, नये उपकेन्द्र भी बनाये जा रहे हैं। लोगों को लो-वोल्टेज, ट्रिपिंग, अनावश्यक शट डाउन की समस्या से न जूझना पड़े, इसके लिए भी कार्य हो रहा है।

निरीक्षण के दौरान एमडी मध्यांचल भवानी सिंह खंगरौत, मुख्य अभियंता लेसा संजय जैन, अधीक्षण अभियंता रामप्रीत प्रसाद, अधिशासी अभियंता लेसा, उप खण्ड अधिकारी राजेश कुमार, अवर अभियंता जितेन्द्र मिश्रा, विधायक प्रतिनिधि व सभासद खरिका श्री के0एन0 सिंह उपस्थित थे।

## मुख्य विकास अधिकारी ने अधीक्षण अभियन्ता (विद्युत) के साथ विद्युत कार्यशाला केन्द्र एवं विद्युत भण्डार केन्द्र, मुराइनटोला का किया निरीक्षण

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल ने अधीक्षण अभियन्ता (विद्युत) के साथ विद्युत कार्यशाला केन्द्र एवं विद्युत भण्डार केन्द्र, मुराइनटोला का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय SDO (Store), JE (Workshop) उपस्थित रहे। अनुपस्थित सहायक अभियन्ता को पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये हैं। अवर अभियन्ता एवं एस०डी०ओ० से उपलब्ध टेस्टिंग मशीन की जानकारी ली गयी। साफ-सफाई की कमी दिखायी दे रही थी। खराब ट्रांसफार्मर्स के पुर्जे बिखरे हुये पाये गये। एस०डी०ओ० एवं जे०ई० को वर्कशॉप में साफ-सफाई व्यवस्था ठीक रखने एवं क्षतिग्रस्त परिर्तकों व अन्य उपकरणों को निर्धारित स्थान पर व्यवस्थित ढंग से रखवाने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही स्क्रैप घोषित परिवर्तकों की नीलामी कराने हेतु आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिये गये। वर्कशाप में सामग्री की कमी से बचने हेतु उच्च स्तर से पत्राचार कर आवश्यक सामग्री का प्रबंध समय से सुनिश्चित करने हेतु कहा गया।



## नशेड़ी पुत्र से तंग आकर पिता ने किया चल अचल संपत्ति से बेदखल

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर जिले के सदर कोतवाली क्षेत्र के नाथपुरी कॉलोनी के रहने वाले लाल मोहम्मद ने डीएम ऑफिस पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ित लाल मोहम्मद का आरोप है की वह तीन भाई हैं और एक भाई नशेड़ी प्रवृति का है और अपने पिता के साथ नशे की हालत में मारपीट करता था जिसके बाद उसने दूसरे धर्म की लड़की के साथ शादी करने के बाद वह परिवार से अलग होकर अलीगढ़ चला गया जिसके बाद पिता ने उसकी आदतों के कारण पूरी संपत्ति से बेदखल कर दिया और पूरी जायजाद वर्ष 2020 में लाल मोहम्मद और हसन के नाम कर दिया अब तीन साल बाद छोटे भाई की पत्नी दोबारा घर आकर अपना हक मांग रही है जबकि पिता ने पहले ही मेरे छोटे भाई को जायजाद से बेदखल कर दिया है जिसका पूरा कागजात मेरे पास उपलब्ध है। वहीं जिलाधिकारी ने इस मामले जांच के बाद उचित कार्यवाई का आश्वाशन दिया है।



## जहरीले साँप के काटने से महिला की मौत

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर। जिले के किशनपुर थाना क्षेत्र के अफजलपुर गढ़ा गांव में महिला को जहरीले सांप ने काट लिया सांप काटने की बात महिला ने अपने परिजनों को बताई तो तुरंत परिजन उसको इलाज के लिए खखरेरू स्वास्थ केंद्र लेकर पहुंचे। जानकारी के अनुसार थानां क्षेत्र के अफजलपुर गढ़ा गाँव निवासी जगन्नाथ की 60 वर्षीय पत्नी शांती देवी को बीती शाम जहरीले साँप ने काट लिया। साँप काटने की जानकारी उसके परिजनों को हुई तो तुरन्त उसको इलाज के लिए खखरेरू स्वास्थ केंद्र लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टर ने शांती देवी की हालत गम्भीर देख उसको कौशाम्बी जनपद के मंझनपुर जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। वही मंझनपुर में डॉक्टर ने जाँच के उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया।

## विजयी प्रतिभागियों को शील्ड व प्रशस्ति पत्र एवं शेष सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर इंडियन रेडक्रास सोसाइटी की महासचिव डॉ हिमाबिन्दु नायक जी के मार्गदर्शनानुसार आज इंडियन रेडक्रास सोसाइटी के तत्वावधान व चेयरमैन डॉ अनुराग श्रीवास्तव के नेतृत्व में राजकीय इंटर कॉलेज में निबंध व सुलेख



प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।प्रतियोगिता में निबंध का विषय "इंडियन रेडक्रास सोसाइटी" था।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बेसिक शिक्षा अधिकारी पंकज यादव उपस्थित रहे।डॉ अनुराग द्वारा मुख्य अतिथि को माल्यार्पण व राधे पट्टिका पहनाकर सुशोभित किया गया।170 बच्चों ने प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया।निबंध प्रतियोगिता में आर्यान्स ऋषभ वर्मा प्रथम,मोहम्मद आरफ खान द्वितीय,रवि शुक्ला तृतीय एवं सुलेख प्रतियोगिता में अमन कुमार कैथल प्रथम,अवनीश मौर्य द्वितीय,शिवांश यादव तृतीय रहे।सभी विजयी प्रतिभागियों को शील्ड व प्रशस्ति पत्र एवं शेष सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।साथ ही टीबी जागरूकता अभियान के तहत बच्चों को पत्रक वितरित कर जागरूक भी किया गया।इस अवसर पर प्रधानाचार्य उदयप्रभात,कायस्थ मंच ट्रस्ट के प्रांतीय अध्यक्ष विनोद कुमार श्रीवास्तव, रेडक्रास सोसाइटी योग संयोजक अंगद सिंह,आजीवन सदस्य अनुज कुमार श्रीवास्तव,राकेश कुमार व अध्यापक दिनेश कुमार शर्मा,ओमप्रकाश,पितइराम,कुलदीप,अंजना कुमारी,निष्ठा उपस्थित रहे।

## तेज रफ्तार अज्ञात चार पहिया वाहन की टक्कर से बाइक चालक गम्भीर

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर जिले के राधा नगर थाना क्षेत्र के ढकौली गांव की पुलिया के समीप एक तेज रफ्तार अज्ञात चार पहिया वाहन बाइक चालक को टक्कर मारता हुआ निकल गया। जिससे बाइक चालक रोड पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना स्थानीय समाज सेवी को हुई तो मौके पर अपने एम्बुलेन्स लेकर पहुंचे समाज सेवी घायल को इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुँचाया। जानकारी के अनुसार गाजीपुर थाना क्षेत्र के गोपालपुर बनरसी गांव निवासी धर्मेंद्र पटेल का 28 वर्षीय पुत्र अंकित कुमार पटेल उर्फ मिथुन बाइक पर सवार होकर किसी काम से शहर आ रहा था। जब वह राधा नगर थानां क्षेत्र के ढकौली पुलिया के समीप पहुंचा तभी एक तेज रफ़्तार अज्ञात चार पहिया वाहन उसकी बाइक को टक्कर मारता हुआ निकल गया। जिससे अंकित रोड पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना स्थानीय समाज सेवी अशोक तपस्वी को दी सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे अशोक तपस्वी घायल को अपनी एंबुलेंस से इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर घायल को भर्ती कर उसका इलाज कर रहे हैं।

## डिप्टी कमिश्नर मनरेगा ने छीतमपुर गाँव में लगाई चौपाल

**दैनिक समाज जागरणजिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर,,,हसवा विकास खंड क्षेत्र के अन्तर्गत छीतमपुर गाँव में चौपाल आयोजित किया गया । चौपाल में डिप्टी कमिश्नर मनरेगा अशोक कुमार गुप्ता ने सरकार की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा करते हुए प्रधानमंत्री आवास, किसान सम्मान निधि,विकलांग, बृद्धा, विधवा पेंशन , राशनकार्ड सत्यापन मनरेगा एवं विकलांग आवास, का सत्यापन किया गया।एवं गोल्डन कार्ड की उपयोगिता की लोगों को जानकारी दी गई। चौपाल के दौरान गाँव के ही चंदा देवी एंव पार्वती देवी पत्नी रामसेवक वृद्ध पेशन और लम्बित परिवार रजिस्टर, जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र का सचिव दीपक तिवारी द्वारा निस्तारण किया गया। करते हुए मौके पर उपायअधिकारी ने खेलकूद मैदान एवं अमृत सरोवर बनाने के लिए ग्राम प्रधान एवं सचिव कडें निर्देश दिए गए हैं। एवं प्रगति पुस्तिका सचिव द्वारा दिखाया गया है। जिसमें सभी कार्य प्रगति अच्छा पाया गया।



सचिव दीपक तिवारी ने गाँव के लोगों बतायाकि प्रधानमंत्री या मुख्यमंत्री आवास के छूट चुके लोगों के नाम सूची में नाम दर्ज है। अगले चक्र में आवास के लिए चयनित कर दिया जायेगा।सभी लाभार्थी परक लोगों के नाम ग्राम सभा के रजिस्टर में दर्ज किया गया है। सहायक पंचायत कर्मचारी को निर्देश दिए गए हैं कि नियमित रूप से लाभार्थी परक योजनाओं को आनलाइन आवेदन करें। एवं इस मौके पर स्वच्छता पखवाड़े के अन्तर्गत गाँव के लोगों शपथ दिलाया गया। शपथ ग्रहण के मौके पर गाँव लोगों को डीसी मनरेगा अधिकारी ने कहा कि अपने अपने घरों के सामने हमेशा स्वच्छ रखें। गलियों और मकानों के अंदर साफ सफाई पर विशेष रूप नजर रखें। भोजन, कपड़े, पानी हमेशा साफ रखें। इस मौके पर एडीओ समाज कल्याण अधिकारी नीरज कुमार,एपीओ नितिन श्रीवास्तव, , ग्राम प्रधान रामसिंह यादव, , सचिव दीपक कुमार तिवारी , सहायक पंचायत पुजा देवी एवं रोजगार सेवक विनीत कुमार मैहजूद रहे।

## किसानों की पराली को जलाने से बचाने के लिए सामुदायिक नाडेफ में डालकर खाद बनाई जाय, के लिए कृषि विभाग से समन्वय बनाकर खाद बनाने का कार्य कराया जाय

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर स्वच्छ भारत मिशन(ग्रामीण) के तहत जिला स्वच्छ भारत मिशन मैनेजमेंट कमेटी की बैठक कलेक्ट्रेट महात्मा गांधी सभागार में जिलाधिकारी श्रीमती श्रुति की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में व्यक्तिगत शौचालय निर्माण, वर्ष 2022-23 में चयनित माडल गांव एवं गंगा ग्राम की भौतिक प्रगति एवं वित्तीय प्रगति, माडल गांव घोषित किए जाने, वर्ष 2023-24 चयनित ग्रामों को माडल किए जाने हेतु अनुमोदन, गोवर्धन योजना के अंतर्गत बायो गैस प्लांट निर्माण, व्यक्तिगत शौचालय की रेट्रोफिटिग, आय व्यय का विवरण आदि बिन्दुओं की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेस-2 में व्यक्तिगत शौचालय जो चयनित हुए है, उनका शत प्रतिशत सत्यापन कराते हुए निर्माण के लिए जो शेष है, का निर्माण कार्य पूरा करा लिया जाय। व्यक्तिगत शौचालय निर्माण के लिए दी गई धनराशि प्रथम किस्त व द्वितीय किस्त कि रिपोर्ट से अवगत कराए साथ ही जिन व्यक्तिगत शौचालयों की जियो टैगिंग अवशेष है को शत प्रतिशत पूरा कराए। व्यक्तिगत शौचालय के निर्माण की निगरानी पूरी संवेदनशीलता के साथ करे। वर्ष 2022-23 में चयनित 61 माडल गांव एवं गंगा ग्रामों में जो एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन , यू टाइप नाली निर्माण, ई-रिक्शा, सामुदायिक खाद गड्ढा, सामुदायिक कचरा पात्र, हैंडपंप, सोक पिट, भूमिगत नाली निर्माण, सामुदायिक प्लास्टिक बैंक, सिल्ट कैचर, सामुदायिक संस्था हेतु सोक पिट, सामुदायिक इंसिनेटर,



सामुदायिक व्यक्तिगत नाडेफ, सामुदायिक वर्मी कंपोस्ट, व्यक्तिगत सोक पिट आदि में जो कार्य चयनित ग्रामों में शेष रह गए है उनको जल्द से जल्द पूर्ण कराने के निर्देश खंड विकास अधिकारियो को दिए। साथ ही जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया कि 15 दिन में किए गए कार्य की समीक्षा करे और रिपोर्ट से अवगत कराए। वर्ष 2023-24 में चयनित 434 ग्राम पंचायतो को माडल के रूप में बनाने के लिए समिति द्वारा अनुमोदन किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि नियमानुसार कार्यवाही करते हुए चयनित ग्रामों को माडल बनाने के लिए निर्धारित मानक के अनुसार कार्यों को पूरा कराया जाय। इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही/शिथिलता क्षम्य नही होगी। गोवर्धन योजना अंतर्गत बायो गैस प्लांट से उत्पन्न होने वाली विद्युत के उपयोग और कहा किया जाना है कि रिपोर्ट से अवगत कराए। व्यक्तिगत शौचालयो की रेट्रोफिटिग के लिए जो शौचालय चयनित किए गए है, के सापेक्ष जिनका कार्य अवशेष है, शत प्रतिशत पूरा कराए। उन्होंने कहा कि जो सामुदायिक नैडेफ बन गए है, किसानों की पराली को जलाने से बचाने के लिए सामुदायिक नाडेफ में डालकर खाद बनाई जाय, के लिए कृषि विभाग से समन्वय बनाकर खाद बनाने का कार्य कराया जाय।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, परियोजना निदेशक डीआरडीए शेषमणि सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी उपेन्द्र राज सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी साहब यादव, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी श्री पंकज यादव, जिला समाज कल्याण अधिकारी अवनीश यादव, एसीएमओ डा0 इस्तियाक, समस्त खंड विकास अधिकारी सहित एडीओ पंचायत उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत स्वच्छता अभियान का शुभारंभ

**दैनिक समाज जागरण**

फिरोजाबाद। शुक्रवार को नगर के प्रतिष्ठित दाऊ दयाल महिला महाविद्यालय, फिरोजाबाद में शासन द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत महाविद्यालय में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कुशल निर्देशन में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया ' जिसमें एन. एस. एस. वॉलिंटियर्स द्वारा महाविद्यालय प्रांगण को साफ किया गया, विल वॉलिंटियर्स प्रिया बघेल एवं नेहा ने कविता पाठ के माध्यम से स्वच्छता ही सेवा की जानकारी दी ' महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. रेनू वर्मा ने एन०एस०एस० वॉलिंटियर्स को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा स्वच्छता अभियान की जानकारी देते हुए छात्राओं का उत्साहवर्धन किया ' कार्यक्रम का संचालन एवं संयोजन एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी डॉ शिप्रा सिंह (इकाई-१ )तथा शालिनी मिश्रा (इकाई-२ ) द्वारा कुशलता पूर्वक किया गया ।

## राधानगर थाना पुलिस एवं वन विभाग की मिलीभगत से हरे पेड़ों पर चटकाए जा रहे कुल्हाड़े

### लकड़ी ठेकेदार ने पत्रकारों को भी खरीदने की कोशिश हुआ नाकाम

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर सूबे के मुखिया योगी बाबा जहां एक तरफ हर वर्ष करोड़ों रुपए खर्च कर वृक्षारोपण कराए जाने की बात करते हैं तो वही यूपी के समस्त जनपदों में ठेकेदारों के द्वारा हरे फलदार पेड़ों पर बेधड़क होकर कुल्हाड़े चटकाए जाते हैं।जहां आपको बताते चलें कि यूपी के जनपद फतेहपुर के थाना राधानगर क्षेत्र के अंतर्गत मलाका गांव ब्रेड फैक्ट्री के पास में बीते 2 दिन पहले रिंया और शीशम के पेड़ पर ठेकेदारों के द्वारा कुल्हाड़े चटकाए गए जहां सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना राधानगर की पुलिस को पेड़ काटे जाने की जानकारी प्राप्त हुई तो मौके पर पुलिस पहुंची जहां ठेकेदार एवं लेबर समेत कटाई के समान के साथ सभी को गिरफ्तार कर थाने ले आई । वहीं सूत्रों ने बताया कि पुलिस के द्वारा कुछ लेनदेन कर सभी लोगों को छोड़ दिया गया। थाने से ठेकेदार





आते ही करीब दस पेड़ हरे आम के जड़ से उखाड़ दिए गए । और लकड़ी को ट्रैक्टर द्वारा लाद कर कही बाहर कर दिया गया आतेयद्यपि उक्त मामले से संबंधित जानकारी करने के लिए थाना प्रभारी राजकिशोर से दूरभाष के जरिए संपर्क किया गया तो उन्होंने बताया कि इस विषय पर हमें कोई जानकारी नहीं है।हालांकि एक सवालिया प्रश्न यह भी उठता है कि आखिरकार संबंधित पेड़ कटाई की जानकारी थाना प्रभारी को न होकर सिपाहियों के द्वारा ही सब सेटिंग गेटिंग कर लिया जाता है।हालांकि जब न्यूज समय की टीम मौके पर पहुंची तो वहां पर देखा गया की दस आम तथा एक शीशम एवं रीवाँ का पेड़ कटे हुए पाए गए उस बाग में आम और महुआ तथा नीम और एक गूलर एवं दो शीशम के पेड़ मिलाकर लगभग 40 पेड़ खड़े हुए हैं अगर समय रहते पुलिस तथा वन विभाग सचेत हो जाए तो उन सभी पेड़ों को बचाया जा सकता है और एक बाग को नष्ट होने से भी बचाया जा सकता है। अब देखना होगा कि वन विभाग तथा क्षेत्रीय पुलिस कितना संज्ञान लेकर 40 पेड़ों को बचती है या साथ गांठ करके कटवा देती है !?

## आज से खागा में रुकेगी मुरी एक्सप्रेस

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर जिले की सांसद व भारत सरकार की उपभोक्ता मामले खाद एवं सार्वजनिक वितरण और ग्रामीण विकास राज्य मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति जी ने जानकारी देते हुए बताया कि रेल मंत्रालय द्वारा उनके प्रयास के फल स्वरुप फतेहपुर रेलवे स्टेशन पर सीतामढ़ी बिहार से चलकर आनंद विहार नई दिल्ली जाने वाली लिच्छवी एक्सप्रेस का ठहराव व खागा रेलवे स्टेशन पर दैनिक यात्रियों व मां वैष्णो देवी जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए टाटा जम्मू तवी एक्सप्रेस का ठहराव 24 सितंबर 2023 से प्रारंभ हो रहा है इसके लिए साध्वी जी ने माननीय रेल मंत्री व देश के प्रधानमंत्री को जनपद की तरफ से आभार व्यक्त किया उन्होंने यह भी कहा कि शीघ्र ही बनारस से उज्जैन महाकाल एक्सप्रेस के स्टॉपेज के अलावा अन्य कई ट्रेनों को स्टॉपेज दिलाने के लिए प्रयासरत हैं डीआरएम रेलवे प्रयागराज ने साध्वी जी से 24 सितंबर 2023 को समय 10:30 बजे मुरी एक्सप्रेस को खागा स्टेशन पर हरी झंडी दिखाने का आग्रह किया है जिसमें साध्वी उक्त दिवस पर हरी झंडी दिखाकर ट्रेन को रवाना करेंगी शिव प्रताप सिंह जिला मंत्री भाजपा प्रवक्ता सांसद कार्यालय फतेहपुर

## आखिर क्यों काल की गाल में खुद को समा जाना चाहती थी संजू।

### छः वर्षीय मासूम संग नदी में छलांग लगाने वाली महिला से पूछताछ जरूरी पर पुलिस खामोश।

**दैनिक समाज जागरण सुनील श्रीवास्तव**

सिद्धार्थनगर। जिले के बांसी तहसील क्षेत्र से एक ऐसा हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। जहां पर मां बेटी का रिश्ता कलंकित होना भी नहीं कहा जा सकता है। क्योंकि मामला रहस्यमय लग रहा है।, आखिर संजू को किस वजह से 6 वर्षीय मासूम के संग नदी में छलांग लगाने की मजबूरी बनी। बताते चले की संजू की तो जान बच गई लेकिन उसकी 6 वर्षीय बच्ची नदी में डूबकर काल के गाल में समा गई। और उसकी लाश तक नहीं मिली। वहीं अब संजू को ना उसके ससुराल वाले स्वीकार कर रहे हैं ना ही मायके वाले यह वजह लोगों में चर्चा का विषय बना हुआ है। आखिर संजू के बीच और संजू के ससुराल वालों के बीच और संजू के मायके वालों के बीच ऐसा कौन सा मतभेद है कि संजू के भविष्य के बारे में किसी को कोई परवाह ही नहीं बचा है। कुल मिलाकर अब संजू को ससुराल और मायका दोनों पक्ष द्वारा ठुकरा दिया गया। अब संजू कहां रहेगी और कैसे गुजर बसर करेगी। फिलहाल संजू के 6 वर्षीय बच्ची की मौत का मामला रहस्यम तो कतई नहीं है। ऐसा भी नहीं है कि संजू अपनी 6 वर्षीय बच्ची को रास्ते से हटाना चाह रही थी। दूसरी तरफ संजू का सुरक्षा भी प्रशासन की जिम्मेदारी बन चुकी





है। क्योंकि संजू की मौत हो जाती तो मौत का गुनहगार कानून की नजर में किसको माना जाता। यह मामला पुलिस भले ही रफा दफा क्यों न कर दें। लेकिन यह मामला एक महिला की जिंदगी से जुड़ा हुआ है।जन चर्चा है कि यदि महिला संजू की मौत हो जाती तो उसका गुनहगार पुलिस किसको ठहराती। क्योंकि संजू को ससुराल और मायका पक्ष दोनों ही जवाब दे रहे हैं। जहां मर्जी वहां जाओ हम लोग तुम्हारा जिम्मेदार नहीं हैं। संजू के अंदर कौन सा ऐसा कमी है कि उसे ससुराल और मायका पक्ष के लोग कत्तई पसंद नहीं करते है। सूत्रों की माने तो प्रशासन के लोगों को इसकी निष्पक्ष रूप से जांच करवानी चहिए। तब सच्चाई से पर्दा उठ सकता है। कहीं ऐसा ना हो कि पहले जिस वजह से संजू आत्महत्या करने की कोशिश की थी। उसी मजबूरी से वह दुबारा आत्महत्या करने का प्रयास ना कर बैठे। संजू से पुलिस को इसकी पूछताछ करनी चाहिए। ताकि संजू और संजू के ससुराल और मांयके वालों के बीच हकीकत का पता चल सके। अब देखना है कि यह बड़ी वजह कब बेनकाब हो पाती है कि जिस वजह से संजू मासूम संग नदी में छलांग लगाकर अपनी जीवन लीला ही समाप्त करना चाह रही थी।

# पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल द्वारा भागुवाला मे संवाद गोष्ठी का हुआ आयोजन

ब्यूरो शमीम अहमद सिद्दीकी
दैनिक समाज जागरण



नजीबाबाद बिजनौर। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रहे पुलिस अधीक्षक शहर डॉक्टर प्रवीन रंजन व मुख्य वक्ता रहे संगठन के प्रदेश महामंत्री मुकुल अग्रवाल पश्चिमी उत्तर प्रदेश व्यापार मंडल द्वारा भागुवाला में प्रदेश प्रचार मंत्री हाजी साजिद के नेतृत्व में नई मार्केट में एक जन संवाद गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें अध्यक्षता की मोहम्मद फारुख संचालन हाजी साजिद ने किया जिसमें मुख्य अतिथि श्री डॉ प्रवीण रंजन पुलिस अधीक्षक नगर में विशिष्ट अतिथि श्री गजेंद्र पाल सिंह पुलिस क्षेत्राधिकार नजीबाबाद मुख्य वक्त श्री मुकुल अग्रवाल प्रदेश महामंत्री प्रदेश मंत्री श्री राजेंद्र गोल्डी जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा शोभित मिल्लत नगर अध्यक्ष नजीबाबाद रुगैया अंसारी जिला मीडिया प्रभारी रणवीर सिंह निराला प्रशांत गुप्ता जिला महामंत्री विनीत राजपूत जिसमें व्यापारियों की समस्याओं को लेकर चर्चा की गई जिसमें क्षेत्रीय व्यापारियों ने अपनी समस्याएं रखी जैसे ग्राम स्यामीवाला के विवाद व पीतमगढ़ के टूटे हुए पुल व स्कूल के सामने जल भराव की समस्या आदि कार्यक्रम में आय मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक डॉ प्रवीण रंजन ने कोटा वाली में फैंसी नेपाली यात्रियों की बस से हाजी साजिद की जेसीबी द्वारा नदी में फंसे यात्रियों को सकुशल बचाने पर एडवोकेट नाजिम व गुलसादाब की प्रशंसा की इस सराहनीय कार्य को देखते हुए क्षेत्र के व्यापारी ने संवाद गोष्ठी में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और सैकड़ो की तादाद में नए व्यापारी को शामिल किया कार्यक्रम के मुख्य वक्ता मुकुल अग्रवाल ने आगामी 8 अक्टूबर को होने वाले संग्राम सुरेश वेंकट हॉल नजीबाबाद में व्यापारी महापंचायत में पहुंचने का आवाहन किया गोष्ठी में भागु वाला अध्यक्ष मोहम्मद हमीद मोहम्मद फारूक महामंत्री नफीस अहमद शमशाद अहमद तस्लीम अहमद शमी अहमद साजिद अहमद फुरकान अहमद मोहम्मद करीम साजिद प्रधान करौली प्राथमिक प्रधान दहरपुर शमशाद गुर्जर साजिद एडवोकेट वाजिद अली गुल शादाब नकुल जाट कृपाल सिंह नोतेस राम प्रधान कोट सराय तिलक राम अख्तर साजिद तौफीक आबिद एहसान आदिल शाहिद भारी संख्या में क्षेत्रीय व्यापारी व हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे

# सब्जी मण्डी यूनियन के अब्दुर्रहमान निर्विरोध अध्यक्ष व विनोद चुने गए सचिव, दस साल के बाद बनाई गई नई कार्यकारिणी



दैनिक समाज जागरण संभल।सब्जी मण्डी यूनियन, नवीन मण्डी समिति सम्भल की नवीन कार्यकारिणी का चुनाव निर्विरोध सम्पन्न हुआ। दस वर्ष के बाद यह चुनाव की प्रक्रिया पूरी कराई गई। जिसमे सर्व सम्मति से अब्दुरर्हमान को अध्यक्ष, विनोद कुमार को सचिव चुना गया। जबकि अन्य सदस्यों को आगामी कार्यक्रमों मे सूची से जोड़ा जायेगा। इस अवसर पर नव निर्वाचित अध्यक्ष व सचिव को सब्जी विक्रेताओं द्वारा पगड़ी बांधकर सम्मानित करते हुए फूल मालाओं से स्वागत किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए वर्ष के बाद यूनियन का चुनाव हुआ है ओर नए सिरे से अब संगठन को उर्जा प्रदान की जायेगी। हर सब्जी रखकर कार्य किया जायेगा। सचिव विनोद कुमार ने बोलते हुए कहा कि किसी भी सब्जी विक्रेता का उत्पीड़न नहीं होने देंगे। हर समय उनके साथ थे ओर आगे भी रहेंगे। इस अवसर पर सभी को भोजन कराया गया। कार्यक्रम मे जमाल पधान, मौ0 अली, नईम कुरैशी, आलम वारसी, अनिल प्रजापति, मो0 हनीफ, सद्दाम, मौ0 रेहान, मो0 कादिर, मौ0 आदिल, मौ0 शिराज आदि मौजूद रहे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान के जिलाध्यक्ष हाजी मौहम्मद कासिम रहे। इनके अलावा शहजाद अख्तर, मो0 हाशिम नोशाही, उबेदुरर्हमान, मौ0 फैजान आदि रहे।

आकर्षक ऑफर, मात्र 300 मे लगवाए विज्ञापन

समाज जागरण के दुसरे वर्षगांठ पर आप सभी के लिए आकर्षक आ-फर है। मात्र 300 रुपये मे तीन एडिशन मे लगवाएँ विज्ञापन। 200 रुपये मे समाज जागरण पोर्टल पर।।
1 अक्टुबर से 15 अक्टुबर तक

# संभल तीर्थ परिक्रमा को लगेंगे पंख, रास्तों का होगा पक्का निर्माण = सुनील त्रिवेदी

दैनिक समाज जागरण

संभल।दीपावली पर्व के उपरांत कार्तिक शुक्ल चतुर्थी, पंचमी को होने वाली 24 कोसीय संभल तीर्थ परिक्रमा के रास्तों को चिन्हित करने, पक्का बनाने का प्रस्ताव तैयार करने को लेकर आदेश शासन से प्रशासन को प्राप्त हुआ है। उप जिलाधिकारी संभल सुनील कुमार त्रिवेदी ने शासन से आदेश प्राप्त होते ही पी डब्लू डी विभाग के ए ई विवेक कुमार बंसल, ब्लॉक प्रमुख तथा संभल परिक्रमा समिति के अध्यक्ष हिर्देश यादव, भाजपा नेता राजेश सिंघल, हिंदू जागृति मंच के अध्यक्ष अजय कुमार शर्मा, नगर हिंदू सभा के अध्यक्ष कमलकांत तिवारी सहित सभी जिम्मेदारों को बुलाकर अपने कार्यालय संभल में एक बैठक कर विस्तृत मंत्रणा की। बैठक में उप जिलाधिकारी सुनील कुमार त्रिवेदी ने कहा कि संभल तीर्थ परिक्रमा का संपूर्ण 24 कोसीय अर्थात लगभग 60 किलोमीटर मार्ग को पक्का करने, सुसज्जित करने, चौड़ा करने और शानदार परिक्रमा पथ बनाने के आदेश को यथा शीघ्र पूर्ण किया जाएगा। उन्होंने संबंधित क्षेत्र के सभी लेखपालों एवं पी डब्लू डी संभल के ए ई विवेक कुमार बंसल एवं सभी जे ई को निर्देश दिए कि यथाशीघ्र 3 दिन में रास्ता चिन्हित किया जाए और मिट्टी कार्य, पक्का निर्माण कार्य, पुल बनाने का कार्य अर्थात अन्य जो कुछ भी संभव हो सकता है सभी संबंधित आवश्यकताओं का प्रस्ताव तैयार किया जाए। उन्होंने बताया कि इस बार संभल तीर्थ परिक्रमा को अधिकतम व्यवस्थित और दिव्य भव्य बनाने की शासन प्रशासन की योजना है। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता राजेश सिंघल ने कहा कि उनके दिए हुए प्रस्ताव एवं माननीय मुख्यमंत्री उपमुख्यमंत्री से किए गए आग्रह पर मुख्यमंत्री कार्यालय से प्रशासन को 24 कोसीय परिक्रमा पथ बनाने और सुंदरीकरण करने का आदेश प्राप्त हुआ है। जिससे संभल क्षेत्रवासियों को अपार प्रसन्नता हो रही है। संभल तीर्थ परिक्रमा समिति के अध्यक्ष एवं ब्लॉक प्रमुख हिर्देश यादव ने बताया कि उनके नेतृत्व में आयोजित होने वाली संभल तीर्थ परिक्रमा को विशालतम भव्यतम और अत्यधिक सुविधायुक्त बनाया जाएगा। नगर हिंदू सभा के अध्यक्ष कमलकांत तिवारी ने कहा कि पर्यटन नगरी घोषित करने से पूर्व संभल को पर्यटन स्थल बनाना मुख्यमंत्री की सकारात्मक सोच का हम सभी हिंदू समाज अभिनंदन और स्वागत करते हैं। उप जिलाधिकारी कार्यालय में संपन्न बैठक में भाजपा नेता राजेश सिंघल, कमलकांत तिवारी, हिर्देश यादव, संतोष कुमार गुप्ता, कुलदीप यादव, विवेक कुमार बंसल, राहुल चौधरी लेखपाल सहित सभी संबंधित लेखपाल एवं समाजसेवी उपस्थित रहे। बैठक का संचालन हिंदू जागृति मंच के प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार शर्मा ने किया।

## संभल जिले के एसपी ने परेड ग्राउंड का निरीक्षण किया, 112 टीम को सतर्क रहने के निर्देश

दैनिक समाज जागरण संभल। पुलिस अधीक्षककुलदीप सिंह गुनावत द्वारा शुक्रवार की साप्ताहिक परेड के दौरान पुलिस लाइन स्थित परेड ग्राउण्ड पर परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया गया। तत्पश्चात अनुशासन व एकरूपता बनाए रखने के लिए ड्रिल करायी गयी। साप्ताहिक परेड के दौरान पी0आर0वी0 112 के जवानों को घटना स्थल सुरक्षित करने हेतु अभ्यास कराया गया । जनपद में किसी भी स्थान पर घटना होने पर सम्बन्धित



पी0आर0वी0 112 द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर घटना स्थल को किस प्रकार सुरक्षित करना है इस सम्बन्ध में जानकारी दी गयी। दंगा नियंत्रण उपकरणों के रख-रखाव व क्रियाशीलता को बनायें रखने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। तत्तपश्चात पुलिस लाइन की विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण किया गया एवं अर्दली रूप कर विभिन्न रजिस्टरों व अभिलेखों को चेक करते हुए सम्बन्धित को अभिलेखों को अद्यतन रखने लिए निर्देश दिए गयें। उक्त परेड व निरीक्षण के दौरान क्षेत्राधिकारी लाइन प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहें ।

# एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत उसी की दुकान में रस्सी से लटका मिला शव



अजमल हसन दैनिक समाज जागरण अफजलगढ़ / युवक की संगध्दि स्थिति में मौत हो गई उसकी ही हार्डवेयर की दुकान में शव रस्सी के फंदे पर लटका हुआ मिला सूचना मिलने पर परिजनों में हड़कम्भ मच गया। अपना स्थल पर पहुंचकर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया पिता के सऊदी से शनिवार को वापसी पर ही होगा दफीना।प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर के मोहल्ला जैनुल आबिदीन निवासी मौहम्मद फरहान खान 23 वर्ष पुत्र मंसूर खान खान की काशीपुर मार्ग पर खान ट्रेडर्स एंड हार्डवेयर नाम से दुकान थी फरहान नोएडा स्थित एक इंस्टिट्यूट में बीएसई फाइनल ईयर का एग्जाम देकर घर वापस आया बृहस्पतिवार को वह अपने संस्थान पर चला गया देर शाम तक जब घर नहीं आया तो परिजनों को चिंता हुई उन्होंने मोबाइल पर संपर्क करने की कोशिश की तो मोबाइल नहीं उठ पाया मृतक की मां ने उसके दो छोटे भाइयों मौहम्मद मुदस्सिर व मौहम्मद मूसा को तलाश करने के लिए दुकान पर भेजा जब दोनों भाई दुकान पर पहुंचे तो देखा की दुकान का शटर थोड़ा-थोड़ा खुला हुआ था दोनों भाई शटर उठकर अंदर पहुंचे देखा कि मौहम्मद फरहान मृतक अवस्था में फांसी के फंदे पर लटका हुआ था भाई को फंदे पर लटका देखा दोनों भाइयों की चीख निकल गई चीख पुकार सुनकर घटना स्थल पर भीड़ इकट्ठा हो गई। सूचना पाकर पहुंचे कोतवाली प्रभारी निरीक्षक पंकज तोमर, कस्बा इंचार्ज एसआई गोपाल सिंह, क्राइम इंस्पेक्टर राजेश कुमार भारी पुलिस बल के साथ मौका पर पहुंचे एवं शव को कब्जे में लेकर सीएचसी पहुंचाया जहां पर चिकित्सकों द्वारा युवक के मृतक होने की पुष्टि करने के बाद शव को सील कर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया युवक की मौत की सूचना पाकर परिजनों में कोहराम मच गया शुक्रवार को शव पोस्टमार्टम से आने के बाद परिजनों को सौंप दिया गया मृतक युवक के पिता सऊदी अरब में कार्यरत हैं परिजनों ने बताया कि शनीवार प्रातः उनके पहुंचने के बाद मृतक युवक का दफीना किया जाएगा।

# पशु चराने गई महिला पर गुलदार ने किया हमला महिला गंभीर रूप से घायल

अजमल हसन दैनिक समाज जागरण अफजलगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत आसिफाबाद चमन के गांव टांडा बैरागी निवासी सुनीता देवी 45 वर्ष पत्नी राजेश कुमार शुक्रवार की शाम 5:30 बजे पशुओं को चराने गांव के ही निकट खेतों में गई हुई थी पास के खेत में ही उसके जीजा कम कर रहे थे कि अचानक गुलदार ने सुनीता देवी पर हमला कर दिया चीख-पुकार सुनकर पास में ही मौजूद है महिला के जीजा ने डंडे मार कर गुलदार को भगाया सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस द्वारा घायल महिला को सीएचसी अफजलगढ़ भर्ती कराया जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद



चिकित्सकों ने घायल महिला को हायर सेंटर रेफर कर दिया महिला की हालत चिंताजनक बनी हुई है।

# अफजलगढ़ नगर पालिका में स्वच्छता सेवा पखवाड़ा एवं सफाई मित्र सुरक्षा शिविर मे जांच की गई

अजमल हसन दैनिक समाज जागरण अफजलगढ़ स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा एवं सफाई मित्र सुरक्षा शिविर के अंतर्गत निकाय में सफाई मित्र स्वास्थ्य परीक्षण केम्प का आयोजन पालिका के सभागार में किया गया, जिसमे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कासमपुरगढ़ी के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डा. संजय कुमार की निगरानी में सफाई कर्मियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाइयों का वितरण किया गया, इस अवसर पर डा. संजय कुमार द्वारा सभी कर्मचारियों को मोसमी/ संक्रामक रोगों से बचाव के सुझाव दिए गये, स्वास्थ्य केम्प में जावेद विकार ब्रांड एंबेसडर स्वच्छ



सर्वेक्षण 2023, कृष्ण मुरारी अधिशासी अधिकारी सहित स्वास्थ्य विभाग के डा. अरुण कुमार, डा. अर्जुन कुमार, सीमा कुशवहा, हेमंत राम, शिवांगी, तायबा नाज उपस्थित रही, केम्प में 72 सफाई कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, इस मौके पर अधिशासी अधिकारी कृष्ण मुरारी चेयरपर्सन पति जावेद विकार संजीव अग्रवाल रोहिताश पवार ब्रज मोहन सिंह अमर पवार व समस्त पालिका स्टाफ मौजूद रहा

## अचानक बाइक का संतुलन बिगड़ने से बाइक सवार घायल

अजमल हसन दैनिक समाज जागरण अफजलगढ़ शुक्रवार को राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच 74 पर तीव्र गति से बाईक का सुंनतुलन बिगड़ने से बाईक सवार युवक सड़क पर गिरने से बाइक सवार घायल हो गया जानकारी के अनुसार गुलफाम पुत्र आबिद निवासी चोहडवाला अपनी रिश्तेदारी में जसपुर जा रहा था गांव मानियावाला के समीप उसकी बाइक संतुलन होकर सड़क पर गिर गई जिससे गिरने से गुलफान सड़क पर गिरकर घायल हो गया घायल को राहगीरों की मदद से



पीएच सी कासमपुर गढ़ी में भर्ती कराया गया उधर डॉक्टर खालिद ने बताया घायल को हायर सेंटर रेफर कर दिया

# जायंट्स ग्रुप आफ चंदौसी सखी सहेली के तत्वाधान में सेवा सप्ताह के अंतर्गत ग्राम देवापुर पवांसा में निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण व जांच शिविर का आयोजन

दैनिक समाज जागरण

संभल।जायंट्स ग्रुप आफ चंदौसी सखी सहेली के तत्वाधान में सेवा सप्ताह के अंतर्गत ग्राम देवापुर पवांसा में निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण व जांच शिविर का आयोजन किया गया जिसमें मरीजों को निशुल्क डेंगू, मलेरिया व नेत्रों की जांच कर निशुल्क दवा वितरित की गई ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य के प्रति पूर्ण साधन न होने की वजह से वह समय पर इलाज नहीं ले पाते हैं उनकी असुविधा को ध्यान में रखते हुए ग्रुप द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया`

**सर्वप्रथम गजराज सिंह द्वारा दीप प्रज्वलित कर जायंट्स प्रार्थना के साथ शिविर का शुभारंभ किया गया**

शिविर में डॉ. मनोज चौधरी एम ओ आई सी ,डॉ.फातिमा एम.ओ डॉ.फहीम एम.ओ, राकेश यादव लैब टेक्नीशियन ,वीरेश कुमार फार्मेसिस्ट, अनुराग पाठक बी.पी.एम ने 1110 (ग्यारह सौ दस) मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण व डेंगू, मलेरिया व नत्रों की जांच की जो की सुबह 9:30 बजे से शुरू होकर शाम तक चलता रहा जिसमें की वायरल, डेंगू, मलेरिया, मौसम संबंधी बीमारी तथा नेत्र परीक्षण कर दवा दी गई

**ग्राम देवापुर, जग्गूपुरा एवं काजीबेहटा तीन गांव से जाकर मरीजों ने शिविर का लाभ उठाया**

शिविर के 2 दिन पहले ग्रुप के माध्यम से गांव के लोगों को होने वाले शिविर के विषय में जानकारी दी गई ग्रुप ने महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति ध्यान देने के लिए सचेत किया`
ग्रुप द्वारा शिविर में मरीजों को बीमारियों के अनुसार दवाइयां वितरित की गई एवं ओ.आर.एस के घोल भी वितरित किए गए`
महिलाओं को दवाइयां के साथ कैल्शियम व आयरन की गोलियां भी दी गई`
डॉ.फातिमा के द्वारा ग्रामीण महिलाओं को स्त्री रोग संबंधित जानकारी दी गई एवं उन्हें साफ सफाई से संबंधित भी जानकारी दी गई`
ग्रुप द्वारा डॉक्टर व उनकी टीम को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया` गांव के सभी लोग स्वास्थ्य परीक्षण कार्यक्रम से प्रभावित हुए तथा प्रशंसा करते हुए , समय-समय पर ग्रुप से ऐसा कार्यक्रम आयोजित करने का अनुरोध किया`



कार्यक्रम में गांव के प्रबुद्ध नागरिक गजराज सिंह एवं उनकी पत्नी पुष्पा वर्मा ( उपाध्यक्ष) का सहयोग रहा तथा ग्रुप द्वारा इन्हें स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया` फेडरेशन वाइस प्रेसिडेंट सुभाष रूस्तगी जी एवं फेडरेशन पास्ट प्रेसिडेंट कृष्णअवतार गुप्ता की उपस्थिति में शिविर का आयोजन संपन्न हुआ ` कार्यक्रम की अध्यक्षता अंजू राजपूत ने तथा संचालन रेखा गुप्ता एवं रीता बुदियाल ने संयुक्त रूप से किया`
कार्यक्रम में अंजू राजपूत, पुष्पा वर्मा ,रीता बुदियाल , सीमा वर्मा, सरोज शर्मा, रेखा गुप्ता, कंचनबाला, करुणा, बीना अग्रवाल, सरोज वार्ष्णेय ,रानी, संगीता अग्रवाल, सुभाष रूस्तगी, कृष्णअवतार गुप्ता आदि उपस्थित रहे`

## जिला कमांडेंट ऑफिस पहुंचकर उपहार भेंट देकर सम्मानित किया

दैनिक समाज जागरण संभल ।जायंट्स ग्रुप नारी जागृति आफ मंच की तरफ से संभल में जिला कमांडेड ऑफिस में जायंट्स ग्रुप की महिला व पदाधिकारीयो ने जिला कमांडेंट ऑफिस पहुंचकर उपहार भेंट देकर सम्मानित किया जिसमें जिला



कमांडेंट ज्ञान प्रकाश ,बीओ भानु सिंह, संजय कुमार गुप्ता कंपनी कमांडर अंजू रानी कंपनी हवालदार मेजर ,समर आल ,अमरपाल कंपनी कमांडर, सुनील सिंह कंपनी कमांडर सहित जायंट्स ग्रुप की महिलाओं ने उनके कार्यों की प्रशंसा करते हुए उनको भेट देकर सम्मानित किया जिसमें मुख्य रूप से जायंट्स ग्रुप की अध्यक्ष शालिनी रस्तोगी सचिव नीरू चाहल कोषाध्यक्ष संध्या रस्तोगी वंदना रस्तोगी मीना गर्ग, ज्योति गुप्ता आदि सदस्य महिलाएं मौजूद रही ।

आकर्षक ऑफर, मात्र 300 मे लगवाए विज्ञापन

# "वह खिलाड़ी बाजीगर होता है, जो अपनी हार को भी जीत में बदल दे"

दैनिक समाज जागरण

बहजोई। जायंट्स सेवा सप्ताह के छठवें दिन सभी सामूहिक ग्रुप के पदाधिकारी एवं समस्त जायंट्स मेंबर द्वारा हीरादेवी तोता राम इन्टर कालेज में खेल (जूडो) प्रतियोगिता कराई। बहजोई नगर के हीरा देवी तोता राम इन्टर कालेज मे प्रतियोगिता का शुभारंभ जायंट्स प्रार्थना से की गई , कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कालेज की प्रधानाचार्य श्री मती आशा देवी एवं यूनिट डायरेक्टर मीनू वार्ष्णेय जूडो मास्टर एकांश के नेतृत्व में जूडो प्रतियोगिता की गई।
प्रतियोगिता में 100 कन्याओं ने भाग लिया जिसमें से तीन कन्याओं ने बाजी मारी।

प्रथम स्थान चंचल शर्मा ने प्राप्त किया। दूसरा पुरस्कार ओजस्वी ने प्राप्त किया और तीसरे पुरस्कार की हकदार मिथिलेश रही ।
बाकी सभी कन्याओं को सामान पुरस्कार दिए गए और साथ ही जूडो मास्टर एकांश जी को भी सम्मानित किया गया।



"छोटी सी मुसीबत से जो घबरा जाए वह अनाड़ी होता है हार को भी सामने देखकर जो लड़ जाए वह खिलाड़ी होता है "।।

**जूडो मास्टर एकांश जी ने जायंट्स ग्रुप की सभी बहनों को उन्होंने कुछ छोटे छोटे जूड़ो के टिप्स बताए ।**

**कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय गान से किया गया साथ ही जय हिंद ,जय भारत के नारे लगाए।**

इस अवसर पर यूनिट डायरेक्टर मीनू वार्ष्णेय, जायंट्स ग्रुप ऑफ बहजोई के अध्यक्ष सुशील कुमार वार्ष्णेय, जागृति के अध्यक्ष डोली गुप्ता जीवन धारा की अध्यक्ष रश्मि शर्मा नई स्टार के अध्यक्ष मीनू यादव सचिन गीता रस्तोगी सचिव नंदिनी वार्ष्णेय , कोषाध्यक्ष किशोर बजाज,आरती, आई पी पी मीरा वार्ष्णेय, कमल चेयरमैनजी ,क्षमा , दर्शन डीआर, कविता शंकर पायल वार्ष्णेय अनुराधा, आकांक्षा,रूपम, शीतल, शालिनी, ममता रस्तोगी, सुमित, लाल बहादुर, धर्मेंद्र कुमार (बब्लू) अंकुर,( राजा)आदि समस्त जायंट्स ग्रुपों के सदस्य मौजूद रहे।

# बारिश में मकान की नींव धंसने से एक ओर की दीवार गिरी मकान हुआ क्षतिग्रस्त

दैनिक समाज जागरण

संभल। सरायतरीन निवासी एक गरीब व्यक्ति सुलतान अपने मकान में अपने दो बच्चों के साथ रहता है। लेकिन आज उसका मकान रहने के लायक नहीं बचा, उसके मकान के बराबर में एक खाली प्लॉट है पीछे खेत है खाली पड़े प्लॉट में बारिश के बाद पानी इकट्ठा हो जाता है। जिससे उसके मकान की एक साइड कमजोर हो गई थी पानी भरने के चलते दीवार की बुनियाद नीचे बैठ गई और उसके कारण सुलतान के मकान की दीवार गिर गई। यह मामला सराय तरीन के नवाब खेल मोहल्ले का है। यहां हुस्ना मस्जिद के निकट एक गली में रहता है सुल्तान। नाम सुल्तान है लेकिन व्यक्ति अत्यंत गरीब है। किसी तरह से आठ वर्ष पूर्व यहां एक मकान लिया था। वह कहता है कि लगभग 8 वर्ष से यहां पर रहता आ रहा है। उसके बराबर में एक प्लॉट दरबार निवासी व्यक्ति का है उसने प्लॉट के स्वामी से कई बार कहा कि प्लॉट में पानी भर जाता है लेकिन प्लॉट के स्वामी पर जूं तक ना रेंगी। पिछले दिनों हुई लगातार बारिश से सुल्तान के मकान की दीवार गिर जाती है। गनीमत यह रही कि किसी को हानि नहीं पहुंची। मकान के जिस कमरे में वह सो रहे थे उसी ओर की दीवार गिरी, दीवार गिरने के बाद मकान एक और झुक जाता है। सुलतान और परिजन बाल बाल बच जाते हैं।मकान की दीवार गिरने से मकान क्षतिग्रस्त हो गया है, किसी भी समय उसके गिरने की संभावना है। सुल्तान का आरोप है कि वह दीवार गिरने के बाद प्लॉट के स्वामी के पास जाता है और उससे कहता है

# कौशल विकास केन्द्र में प्रोग्राम में सफल हुए युवक और युवतियों को सर्टिफिकेट वितरित

शावेज अहमद रामपुर। रेडिको खेतान लि. और आर्ट आफ लिविंग के संयुक्त तत्वावधान में चल रहे कौशल विकास केन्द्र में ब्यूटीशियन, टेलरिंग, मोबाइल रिपेयरिंग और एक्सेज टू इम्पलाइ बिलिटि प्रोग्राम के सभी सफल हुए युवक और युवतियों को सर्टिफिकेट वितरित करने के लिए रेडिको खेतान लि. की तरफ से सामाजिक कार्य प्रभारी अनीता चैहान, अनीता सिंह, विकास सक्सैना, इंद्रपाल सिंह ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई तथा अपना स्वरोजगार करने के इच्छुक अभ्यार्थियों को स्टार्टअप किट और आर्थिक सहायता भी प्रदान की। कार्यक्रम का संचालन आर्ट आफ लिविंग की ओर से आदित्यनाथ चैबे ने किया। इस मौके पर इंद्रपाल सिंह ने कहा कि युवाओं को स्वरोजगार के लिए अपने प्रयास करते रहना चाहिए ताकि वह तरक्की की सीढी पर चढ सकें। देश के युवाओं में काबिलियत कूट कूट कर भरी हैं बस उन्हे अपनी प्रतिभा का सही प्रकार से इस्तेमाल करना होगा इसके लिए हम उनके साथ हैं। केन्द्र व प्रदेश सरकार युवाओं के रोजगार के लिए अवसर प्रदान कर रहीं हैं ताकि युवा रोजगार से जुड़ सकें इसके लिए विभिन्न प्रकार की कल्याणकारी योजनाएं संचालित हैं जिसमें युवा अपने हुनर को बढ़ावा दे सकते हैं। इस मौके पर प्रशिक्षक माया राजपूत, रचना गौरव, नवीन पाठक, शक्ति सिंह, शुभम मिश्रा, चन्दन सक्सैना आदि मौजूद थे।



# वारिसान प्रमाण पत्र की रिपोर्ट में लापरवाही बरतने पर टांडा तहसील का लेखपाल निलंबित

## जनता दर्शन के दौरान मिली शिकायत पर जिलाधिकारी ने की कार्यवाही 06 माह से वारिसान प्रमाण पत्र के लिए भटक रही थी महिला

शावेज अहमद रामपुर।जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ के निर्देश पर तहसील टांडा के ग्राम सरकड़ी में तैनात लेखपाल मोहम्मद उल्ला खान को निलंबित करके कलेक्ट्रेट स्थित भूलेख कार्यालय में सम्बद्ध कर दिया गया है।

ग्राम सरकड़ी की रहने वाली रेखा यादव के पति की नवंबर 2022 में सड़क दुर्घटना के दौरान मृत्यु हो गई थी। इस घटना के बाद रेखा अप्रैल से अब तक अपना वारिसान प्रमाण पत्र बनवाने के लिए लगातार भटक रही थी। अंततः वे जनता दर्शन के दौरान जिलाधिकारी के पास पहुंची और वारिसान प्रमाण पत्र बनवाने के लिए बीते 6 माह की सभी परेशानियों के बारे में जिलाधिकारी को बताया। उन्होंने यह भी बताया कि वह कई बार तहसील के चक्कर लगा चुकी हैं परंतु वहां लेखपाल और अन्य कर्मचारी सिर्फ आश्वासन देकर वापस भेज देते हैं।

जिलाधिकारी ने पूरे प्रकरण को गंभीरता से लिया और सीधे सरकड़ी क्षेत्र के लेखपाल मोहम्मद उल्ला खां को फोन लगाकर उनसे पूरे मामले की जब स्थिति पूछी तो लेखपाल के पास कोई जवाब नहीं था यहां तक कि लेखपाल लंबित प्रकरण के कारणों को भी स्पष्ट नहीं कर पाया। इसके बाद जिलाधिकारी ने लेखपाल को तत्काल निलंबित करके भूलेख कार्यालय में सम्बद्ध करने के संबंध में एसडीएम टांडा को निर्देश जारी कर दिए। एसडीएम टांडा ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश के अनुरूप संबंधित लेखपाल को निलंबित कर दिया गया है।

# मनकरा गांव में लोगों को स्वच्छता के लिए जागरुक करने के लिए बैंड बाजे के साथ निकाली रैली

## सेवा ही स्वच्छता अभियान के तहत मनकरा गांव में लोगो ने की सफाई

शावेज अहमद रामपुर। कचरे से मुक्ति के लिए लोगों को जागरूक करने के लिए ग्राम पंचायत मनकरा में निकाली गई रैली में बैंड बाजा बजाया गया । कचरा मुक्त भारत अभियान में लोगों की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए यह तरीका अपनाया गया। रैली में ग्राम प्रधान संगठन के जिला महासचिव काशिफ खां और ग्राम विकास अधिकारी सैयद दानिश हबीब ने लोगों को सफाई का महत्व बताया। उन्होंने बताया कि स्वच्छता ही सेवा अभियान दो अक्तूबर तक चलेगा। साथ ही गांव में झाड़ू और जेसीबी से सफाई भी कराई। एंटी लार्वा का छिड़काव कराया गया। इस मौके पर ग्राम प्रधान सना काशिफ, राजकीय इंटर कॉलेज प्रधानाचार्य ओमप्रकाश, पंचायत सहायक नेहा खान, श्याम बाबू, सलीम अल्वी, इकराम उल्ला खां, गुलाम साबिर, हीरालाल सैनी, मुनीर अहमद, शाहजान खां, अमरवती, छोटी, मालदेई आदि मौजूद रहे।




## अपराध नियंत्रण करना ही उनकी पहली प्राथमिकता : राजेश द्विवेद्वी

शावेज अहमद रामपुर। नवांगत पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने आज कार्यालय पर पत्रकार वार्ता में बोलते हुए कहा कि रामपुर में कानून का राज कायम करना और अपराध नियंत्रण करना ही उनकी पहली प्राथमिकता हैं। नवांगत पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेद्वी ने कहा कि जिले में सुरक्षा एवं भयमुक्त सौहाद्रपूर्ण वातावरण प्रदान करना ही पुलिस की प्राथमिकता हैं जिले में पुलिस मित्र पुलिसिंग के लिए कटिबद्व हैं। जनता के प्रत्येक व्यक्ति को न्याय दिलाने एवं शिकायतों के निस्तारण के लिए पुलिस 24 घंटे उपलब्ध हैं। उन्होने कहा कि रामपुर में कानून व्यवस्था को और बेहतर बनाने का काम किया जायेगा। अपराध करने वाला व्यक्ति कितना ही बड़ा क्यों न हो उसके खिलाफ सख्त कार्यवाही में अमल में लाई जायेगी। उन्होने कहा कि छोटी से छोटी घटनाओं पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी ताकि उसे कोई तूल न दे सकें और जिले की वातावरण खराब न कर सकें। धार्मिक त्यौहारों के अलावा भी पुलिस की सोशल मीडिया पर पैनी नजर रहेगी ताकि कोई भी व्यक्ति बिना वजह किसी बात को लेकर कोई अफवाह न फैलाये।



## थाना अजीमनगर में एक व्यक्ति नाजायज तमन्चे के साथ गिरफ्तार

शावेज अहमद रामपुर । थाना अजीमनगर पुलिस द्वारा ग्राम खेमपुर से ग्राम भोटबक्काल जाने वाले रास्ते पर से चेकिंग के दौरान फुरकान पुत्र अबरार नि0 ग्राम दूंदावाला थाना स्वार, रामपुर को एक नाजायज तमन्चा 12 बोर और 02 कारटूस जिन्दा 12 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में थाना अजीमनगर पर मुकदमा धारा 3/25 आर्म्स एक्ट में पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गई है ।



# जायंट्स ग्रुप महिला समृद्धि ने कंपोजिट विद्यालय में कराई हृदय चित्रण प्रतियोगिता

बिसौली आई एम खान। जायंट्स ग्रुप महिला समृद्धि बिसौली ने जायंट्स सेवा सप्ताह के छटे दिन कंपोजिट विद्यालय में विज्ञान विषय पर आधारित हृदय चित्र पर चित्रण प्रतियोगिता का आयोजन किया। जिसमें राजकुमारी को प्रथम स्थान प्रिया को द्वितीय स्थान तथा कृष्णा को तृतीय स्थान के लिए पुरस्कृत किया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बच्चों को सांत्वना पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया। ग्रुप की अध्यक्ष रूपम गुप्ता सचिन सरिता वार्ष्णेय कोषाध्यक्ष अंजलि अग्रवाल, प्रीति, मोनिका अग्रवाल, रुचि वार्ष्णेय, ममता यादव, रोचन अग्रवाल, राधिका अग्रवाल, रोजी, कंचन, आंचल वार्ष्णेय आदि उपस्थित रही।



# विद्युत विभाग उपकेंद्रों पर उपकरणों की मेंटेनेंस पर युद्ध स्तर पर काम करेगा - रामलाल

## एक्सईएन रामलाल ने अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ की बैठक

समाज जागरण

बिसौली आई एम खान। विद्युत विभाग आपके द्वार, अनुरक्षण माह व 25 प्रतिशत अतिरिक्त राजस्व वसूली को लेकर एक्सईएन रामलाल ने अधिकारी व कर्मचारियों के साथ बैठक की। बैठक में उक्त तीनों एजेंडों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए अधिशासी अभियंता ने कहा कि राजस्व वसूली को पच्चीस फीसदी बढ़ाने के लिए सभी अधिकारी व कर्मचारियों को मिलकर अतिरिक्त प्रयास करना होंगे। उन्होंने कहा कि विद्युत विभाग आपके द्वार अभियान के तहत अधिकारी व कर्मचारी उपभोक्ताओं के डोर पर जाकर उनकी समस्याओं को जानेंगे। वहीं अनुरक्षण माह के अन्तर्गत उपकेन्द्रों पर उपकरणों की मेंटिनेंस पर युद्धस्तर पर काम होगा। बैठक में एसडीओ रामगोपाल राठौर, मनीष यादव, जेई मियां कुरैशी, पंकज कुमार, इंतजार अहमद, हितेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।



# 24 सितंबर को छबड़ा में होगा विशाल सत्संग, शुक्रवार को अनुयाईयो ने आध्यात्मिक पुस्तकों का किया प्रचार-प्रसार

कमल सिंह लोधा ब्यूरो चीफ
दैनिक समाज जागरण

छबड़ाः संत रामपाल जी महाराज के अनुयायियों के द्वारा 24 सितंबर 2023 को विशाल सत्संग समागम का आयोजन एलइडी टीवी के माध्यम से किया जाएगा यह कार्यक्रम सेलिब्रेशन मैरिज गार्डन छबड़ा में सुबह 10 बजे से किया जाएगा बड़ी संख्या में श्रद्धालु संत जी मंगल प्रवचनों को सुनने के लिए पहुंचेंगे वहीं शुक्रवार को संत रामपाल जी महाराज के अनुयायियों ने आध्यात्मिक पुस्तकों का भी प्रचार-प्रसार छबड़ा तहसील के कई ग्रामों में किया गया यह सभी पुस्तक संत रामपाल जी महाराज द्वारा लिखित है जैसे ज्ञान गंगा, जीने की रहा,गीता तेरा ज्ञान अमृत आदि` जिला सेवादार राजेंद्र दास ने बताया कि जिला बारां के तहसील छबड़ा में 24 सितंबर रविवार को विशाल सत्संग का आयोजन एलइडी टीवी के माध्यम से किया जा रहा है जिसमें सभी धर्म प्रेमी सादर आमंत्रित है सत्संग करने का उद्देश्य है कि समाज में फैल रही कुर्तियां जैसे दहेज-प्रथा, रिश्वतखोरी, भ्रष्टाचारी, नशा,भ्रूण हत्या जैसे तमाम कुरीतियों को जड़ से खत्म करके एक स्वच्छ समाज का निर्माण करना है पुस्तक सेवा में उपस्थित सेवादार मदन दास, बनवारी दास, रामस्वरूप दास, विकास दास, राहुल दास,जगदीश दास, अरविन्द दास, मुंशी दास, संजय दास, बिशन दास, राधेश्याम दास, जानकीलाल दास,जितेन्द्र दास,गोरधन दास आदि भगत और बहने पुस्तक सेवा करते हुए नजर आए`



# जिलाधिकारी पवन अग्रवाल ने प्राथमिक विद्यालय का किया निरीक्षण

दैनिक समाज जागरण सुनील श्रीवास्तव सिद्धार्थनगर। जिलाधिकारी पवन अग्रवाल द्वारा प्राथमिक विद्यालय जगदीशपुर खुर्द विकास खण्ड नौगढ़ का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सभी कक्षाओं में जाकर बच्चों से पढ़ाई तथा शिक्षको की उपस्थिति के बारे में जानकारी प्राप्त की गयी। जिलाधिकारी द्वारा बच्चों से कविता सुनी गयी। जिलाधिकारी ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी देवेन्द्र कुमार पाण्डेय को निर्देश दिया कि विद्यालय परिसर में साफ-सफाई व्यवस्था, शौचालय की साफ-सफाई तथा बच्चों के लिए पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करायें। जिलाधिकारी ने शिक्षकों को समय से उपस्थित होकर बेहतर शिक्षण प्रदान करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान सभी शिक्षक व अन्य कर्मचारी उपस्थित थे। जिलाधिकारी के निरीक्षण से शिक्षा विभाग में खलबली मचा हुआ है। लोगों में चर्चा है कि जिलाधिकारी कब और किस जगह निरीक्षण के लिए पहुंच जाए कोई पता नहीं है। क्योंकि नवागत जिलाधिकारी पवन अग्रवाल के काम करने का अलग ही तरीका है। सीएम के शहर गोरखपुर में इतनी बड़ी नौकरी करना और छबि को बचाए रखना मामूली बात नहीं थी। ऐसी जगह ड्यूटी कर चुके जिला अधिकारी पवन अग्रवाल के लिए सिद्धार्थनगर जनपद कठिन नहीं महसूस होगा। सूत्रों के अनुसार सीएमओ कार्यालय का रिश्वतखोरी का वीडियो वायरल का प्रकरण सुलझाना जिलाधिकारी पवन अग्रवाल के लिए आसान भी नहीं होगा।




# नगर पालिका सिरसागंज में श्रमदान के साथ सेवा पखवाड़ा का हुआ शुभारंभ

दैनिक समाज जागरण सिरसागंज। नगर पालिका परिषद सिरसागंज के कार्यालय पर पालिकाध्यक्ष श्रीमती रंजना सिंह एवं स्वच्छ भारत अभियान के ब्राण्ड एम्बेसडर अश्वनी कुमार जैन के संयोजन में सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। सर्वप्रथम पालिकाध्यक्ष एवं सभी वार्ड के सदस्यों के साथ हुई बैठक में सरकार की योजनाओं की जानकारी साझा की गईं। इसके साथ ही डूडा विभाग के दुर्वेश कुमार द्वारा सरकार द्वारा निर्गत विश्वकर्मा योजना एवं स्वंय सहायता समूह की जानकारी प्रदान की। अश्वनी कुमार जैन ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि स्वच्छता में सिरसागंज को नम्बर एक बनाने के लिए सभी को जागरूक रहना होगा। रंजना सिंह ने सभी वार्ड के सदस्यों की समस्याओं का निराकरण करते हुए सरकार की योजनाओं मेरी माटी मेरा देश, स्वच्छ भारत अभियान, संचारी रोग, विश्वकर्मा योजना आदि पर विस्तृत प्रकाश डाला।

बैठक के उपरांत पालिकाध्यक्ष रंजना सिंह, ब्राण्ड एम्बेसडर अश्वनी कुमार जैन, अधिशासी अधिकारी सुरभि पाण्डेय, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक राकेश कुमार, प्रधान लिपिक निखलेश जैन आदि ने श्रमदान करके स्वच्छता के लिए जन जागरूक संदेश प्रदान किया। कार्यक्रम में सभी वार्डों के सदस्यों के साथ मानवेन्द्र सिंह, अमिता पोरवाल, रेनू उपाध्याय, निशी शर्मा, माला, शोभा जैन, गरिमा आर्य, मोहिनी जैन आदि उपस्थित रहे।



# दशलक्षण पर्व का चौथा दिन : हुई उत्तम शौच धर्म की आराधन

दैनिक समाज जागरण

फिरोजाबाद। इन दिनों दशलक्षण पर्व पर समूचा नगर धर्म मय बना हुआ है। प्रातःकाल से ही जैन मंदिरों में घंटे घढियालो और श्री जी के जयकारों की आवाज गूंजने लगती है। पीत और श्वेत वस्त्रों में पुरुष और महिला श्रद्धालु सड़कों पर समूहों में अपने मंदिरों की ओर जाते हुए नजर आते हैं। मंदिरों का एक अद्धभुत दृश्य मन को भी पवित्र कर देता है।

नगर में पर्व के चौथे दिन जैन श्रद्धांलुओं द्वारा उत्तम शौच धर्म की आरधना की गई। इस अवसर पर जैन मंदिरों में प्रातः सूर्योदय से पूर्व पुरुष श्रद्धांलुओं ने श्री जी का जिनाभिषेक किया ततपश्चात ढ़ोल नगाड़ों के साथ श्री जी की शांतिधारा की गई उसके बाद देव शास्त्र, गुरु की पूजा के पश्चात उत्तम शौच धर्म मन्त्रोंच्चारण के साथ अर्घ्य चढ़ाये गए। श्री बासुपूज्य दिगम्बर जैन मंदिर अट्टा वाला, श्री शीतल नाथ दिगम्बर जैन मंदिर बब्बू जी की जीन, श्री बाहुबली दिगम्बर जैन मंदिर नई बस्ती, श्री महावीर दिगम्बर जैन मंदिर गाँधी नगर के साथ साथ श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर जैन नगर खेड़ा में सागर से पधारे प्रतिष्ठिचार्य अभिषेक जैन ने शुद्ध मन्त्रोंच्चारण द्वारा महिला पुरष श्रद्धांलुओं से दशलक्षण विधान कराया। उन्होंने दोपहर की सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रकर्षप्राप्त लोभ का त्याग करना शौच हैं। चित्त से जो परस्त्री और परधन की अभिलाषा ना करता हुआ षट्काय के जीवों की हिंसा से रहित होता हैं ,इसे ही दुर्भेद्य अभ्यन्तर कलुषता को दूर ओर करने वाला उत्तम शौच धर्म कहा जाता हैं ,इससे भिन्न दूसरा शौच धर्म नहीं हैं।
आत्यंतिक लोभ की निवृत्ति शौच हैं व शुचि का भाव वा कर्म उत्तम शौच हैं। धनादि वस्तुओं में ह्लये मेरे हैं ह्लऐसी अभिलाषा बुद्धि ही सर्व संकटों में मनुष्य को गिराती हैं। इस ममत्व को हृदय से दूर करना ही लाघव ( शौच ) धर्म हैं। लघु का भाव लाघव हैं ,व्रतों में अतिचार नहीं लगाना इसी का नाम शौच हैं ,प्रकर्षता को प्राप्त लोभ को दूर करना ही शौच हैं। समस्त पदार्थों में तथा अपने सुखादि में पूर्ण संतोष धारण करना शौच धर्म हैं।
मीडिया प्रभारी आदीश जैन ने बताया कि आज मंदिरों में उत्तम सत्य धर्म की आराधना होगी तथा दोपहर में तत्वार्थ सूत्र पर धर्म चर्चा होगी।



# उप जिलाधिकारी ने प्राथमिक विद्यालय का किया निरीक्षण

दैनिक समाज जागरण फिरोजाबाद। ब्लॉक स्तरीय टास्क फोर्स अध्यक्ष उप जिलाधिकारी तहसील जसराना आदेश सिंह सागर द्वारा आज विकास खण्ड जसराना के प्राथमिक विद्यालय अकबरपुर कुतुकपुर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित पाया गया। कुल नामांकित 95 के सापेक्ष 72 बच्चे उपस्थित मिले। उप जिलाधिकारी महोदय जी द्वारा विद्यालय के भौतिक परिवेश एवं शैक्षिक स्तर का गहनता पूर्वक अवलोकन किया गया। विद्यालय में ऑपरेशन कायाकल्प व निपुण भारत योजनांतर्गत हुए सकारात्मक परिणामों का आंकलन किया। कक्षा 2 के बच्चों ने हासिल वाले जोड़ किये। कक्षा 3 की छात्राओं पलक व मंदिरा द्वारा हिंदी विषय की पाठ्यपुस्तक का प्रवाहपूर्ण पाठन किया गया। कक्षा 5 के बच्चों साक्षी वर्मा,याचिका से अंग्रेजी की पाठ्यपुस्तक में से पाठ व कविता का लयबद्ध तरीके से पाठन किया गया। खण्ड शिक्षा अधिकारी महोदय द्वारा पूछे गए कठिन शब्दों के अर्थ भी बच्चों ने बताएं। लाइब्रेरी का भी अवलोकन किया गया जिसमें बच्चों के लिए कहानियों, कविताओं, पत्रिकाओं आदि की सुलभ उपलब्धता हेतु निर्देश भी प्रदान किए गए। बच्चों के स्तरानुसार अधिगम स्तर ,टी एल एम प्रयोग आदि के भी निर्देश प्रदान किये। उप जिलाधिकारी महोदय ने रसोई घर का भी निरीक्षण किया तथा साफ सफाई व खाद्यान्न भण्डारण की उचित व्यवस्था को संतोषजनक बताया। मध्याह्न भोजन योजनांतर्गत बनने वाले भोजन को भी चखा। खण्ड शिक्षा अधिकारी जसराना श्री रामरूप जी ने शिक्षकों को नियमित शिक्षक डायरी के व संदर्शिका के उपयोग हेतु निर्देश प्रदान किए। ए आर पी श्री अजयपाल सिंह द्वारा निपुण तालिका के प्रयोग की जानकारी दी गई। प्रधानाध्यापिका श्रीमती नीरज यादव ,श्रीमती शैफाली, श्रीमती रंजना, नीरज ,ममता सहित समस्त स्टाफ ने विद्यालय को निर्धारित अवधि में निपुण बनाने का आश्वासन भी दिया।




## महिला की अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने के साथ शारीरिक संबंध बनाने बाले के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

फिरोजाबाद। थाना लाइन पार के मोहल्ला रामनगर में एक महिला की अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल कर शारीरिक संबंध और लाखों की नगदी लेने वालों के खिलाफ पुलिस नेमुकदमा दर्ज विवेचना शुरू कर दी है।
रामनगर निवासी एक महिला ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहां है। कि विशाल पाठक पुत्र ओम शंकर पाठक निवासी रामनगर का उसके परिवार से संबंध थे। इसलिए वह महिला के घर आता जाता था आरोप है। के करीब 2 साल पूर्व विशाल ने धोखे से नहाते समय नग्न अवस्था में मोबाइल से फोटो खींच लिए और अश्लील वीडियो भी बना लिए उन फोटो और वीडियो को बनाकर नेट पर वायरल करके बदनाम करने की धमकी के साथ ब्लैकमेल करने लगा

# जिलाधिकारी ने भू गर्भ जल प्रबन्धन परिषद की बैठक में जनपद के गिरते भू गर्भ जल स्तर को बढाने के दिए निर्देश।

फिरोजाबाद। जिलाधिकारी डा0 उज्ज्वल कुमार की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार में शुक्रवार को भू गर्भ जल प्रबन्धन परिषद की बैठक सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी ने जल संरक्षण व जल संचय पर जोर देते हुए बताया कि बारिश से फसलों को होने वाले नुकसान को बचाने के लिए खेत तालाब काफी कारगर हैं, इसलिए औद्योगिक इकाईयों के स्वामी कम से कम एक एक तालाब गोद लेकर जल संचयन हेतु उसे बडे.स्तर पर विकसित करें, क्योंकि औद्योगिक इकाईयों में लगे नलकूपों के द्वारा बहुत अधिक भू गर्भ जल निकाला जाता है, इसलिए वह अपने इकाईयों में रैन वाटर हार्वेस्टिंग के साथ गोद लिए तालाबों के जरिए भी जल संचयन कराए। उन्होने बताया कि पिछले दिनों सरकार व जिला प्रशासन द्वारा मनरेगा व पंचायती राज आदि के द्वारा जल संचयन व जल संरक्षण के लिए किए गए प्रयासों से जनपद के विकास खण्डों में दो से ढाई मीटर तक भू गर्भ जल स्तर बढा है। उन्होने कहा कि इसको देखते हुए अब औद्योगिक वाणिज्यिक व जनसहभागिता तथा जिला प्रशासन के संयुक्त प्रयास से तालाब, जलाशय व नदियों को साफ व क्रियाशील करना व रैन वाटर हार्वेस्टिंग आदि से जनपद के भू गर्भ जल स्तर को और अधिक तेजी से बढाया जा सके।
उन्होने कहा कि भूगर्भ जल के अनियंत्रित और तीव्र निष्कर्षण के फलस्वरुप भू-गर्भ जल के स्तरों में आई गिरावट से भयप्रद स्थिति उत्पन्न हो गयी है, और राज्य के अनेक भागों के ग्रामीण एवं नगरीय दोनो क्षेत्रों मे भू-गर्भ जल के स्त्रोतों मे कमी आ गयी है। भू-गर्भ जल, घरेलू, कृषि और औद्योगिक उपयोगों हेतु एकल सर्वाधिक महत्वपूर्ण जल स्त्रोत होने के कारण ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रो में पेयजल, खाद्य तथा जीविका सुरक्षा का मेरुदण्ड है विशेष रुप से संकट ग्रस्त ग्रामीण तथा नगरीय क्षेत्रों मे परिमाणात्मक एवं गुणात्मक भू-गर्भ जल का अनवरत प्रबंधन सुनिश्चित करने हेतु भू-गर्भ जल की सुरक्षा, संरक्षा, नियंत्रण तथा विनियमन और उससे सम्बन्धित है।

# वर्ष 2024 में लोकसभा और विधानसभा चुनावों के लिए बढ़ने लगी उठापटक

# राजनेता उम्मीदवारी की चाहत में मनमर्जी के दलों और हल्कों में पहले लाईन में लगकर रखने लगे मजबूत दावा

## जे. जे. पी. के वरिष्ठ नेता और राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पूर्व सहकारिता मंत्री सतपाल सांगवान ने पार्टी से किया किनारा

**विनोद कश्यप**
**प्रभारी, दैनिक समाज जागरण पंजाब, हरियाणा**

चण्डीगढ़ , सितम्बरः 2024 के लोकसभा और हरियाणा विधानसभा चुनावों से पहले हरियाणा के बड़े- छोटे राजनीतिक लीडरों ने अपनी सहूलियत, क्षेत्रों के मतदाताओं का रुझान और जीत सुनिश्चित करने के लिए दल बदल से नयी राहें पकड़ने की दिशा में कदमताल शुरू कर दी है। केंद्र में भाजपा के विरोध में बनी ' इन्डिया' ( क ठ. ऊ क अ. )पार्टी की सदस्यता के लिए राजनीतिक पार्टियां अपने सियासी समीकरण सेट करने में लगी हुई है।

पूर्व उपप्रधानमंत्री स्वर्गीय चौधरी देवीलाल की छवि को भुनाने के लिए उनके बेटे और पोते अपनी- अपनी चाहत के मुताबिक लोकसभा और विधानसभा चुनावों में ऐसे राजनीतिक दलों के साथ तालमेल करने की फिराक में हैं, जहाँ से उनका भविष्य और बने या संवर सके।

### पूर्व उपप्रधानमंत्री स्वर्गीय चौधरी देवीलाल की जयंती पर इनेलो और जेजेपी जलाना चाहती हैं अपनी- अपनी आशा का दीप

सर्वविदित है कि चौधरी देवीलाल की जयंती निकट है और इसे मनाने के लिए इनेलो और जेजेपी विभिन्न पार्टियों के साथ तालमेल बिठाने के लिए हरियाणा के अलावा इसकी सीमा से सटे उन प्रदेशों में भी रैलियाँ करने की सोच रही हैं जहाँ से मतदाताओं के वोटों को भुनाया जा सके। इनेलो के नेता भाजपा की प्रमुख विरोधी पार्टी और विभिन्न राष्ट्रीय व प्रादेशिक पार्टियों के गठबंधन से हाल ही में बनी 'इन्डिया' में जुडने के लिए हाथ पॉव मारना चाहते हैं। उन्होंने देश भर के विभिन्न पार्टियों के वरिष्ठ नेताओं को जननायक देवी लाल की जयन्ती के अवसर पर आयोजन स्थल पर प्रमुख अतिथि बनाने के लिए न्योता भी स्वयं जाकर दिया है। ऐसे ही जेजे पी के नेता नयी युवा पीढ़ी में और तालमेल के लिए भाजपा नेतृत्व के इशारे की प्रतीक्षा कर रही है।

### जेजेपी नेताओं को अपने क्षेत्र में करवाये विकास कार्यो का विश्वास और भाजपा को सहारा

जेजे पी नेताओं को विश्वास है कि गत 4 साल से हरियाणा में भाजपा के साथ गठबंधन को भाजपा के राष्ट्रीय नेता महत्वपूर्ण हिस्सा मानकर प्रदेश की 10 लोकसभा सीटों में से ऐसा चुनाव क्षेत्र उनके हवाले कर देंगे जहाँ इन दिनों भाजपा की पकड़ बहुत कम और जेजे पी के प्रति लोगों , विशेष रूप से युवाओं का झुकाव पहले से भी ज्यादा बना है। लेकिन इसके नेताओं को यह चिंता भी सताने लगी है कि कहीं पार्टी के साथ जुड़े वरिष्ठ नेता ही मुँह न मोड़ लें और उनके प्रभाव क्षेत्र में जेजे पी के पास कोई जनता के बीच प्रभाव वाला क्षेत्र का नेता ही न हो। सबसे बड़ी बात जेजेपी के पक्ष में यह भी है कि गठबंधन के इस 4 साल की अवधि में उपमुख्यमंत्री दुष्यन्त चौटाला और जेजेपी के गठबंधन सरकार में बने अन्य मंत्री अपने चुनाव क्षेत्र में विकास करवाने में पीछे नहीं हटे। उनके पास अपने काम गिनाने का मौका भी है। विधानसभा चुनाव में भाजपा और जेजेपी के नेताओं में एक दूसरे के सहारे आगे बढ़ने की उम्मीद भी दुष्यन्त चौटाला द्वारा कराये विकास कार्यों पर निर्भर है।

कांग्रेस पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री राहुल गाँधी की बीते दिनों 'भारत जोड़ो यात्रा' और कर्नाटक तथा हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस पार्टी की बनी सरकारों के कारण पार्टी सफलता से देश की जनता का कांग्रेस के प्रति लौटकर आया विश्वास से देश भर के कांग्रेस नेताओं और कार्यकताओं के बीच जहाँ उम्मीद की किरण बना वहीं, देश के भाजपा विरोधी दलों के नेताओं का कांग्रेस को साथ लेकर बना 'इन्डिया' पार्टी से जहाँ प्रधानमंत्री मोदी व



भाजपाई नेताओं मन में झलक रही निराशा जैसे अनेक कारणों के मद्देनजर पार्टियों में दलबदल तेज होती जा रही है। कोई जेजे पी छोड़कर इनेलो, कोई इनेलो छोड़कर जेजे पी और बहुत से ऐसे भी हैं जो इन दोनों पार्टियों को छोड़कर कांग्रेस की झोली में गिर रहे हैं। इनेलो के राष्ट्रीय नेताओं को भी 'इन्डिया' के सहारे कांग्रेस के साथ जुड़ने की चाह है।

### सफल राजनीतिक भविष्य की तलाश

खास बात यह भी है कि इनके राजनीतिक दलों के साथ जुड़े अन्य नेताओं को अपना राजनीतिक सफर को कामयाब बनाए रखने के लिए ऐसे राजनीतिक पार्टी के टिकट की तलाश है, जिसके प्रति जनता का अधिक से अधिक झुकाव हो।

जैसा कि हर चुनावों के समय राजनीतिक पार्टियों में उठापटक देखी जाती रही है कि विभिन्न पार्टियों के नेता इधर से उधर जाते है। जिसकी वजह से किसी पार्टी का पलड़ा भारी दिखाई देता है। तो कभी किसी एक नेता के पार्टी छोड़कर जाने पर भी बड़ा प्रभाव पड़ता है। इसी कड़ी में लोकसभा चुनावों से पहले जेजेपी को बड़ा झटका लगा है। जेजेपी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व पूर्व सहकारिता मंत्री सतपाल सांगवान ने आज ही पार्टी से किनारा कर लिया है, जो बड़ा झटका है।

### सतपाल सांगवान का जेजेपी से इस्तीफा

राजनीति के बड़े खिलाड़ी होने के नाते सतपाल सांगवान ने अभी किसी दूसरे दल में जाने की घोषणा नहीं की है। ये भी विदित है कि जेजेपी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष का पद छोड़ने वाले सतपाल सांगवान ने चरखी दादरी के गांव पैंतावास खुर्द और कलां में ग्रामीणों से बातचीत के दौरान ऐलान किया है अब उनका किसी राजनीतिक पार्टी से कोई वास्ता नहीं है। विकास के मामले में दादरी की उपेक्षा करना उन्हें बड़ा अखरा है जिसके चलते उन्होंने ये फैसला लिया है। सांगवान ने कहा कि जनप्रतिनिधियों की कार्यशैली की वजह से जनता को खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। वहीं उन्होंने कहा कि दादरी क्षेत्र में विकास कार्य ना करवाने का बदला क्षेत्र की जनता आगामी चुनावों में लेने वाली है। सांगवान ने कहा कि वो अब किसी पार्टी में नहीं है, लेकिन जल्द ही पार्टी वर्करों की मीटिंग बुलाकर किसी दूसरे दल में जाने का बड़ा फैसला ले सकते हैं।

# जेजेपी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सतपाल सांगवान ने अपने क्षेत्र में विकास कार्यों के नहीं होने पर पार्टी से ही दिया त्याग पत्र

**विनोद कश्यप, प्रभारी, दैनिक समाज जागरण पंजाब, हरियाणा**

चण्डीगढ़, 22 सितम्बरः लोकसभा चुनाव से पहले राजनीतिक पार्टियां अपने सियासी समीकरण सेट करने में लगी हुई हैं। जैसा कि हर चुनाव के समय राजनीतिक पार्टियों में उठापटक देखी जाती है। प्रभावी नेताओं को अवश्य उम्मीदवार बनाने के लिए अपने दल में लाने के साथ विभिन्न पार्टियों के नेता और कार्यकर्ता इधर से उधर जाते है। जिसकी वजह से कहीं किसी पार्टी का कमजोर तो किसी पार्टी का पलड़ा भारी दिखाई देता है। तो कभी किसी एक नेता के पार्टी छोड़कर जाने पर भी बड़ा प्रभाव पड़ता है। इसी कड़ी में लोकसभा चुनावों से पहले जेजेपी को बड़ा झटका लगा है।

### जेजेपी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व पूर्व सहकारिता मंत्री सतपाल

### मेरा किसी राजनीतिक पार्टी से वास्ता नहीं

जेजेपी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सतपाल सांगवान ने आज जेजेपी को छोड़ने की घोषणा कर दी है। सतपाल सांगवान ने चरखी दादरी के गांव पैंतावास खुर्द और कलां में ग्रामीणों से बातचीत के दौरान ऐलान किया है अब उनका किसी राजनीतिक पार्टी से कोई वास्ता नहीं है। विकास के मामले में दादरी की उपेक्षा करना उन्हें बड़ा अखरा है जिसके चलते उन्होंने ये फैसला लिया है। उपमुख्यमंत्री पद पर होते हुए भी दुष्यन्त चौटाला ने इस हल्का के लोगों के काम करवाने और यहाँ सरकार की विभिन्न योजनाओं को लागू करने में साथ नहीं दिया। कराएंगे, देखते हैं जैसी बात तो की,लेकिन कोई सार्थक कदम उठाने से परहेज किया। जब जब माँग रखी, लारा-लप्पा ही दिया।

सांगवान ने कहा कि जनप्रतिनिधियों की कार्यशैली की वजह से जनता को खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। वहीं उन्होंने कहा कि दादरी क्षेत्र में विकास कार्य ना करवाने का बदला क्षेत्र की जनता आगामी चुनावों में लेने वाली है. सांगवान ने कहा कि वो अब किसी पार्टी में नहीं है, लेकिन जल्द ही पार्टी वर्करों की मीटिंग बुलाकर बड़ा फैसला ले सकते है।

### जेजेपी की रैली में शामिल नहीं हुए थे सांगवान

आपको बता दें कि चरखी दादरी में 17 सितंबर को जेजेपी ने एक रैली का आयोजन किया गया था। जिसमें सतपाल सांगवान शामिल नहीं हुए थे। तभी से कयास लगाए जा रहे थे, वो जेजेपी से किनारा कर सकते है। इस रैली में सतपाल का न आना चर्चा का विषय बना हुआ था। दादरी में विभिन्न विकास कार्यों में देरी या फिर न होने पर सतपाल सांगवान पार्टी से नाराज है। सतपाल सांगवान कई बार गठबंधन सरकार पर ढिलाई बरतने का आरोप लगा चुके है।

# हरियाणा में 5 करोड़ 556 लाख रुपये की लागत से ऑर्बिटल रेलवे परियोजना का प्रस्ताव मंजूरी के लिए गया केंद्रीय सरकार के पास

## प्रदेश के 67 गाँवों की भूमि का होगा अधिग्रहण

**विनोद कश्यप, प्रभारी, दैनिक समाज जागरण पंजाब, हरियाणा- चण्डीगढ़**




चण्डीगढ़, 22 सितम्बरः हरियाणा में महत्वपूर्ण रेलवे परियोजना का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें सोनीपत सहित सभी जिलों के 67 गांवों की सैकड़ों हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण किया जाएगा। इस परियोजना को पूरा करने में 5,617 करोड़ रुपये की लागत आएगी और इसे पांच साल में पूरा करने की योजना है।

### दिल्ली से चंडीगढ़ तक सीधे जोड़ने की योजना

इस प्रोजेक्ट के जरिए गुड़गांव को दिल्ली से चंडीगढ़ तक सीधे जोड़ने की योजना है, जिससे ट्रैफिक में सुधार होगा। इस परियोजना में सालाना 6 मिलियन टन माल ले जाने के लिए डिजाइन की गई मालगाड़ी भी होगी, जो गुड़गांव को सीधे दिल्ली से जोड़ेगी।

हरियाणा ऑर्बिटल रेल कॉरिडोर को प्रमुख रेलवे लाइनों से भी जोड़ा जाएगा, जिससे यहां के औद्योगिक क्षेत्र और अधिक प्रमुख हो जाएंगे। यह परियोजना दिल्ली-मथुरा मार्ग पर असावटी गांव, दिल्ली-रेवाड़ी मार्ग पर पाटली गांव, दिल्ली-रोहतक रेलवे लाइन पर असोदा और दिल्ली-अंबाला रेलवे लाइन पर सोनीपत के हरसाना स्टेशनों को जोड़ेगी।

### परियोजना के मुख्य बिंदू

अम्बाला छावनी के एक वरिष्ठ रेलवे अधिकारी ने बताया कि परियोजना का नाम हरियाणा ऑर्बिटल रेलवे रख दिया गया है। इस परियोजना पर कुल लागत 5 करोड़ 566 लाख रुपये आएगी। इस रेलवे लाइन के लिए 1000 हेक्टेयर से भी अधिक भूमि को अपने अधिकार क्षेत्र में लेने के लिए रेलवे मंत्रालय ने केंद्रीय सरकार को प्रस्ताव भेजा है।उम्मीद की जा रही है कि शीघ्र ही केंद्रीय सरकार इस बजट की व्यवस्था करके काम को सिरे चढ़ाने के लिए कदम उठाने की स्वीकृति देने को तैयार हो जाएगी। इस प्रस्ताव पर मुहर लगते ही अकेले हरियाणा के 67 गांवों का भूमि अधिग्रहण कर के भूमि मालिकों को राशि का भुगतान किया जाना विचाराधीन है।

### उन्होंने कहा कि इस रूट पर

रेलवे स्टेशनों की संख्या 14 होगी। वर्ष 2023-24 में बनने जा रहे रेलवे फ्लाईओवर और रेलवे अंडरपास की संख्या153 और लाईन की लम्बाई मात्र 130 किमी तय की जा रही है। इस रूट पर चलने वाली चलने वाली सुपर एक्स्प्रेस रेलगाड़ियों और एक्स्प्रेस रेलगाड़ियों की गति 120 से160 किमी प्रति घंटा निर्धारित होने से रेलगाड़ियों से यात्रा करने वाले यात्रियों का काफी समय बचेगा।

# हरियाणा की सभी तहसीलों में ऑनलाइन ई- अपॉइंटमेंट सेवाओं का विस्तार

**विनोद कश्यप प्रभारी दैनिक समाज जागरण पंजाब हरियाणा व चण्डीगढ़**

चण्डीगढ़, 22 सितम्बरः हरियाणा सरकार ने सार्वजनिक सुविधा में सुधार एवं संपत्ति पंजीकरण के लिए प्रतीक्षा समय को कम करने की दिशा में एक



महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए राज्य की सभी तहसीलों और उप-तहसीलों में ऑनलाइन ई-अपॉइंटमेंट सेवाओं के विस्तार की घोषणा की है। इस विस्तार से गुरुग्राम को छोड़कर बाकी सभी जिलों में ई-अपॉइंटमेंट की संख्या 100 से बढ़कर 200 हो जाएगी, साथ ही तत्काल ई-अपॉइंटमेंट की संख्या भी 10 से बढ़कर 50 हो जाएगी। इस संबंध में आज यहाँ जानकारी देते हुए एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि गुरूग्राम जिले में ऑनलाइन ई-अपॉइंटमेंट को 100 से बढ़ाकर 300 किया गया है, जबकि तत्काल ई-अपॉइंटमेंट को 10 से बढ़ाकर 60 कर दिया गया है। यह निर्णय संपत्ति पंजीकरण कार्य की मात्रा, आय की भूमिका और जनता का सर्वोपरि हित को देखते हुए लिया गया है।

इसका उद्देश्य संपत्ति हस्तांतरण दस्तावेजों को निष्पादित करने के इच्छुक लोगों के सामने आने वाली चुनौतियों को कम करते हुए एक आसान और अधिक कुशल प्रक्रिया सुनिश्चित करना है। इस निर्णय के निर्बाध कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए, राज्य के सभी जिला उपायुक्तों को इस निर्देश को सभी उप-पंजीयकों और संयुक्त उप-पंजीयकों को सूचित करने का निर्देश दिया गया है। इसके अतिरिक्त, बढ़ी हुई ई-अपॉइंटमेंट सेवाओं के बारे में जानकारी तहसील परिसर के भीतर नोटिस बोर्ड पर प्रमुखता से प्रदर्शित की जाएगी। ऑनलाइन ई-अपॉइंटमेंट सेवाओं में यह वृद्धि सार्वजनिक सेवाओं में सुधार और बाधाओं को कम करने, अंततः राज्य भर के नागरिकों को लाभान्वित करने की हरियाणा सरकार की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है।

# हरियाणा में बाजरे की खरीद शुक्रवार से ही कर दी गई है शुरू

# हैफेड को दी गई है खरीद करने की जिम्मेदारी

**विनोद कश्यप प्रभारी, दैनिक समाज जागरण पंजाब हरियाणा व चण्डीगढ़**




चंडीगढ़ , सितम्बर हरियाणा सरकार ने किसानों के हित में बड़ा फैसला लेते हुए 22 सितंबर से बाजरे की सरकारी खरीद आरंभ करने का निर्णय लिया है मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने हैफेड के अधिकारियों को खरीद प्रक्रिया के सुचारू संचालन के निर्देश दिए हैं। हालांकि, बाजरे की सरकारी खरीद 1 अक्टूबर से शुरू होती है, लेकिन किसानों के हितों को देखते हुए 8 दिन पहले ही खरीद शुरू की जा रही है।

यह संबंध में अधिक जानकारी देते हुए सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि बाजरे की खरीद हेतु राज्य में हैं 35 मंडियां बनाई गई हैं, जहां हैफेड द्वारा 2200 रुपए प्रति क्विंटल की दर से बाजरे की खरीद की जाएगी। शेष 300 रुपए की राशि का किसानों को भावांतर भरपाई योजना के तहत भावांतर के रूप में भुगतान किया जाएगा। प्रवक्ता ने बताया कि 20 सितंबर तक मंडियों में 22653 क्विंटल बाजरे की आवक हुई है।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल के नेतृत्व में राज्य सरकार निरंतर किसान हित में निर्णय लेती रही है। फसल खरीद की राशि का भुगतान भी 72 घंटे के अंदर-अंदर सीधा किसानों के बैंक खातों में देना सुनिश्चित किया है। खरीफ सीजन-2023 के लिए भी किसानों की मांग थी कि फसलों की जल्द खरीद आरंभ की जाए और किसने की मांग को पूरा करते हुए सरकार ने जल्द खरीद शुरू कर दी है।

# हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने शुक्रवार को गुरुग्राम जिला के गांव मुबारिकपुर के समीप अशोक सिंघल वेद विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के लिए प्रस्तावित स्थल का किया निरीक्षण

**विनोद कश्यप**
**प्रभारी, दैनिक समाज जागरण पंजाब हरियाणा व चण्डीगढ़**

चण्डीगढ़, सितम्बरः हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने शुक्रवार को गुरुग्राम जिला के गांव मुबारिकपुर के समीप अशोक सिंघल वेद विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के लिए प्रस्तावित स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने विश्वविद्यालय प्रबंधन व जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ इस संस्थान के निर्माण से जुड़ी औपचारिकताओं की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मनोहर लाल ने विश्वविद्यालय के लिए प्रस्तावित स्थल के आस-पास सड़क तंत्र को विकसित करने तथा निर्माण से संबंधित आवश्यक कार्यों को लेकर अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा को आगे बढ़ाने में यह एक महत्वपूर्ण संस्थान होगा। ऐसे में इस संस्थान के निर्माण से जुड़ी सभी औपचारिकताएं समयबद्ध तरीके से पूर्ण की जाएं। उन्होंने विश्वविद्यालय के भवन के मानचित्र का अवलोकन किया और संस्थान तक रोड़ क्नेक्टिविटी के लिए प्रस्तावित विकल्पों का स्वयं मौके पर जाकर निरीक्षण किया।

उल्लेखनीय है कि अशोक सिंघल वेद विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के लिए गांव मुबारिकपुर के समीप 40 एकड़ भू-खण्ड चिन्हित किया जा चुका है। इस विश्वविद्यालय में प्राचीन भारतीय ज्ञान के साथ-साथ आधुनिक पद्धतियों पर आधारित कोर्सिज करवाएं जाएंगे। यह अपनी तरह का एक अनूठा शिक्षण संस्थान होगा। मुख्यमंत्री को निरीक्षण के दौरान उपायुक्त श्री निशांत कुमार यादव ने संस्थान से जुड़ी आवश्यक जानकारी दी। इस दौरान विश्वविद्यालय प्रबंधन की ओर से सुदर्शन शर्मा, दिनेश शास्त्री, शिव कुमार शास्त्री उपस्थित रहे। वहीं, पुलिस कमिश्नर विकास अरोड़ा, सीपीओ वत्सल वशिष्ठ सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहे।

# ओबीसी सर्टिफिकेट लेने के लिए कोर्ट के चक्कर खाने की बजाय पीपीपी आईडी के डाटा के आधार पर ऑनलाइन की सुविधा

**विनोद कश्यप प्रभारी, दैनिक समाज जागरण पंजाब हरियाणा व चण्डीगढ़**




चण्डीगढ़, सितम्बरः हरियाणा के सीएम मनोहर लाल खट्टर ने आम जनता के लिए चीजे थोड़ी आसान कर दी है उन्होंने परिवार पहचान पत्र के माध्यम से प्रोएक्टिव ओबीसी सर्टिफिकेट की एक नई शुरूआत की है। आपको बता दें इस ओबीसी सर्टिफिकेट को बनवाने के लिए कोर्ट के चक्कर लगाने पड़ते थे, जिसमें लगभग पांच से छह दिन लगते थे। लेकिन अब यह ओबीसी सर्टिफिकेट मिनटों में बन जायेगा और वो भी बिलकुल आसान तरीके से।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नागरिकों का ओबीसी सर्टिफिकेट अब पीपीपी में मौजूद डाटा के आधार पर ऑनलाइन बनाया जा सकता है। उनका कहना था कि जब आपकी जाति परिवार पहचान पत्र में सत्यापित हो जाती है, तो आप स्वयं पीपीपी आईडी डालकर अपना ओ बी सी सर्टिफिकेट डाउनलोड कर सकते हैं। पीपीपी आई डी को लागू करने में सरकार का मुख्य उद्देश्य लोगों को फेसलेस और पेपरलेस सेवाएं प्रदान करना है।

साथ ही मुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि नागरिकों की आयु भी परिवार पहचान पत्र आईडी में सत्यापित की जाएगी।

नागरिक को 60 वर्ष की आयु होते ही सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना में नाम जोड़ दिया जाता है। जिससे वह पेंशन स्कीम का लाभ उठाना शुरू कर देता है। सरकारी योजनाओं का लाभ परिवार पहचान पत्र में प्रमाणित आय और अन्य जानकारी के आधार पर मिलेगा।

## मैं हिंदी की वो बेटी हूं सुमन सलूजा

हरियाणा/ हिसार (राजेश सलूजा) राजकीय वरिष्ठ मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में हिंदी पखवाड़ा के अंतर्गत ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता करवाई गई जिसमें भूमिका पुत्री अनिल कुमार ने प्रथम स्थान ब्लॉक लेवल पर प्राप्त किया उसके बाद जिला स्तर पर भी प्रथम स्थान प्राप्त किया।



मनोज गुप्ता ने कहा कि इस प्रतियोगिता की तैयारी प्रवक्ता कवियत्री सुमन सलूजा ने करवाई । सुमन सलुजा ने कहा कि हिंदी भाषा ने हमारी संस्कृति के धरोहर को बचाकर रखा हुआ है मगर अफसोस की बात है कि आजादी के इतने सालो के बाद भी अंग्रेजी भाषा आज भी राज सिंहासन पर विराजमान है और हिंदी भाषा एक दासी की तरह साथ खड़ी हुई है,

मनोज गुप्ता ने कहा कि यह हमारे लिए और हमारे विद्यालय के लिए गर्व की बात है कि हमारे स्कूल की छात्रा भूमिका ने हिंदी पखवाड़े में जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया है । प्रिंसिपल मनोज गुप्ता ने समस्त स्टाफ को बधाई दी,

# धान की खरीद के लिए मंडियों में समुचित व्यवस्था के आदेश हुए जारी

**विनोद कश्यप प्रभारी**
**दैनिक समाज जागरण पंजाब हरियाणा व चण्डीगढ़**

करनाल, सितंबर। धान खरीद का सीजन शुरू होने से पहले डीसी अनीश यादव ने शुक्रवार को अलग-अलग विभाग के अधिकारियों की लघु सचिवालय स्थित सभागार में बैठक ली। इस दौरान उन्होंने धान खरीद से जुड़े विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिला की सभी अनाज मंडियों में व्यवस्था को दुरुस्त किया जाए। खरीद के दौरान किसानों को किसी तरह की कोई परेशानी न आने दी जाए।

बैठक के दौरान डीसी अनीश यादव ने सभी एसडीएम को निर्देश दिए कि वे स्वयं मंडियों का दौरा करें और मार्केट कमेटी सचिवों व आढ़तियों के साथ बैठक करें।



उन्होंने कहा कि मंडियों में लगे सीसीटीवी की पहले से जांच कर लें, जहां-जहां कैमरे खराब पड़े हैं, उन्हें तत्काल ठीक करवाया जाए। डीसी अनीश यादव ने कहा कि सभी मंडियों के एंट्री व एक्जिट गेट पर लगे सीसीटीवी के विजुअल का एक्सेस डीसी दफ्तर में दिया जाए ताकि माइक्रो मॉनिटरिंग की जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि मंडियों में व्यवस्था बनाए रखने के लिए धान की समय पर लिफ्टिंग जरूरी है, ट्रांसपोरटर्स के माध्यम से होने वाले इस कार्य पर भी नजर बनाए रखें।

### मंडियों की कराई जाए सफाई

डीसी अनीश यादव ने कहा कि धान खरीद शुरू होने से पहले मंडियों की जल्द से जल्द सफाई करवाई जाए। इसके अतिरिक्त मंडियों में पीने के पानी की व्यवस्था की जाए। उन्होंने कहा कि मंडी में जो भी सार्वजनिक शौचालय बने हुए हैं उनकी साफ-सफाई व मरम्मत की आवश्यकता है तो उसका काम शीघ्र अति शीघ्र पूरा कर लिया जाए। उन्होंने बारदाने की व्यवस्था के लिए भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

### किसानों को गेट पास में न आए कोई दिक्कत

डीसी अनीश यादव ने कहा कि किसानों को मंडी के गेट पास में किसी तरह की कोई परेशानी न आए। इसके लिए मार्केट कमेटी सचिव पहले से अपनी व्यवस्था कर लें। सरकार की हिदायतों के अनुसार समय पर किसानों को गेट पास वितरित किया जाए।

# विधानसभा निर्वाचन-2023 हेतु कलेक्ट्रेट कार्यालय में कंट्रोल रूम तथा डिस्ट्रिक्ट कॉन्टेक्ट सेंटर स्थापित

**रायसेन, 22 सितम्बर 2023**

विधानसभा आम निर्वाचन-2023 के अंतर्गत निर्वाचन कार्य में सूचनाओं के आदान-प्रदान तथा निरंतरता हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अरविंद दुबे के आदेशानुसार कलेक्ट्रेट कार्यालय कम्पोजिट भवन में कक्ष क्रमांक-48 में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। जिसका दूरभाष क्रमांक 07482-299310 है। आमजनों की सुविधा हेतु भारत निर्वाचन शाखा में डिस्ट्रिक्ट कॉन्टेक्ट सेंटर भी स्थापित किया गया है, जिसका टोल फ्री नम्बर 18002339272 तथा 1950 है। कलेक्टर श्री दुबे द्वारा डिस्ट्रिक्ट कॉन्टेक्ट सेंटर तथा कंट्रोल रूम में अधिकारियों, कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। नियुक्त अधिकारी, कर्मचारी कंट्रोल रूम प्रभारी के द्वारा सूचित किए जाने पर तत्काल कर्तव्य स्थल पर उपस्थित रहेंगे। संबंधित कर्मचारी प्रभारी अधिकारी से अनुमति लेकर ही डिस्ट्रिक्ट कॉन्टेक्ट सेंटर तथा कंट्रोल रूम छोड़ेंगे। डिस्ट्रिक्ट कॉन्टेक्ट सेंटर तथा कंट्रोल रूम का नोडल अधिकारी जिला संस्थागत वित्त अधिकारी श्री खिलान सिंह यादव को बनाया गया है। साथ ही जिला प्रबंधक ई-गर्वनेंस सोसायटी श्री धर्मेन्द्र नायक तथा जिला प्रबंधक लोक सेवा गारंटी श्री रवि चंदेल को सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है। इनके अतिरिक्त जिला आयुष कार्यालय के बहुउद्देशीय कार्यकर्ता श्री मुकेश लारिया को सहायक बनाया गया है। डिस्ट्रिक्ट कॉन्टेक्ट सेंटर तथा कंट्रोल रूम में प्रातः 06 बजे से दोपहर 02 बजे तक महिला बाल विकास विभाग के संरक्षण अधिकारी श्री दिनेश मालवीय को प्रभारी बनाया गया है। इसी प्रकार दोपहर 02 बजे से रात्रि 10 बजे तक के लिए महिला बाल विकास विभाग के संरक्षण अधिकारी श्री राजा वर्मा को तथा रात्रि 10 बजे से सुबह 06 बजे तक के लिए महिला बाल विकास विभाग के सामाजिक कार्यकर्ता श्री मनोज कुमार साहू को प्रभारी बनाया गया है। इनके अतिरिक्त दल गठित करते हुए डिस्ट्रिक्ट कॉन्टेक्ट सेंटर तथा कंट्रोल रूम में कर्मचारियों की दिवसवार ड्यूटी लगाई गई है। गठित दल आदर्श आचार संहिता लागू होते ही कार्य करना प्रारंभ करेंगे। साथ ही 25 सितम्बर को दोपहर 02 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में प्रशिक्षण के लिए अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेंगे।

# मुख्यमंत्री शिवराजसिंह उदयपुरा में 5839.32 करोड़ रू लागत की चिनकी बौरास बराज संयुक्त बहुउद्देशीय परियोजना का करेंगे भूमिपूजन

### *रायसेन, नर्मदा पुरम एवं नरसिंहपुर जिले को मिलेगा लाभ तीनों जिले होंगे लाभान्वित*

**सीएल गौर, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

रायसेन । जिले के उदयपुरा में 23 सितम्बर को लगभग 03 बजे मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा 5839.32 करोड़ रू लागत की चिनकी बौरास बराज संयुक्त बहुउद्देशीय परियोजना का भूमिपूजन किया जाएगा। इस परियोजना से रायसेन जिले के साथ ही नरसिंहपुर और नर्मदापुरम जिले की 131925 हैक्टेयर जमीन सिंचित होगी। इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री द्वारा विभिन्न विकास कार्यो का भूमिपूजन तथा लोकार्पण किया जाएगा। कार्यक्रम के आयोजन हेतु जिला प्रशासन द्वारा व्यापक स्तर पर तैयारियां की गई हैं। सिलवानी विधायक रामपाल सिंह तथा कलेक्टर अरविंद दुबे ने कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया और उपस्थित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए।

चिनकी बौरास बराज संयुक्त बहुउद्देशीय परियोजना

नर्मदा घाटी विकास विभाग मप्र शासन द्वारा चिनकी बौरास बराज संयुक्त बहुउद्देशीय परियोजना की प्रशासकीय स्वीकृति राशि 5839.32 करोड़ रू प्रदाय की गई है। रायसेन जिले के उदयपुरा तहसील के ग्राम बोरास के समीप नर्मदा नदी पर 631.50 लम्बाई तथा 17.25 मीटर ऊंचाई के बैराज का निर्माण एवं न्यूनतम 25 मेगावाट की स्थापित क्षमता वाला जल विद्युतगृह का निर्माण कराया जा रहा है। बराज निर्माण से 107.17 मि.घ.मी. की कुल भण्डारण क्षमता का जलाशय निर्मित होगा। नरसिंहपुर जिले के करेली तहसील के ग्राम चिनकी के समीप भी 404.10 मीटर लम्बाई तथा 25.92 मीटर ऊंचाई के बराज का निर्माण एवं न्यूनतम 25 मेगावाट की स्थापित क्षमता वाला जल



विद्युतगृह का निर्माण कराया जाना है। इन दोनों बराज की संयुक्त परियोजना से नर्मदा नदी से पांच अलग-अलग स्थानों से कुल 486 मि.घ.मी. जल उद्वहन किया जाकर रायसेन जिले की 70635 हैक्टेयर, नर्मदापुरम जिले की 20190 हैक्टेयर और नरसिंहपुर जिले की 41100 हैक्टेयर क्षेत्र में प्रेशराईज्ड पाईप प्रणाली द्वारा सिंचाई सुविधा प्रदान की जाएगी।

# शिव मंदिर रामलीला मैदान में एकादशी डोल ग्यारस पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा

रायसेन। 25 सितंबर सोमवार दोपहर 12:00 बजे से विमान चल समारोह निकाला जाएगा जिसमें मोर मुकुट बंसी वाले बिहारी जी को जल विहार कराया जाएगा एवं साथ में समाज के कलाकारों द्वाराअखाड़े का प्रदर्शन किया जाएगा विमान चल समारोह मैं समाज की महिलाएं भी सम्मिलित होंगी चल समारोह शिव मंदिर प्रजापति समाज रामलीला मैदान से प्रारंभ हो कर प्रमुख मार्गो से होता हुआ वापस मिश्र तालाब पर समापन किया जाएगा एवं 26 सितंबर मंगलवार को दोपहर 12:00 बजे से प्रजापति समाज का भंडारा किया जाएगा जिसमें आसपास भोपाल सीहोर आष्टा देवास उज्जैन इंदौर मंदसौर विदिशा बासौदा अब्दुल्लागंज मंडीदीप बरेली बेगमगंज गैरतगंज के समाजजन को निमंत्रण पत्र भिजवाकर प्रसाद एवं भंडारे का आयोजन किया जाएगा सभी प्रजापति समाज जनों से निवेदन है कि अधिक से अधिक संख्या में पधार कर धर्म से लाभ उठाएं एवं कार्यक्रम को सफल बनाएं निवेदक शिव मंदिर प्रजापति समाज अध्यक्ष लखन चक्रवर्ती, सचिव बंटी चक्रवर्ती अशोक चक्रवर्ती रामकुमार, राजकुमार कैलाश चक्रवर्ती, रूपेंद्र चक्रवर्ती, कालूराम चक्रवर्ती, किशन लाल चक्रवर्ती, श्याम लाल, शंकर लालचक्रवर्ती पूरन लाल, राजाराम , तुलसीराम, पति राम प्रजापति, फूल सिंह प्रजापति एवं समस्त रायसेन प्रजापति समाज ने आयोजन को सफल बनाने की अपील की है

# सनातन धर्म पर ऊंटपटांग टिप्पणी करने वालों पर हिन्दू संघठन ने खोला मोर्चा, रैली निकालकर जताएँगे विरोध

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बालाघाट।(23 सितम्बर )सनातन धर्म पर बदजुबानी करने वालों पर हिन्दू संघठन ने मोर्चा खोल दिया हैं जिनके खिलाफ पूरे देश में रैली के माध्यम से विरोध जताया जा रहा है। कुछ दिन पहले तमिलनाडु के मंत्री उदयनिधि, मंत्री पोनमुडी, डीराजा और उत्तर प्रदेश में अपनी राजनीति चमकाने के फेर में स्वामी प्रसाद मौर्य सहित अनेक निम्न मनोवृत्ति तथा कुंठाग्रस्त लोग सनातन धर्म को लेकर घृणित और कुत्सित बयान दे रहे है।जिससे इनकी मानसिकता को समझा जा सकता हैं क्योंकि जो लोग सनातन धर्म को लेकर टिप्पणी कर रहें हैं वे स्वयं हिन्दू हैं लेकिन अपनी राजनीति को चमकाने के लिए उलजलूल बोलकर मिडिया में बने रहना चाहते हैं जिसके विरोध में सनातन महासभा ने आंदोलन का ऐलान कर दिया है। सनातन महासभा, ऐसे सनातन विरोधियों के खिलाफ महामहिम राष्ट्रपति से कार्रवाई की मांग को लेकर शनिवार को रैली निकालकर आक्रोश जताएगा। इसको लेकर आयोजित प्रेसवार्ता में सनातन महासभा अध्यक्ष महेश खजांची ने कहा कि 23 सितंबर को सनातन धर्म के विरोधियों के खिलाफ किए जा रहे विरोध प्रदर्शन के तहत काली पुतली चौक स्थित हनुमान मंदिर से दोपहर 2.30 बजे रैली निकाली जाएगी। यह रैली काली पुतली चौक,मुख्य मार्ग होते हुए हनुमान चौक पहुंचेगी। यहां महामहिम राष्ट्रपति के नाम प्रशासन को ज्ञापन सौंपा जाएगा। उन्होंने कहा कि घृणित और कुत्सित मानसिकता के कुछ लोग सनातन धर्म के विरोध में बयान देकर देश के शांतिपूर्ण माहौल को दूषित करने का काम कर रहे है। जिसकी सनातन महासभा कड़े शब्दों में निंदा करती है। ऐसे लोगों के खिलाफ खुलकर विरोध करने की जन जागरूकता के लिए सनातन महासभा आज विरोध रैली निकाल रही है, ताकि ऐसे लोगों पर कार्रवाई हो और ऐसी घटनाओं की पुनरार्वृत्ति न हो। सनातन महासभा संरक्षक रमेश रंगलानी ने कहा कि देश के कतिपय नेता सनातन धर्म के विरोध में उलजुलुल बयान देकर देश में जहर घोलने का काम कर रहे है। हालांकि ऐसे लोगों से फर्क नहीं पड़ता। देश पर आक्रमण करने वाले मुगल से लेकर अंग्रेज तक देश के सनातन धर्म को डिगा नहीं सके, तो ऐसे लोग क्या कर पाएंगे, लेकिन ऐसे लोगों को अब जवाब देने की आवश्यकता है। साथ ही यह बताने की जरूरत है कि सनातनी अब खामोश नहीं रहेगा और ईट का जवाब पत्थर से देगा। सनातन महासभा संरक्षक लता ऐलकर ने कहा कि सनातनियों को कमजोर समझकर सनातन धर्म के खिलाफ जानबूझकर विधर्मी आक्रमण कर रहे है। यह सब एक राजनीतिक षडयंत्र के तहत हो रहा है। जिसका जवाब देने सनातनियों में जागरूकता पैदा करने यह रैली आयोजित की जा रही है। हमारी अपील है कि जिले का हर व्यक्ति, सनातन धर्म के विरोधियों के खिलाफ एकजुट होकर रैली में शामिल हो और इसका जवाब दे। इस दौरान सनातन महासभा महामंत्री अभय सेठिया, कोषाध्यक्ष गोपाल आडवानी, मीना चावड़ा, महेन्द्र सुराना, शिशिर भाई चावड़ा और मुस्कान चौरसिया उपस्थित रहीं।

# बस की चपेट में आने से बाइक सवार अधेड़ की मौत,घटना स्थल पर जमा हुई भीड़

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बालाघाट।( 23 सितम्बर )कटंगी तहसील कार्यालय के सामने तुमसर रोड से कटंगी आ रही एक निजी न्यू दुर्गा ट्रेवलर्स की बस संख्या सीजी 04 ई 3888 के चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक से आगरवाड़ा की ओर जा रहे 50 वर्षीय अधेड़ को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे अधेड व्यक्ति की मौके पर मौत हो गयी।जानकारी अनुसार येविक बोरकर, अपने परिचित को बाइक से दुर्गा मंदिर के पास छोड़ने आए थे। यहां से वे वापस घर लौट रहे थे। इस दौरान ही वह हादसे का शिकार हो गए। वाहन सहित बस की चपेट में आए अधेड़ को वाहन चालक घसीटते हुए दूर तक ले गया। इसमें गंभीर रूप से घायल आगरवाड़ा निवासी येविक पिता रामचंद्र बोरकर की मौत हो गई। घटना के बाद वहां भीड़ जमा हो गई। जानकारी के बाद तत्काल ही पुलिस



घटनास्थल पहुंच गई। जहां येविक बोरकर का शव बरामद कर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए कटंगी अस्पताल भिजवाकर जाँच शुरू कर दिया हैं।

# शासकीय आईटीआई मण्डीदीप में जिला स्तरीय अप्रेन्टिसशिप मेला 25 सितम्बर को

**रायसेन, 22 सितम्बर 2023**

शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था मंडीदीप ग्राम मेंदुआ भोजपुर रोड रायसेन में 25 सितम्बर को प्रातः 10 बजे से एक दिवसीय प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेन्टिशिप मेला ¼PMNAM½ आयोजित किया जा रहा है। इस मेले में आईटीआई/डिप्लोमा उत्तीर्ण पुरूष एवं महिला अभ्यर्थी सम्मिलित हो सकते हैं। इस मेले में जिले एवं प्रदेश स्तर की कंपनियों द्वारा अभ्यार्थियों का चयन कर प्रतिमाह स्टाइपेन्ड एवं अन्य सुविधाएं प्राप्त होंगी। इस मेले में प्रॉक्टर एंड गैंबल ( P&G मंडीदीप), सागर यार्न्स तामोट, आयशर एवं अन्य प्रतिष्ठान शामिल होंगे। इच्छुक व्यक्ति आयोजन के दिन निर्धारित स्थान पर (शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था मंडीदीप) पर अपने समस्त मूल प्रमाण-पत्रों एवं बायोडाटा/ CV@Resume सहित दिनांक 25 सितम्बर प्रातः 10 साक्षात्कार हेतु उपस्थित होंगे। अप्रेन्टिशिप हेतु भर्ती अप्रेन्टिसशिप नियमों एवं कंपनियों के शर्तो के अनुसार की जाएगी। प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेन्टिशिप मेला ¼PMNAM½ में प्रतिभागिता हेतु यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

# कानपुर में निकाले जाने वाले एशिया के सबसे बड़े जुलूस ए मोहम्मदी को लेकर बैठक

**सुनील बाजपेई**

कानपुर। यहां कुल हिंद जमीअतुल आवाम के तत्वाधान में ईद मिलादुन्नबी (पैगंबर मोहम्मद साहब के जन्मदिवस) के मौके पर जश्ने चिराग एवं एशिया का सबसे बड़ा जुलुस जुलूस ए मोहम्मदी में शामिल होने वाली अंजुमनों व शहर के विभिन्न इलाकों में सजावट एवं गेट बनाने वाली कमेटियों के जिम्मेदारों , बुद्धिजीवी के संग शहर काजी कानपुर जनाब मौलाना मुफ्ती मोहम्मद साकिब अदीब मिस्बाही की अध्यक्षता में रुपम चौराहा बेकन गंज स्थित गरीब नवाज हाल में बैठक हुई। इस बैठक में शहर के अलग-अलग हिस्सों से संगठन के पदाधिकारी शामिल हुए। इस मीटिंग को संबोधित करते हुए महबूब आलम खान महामंत्री कुल हिंद जमीअतुल अवाम ने कहा कि हर साल की तरह इस साल भी शायाने शान तरीके से ईद ए मिलादुन्नबी मनाए जाने की तैयारियां करें। उन्होंने यह भी बताया कि लोडर का इस्तेमाल जरूरत के हिसाब से किया जाए। साउंड की आवाज को कम रखा जाए मिश्रित आबादी वाले हिस्से में सौहार्द बनाकर रखें । डीजे का इस्तेमाल न किया जाए। किसी तरह के सियासी नारे न लगाए। इस मौके पर मुख्य रूप से शहर काजी मुफ्ती साकिब अदीब मिस्बाही, प्रवक्ता/महामंत्री महबूब आलम खान, नायब शहर काजी कारी सगीर आलम हबीबी उपाध्यक्ष इस्लाम खान आजाद, कारी अब्दुल मुततालिब, मौलाना शाह आलम बरकाती, मौलाना गुलाम मुस्तफा, मौलाना अबरार आलम, मौलाना जुनैद, सैयद इफ्तिखार जिया उल हसमत अललन, हाफिज मुशीर इस्लाम चिश्ती बबलू खान हाफिज कपिला रहमान खान इम्तियाज मदनी नसीम रजा हाजी आमिर खान हाजी जुनैद खान रोशन भारती मेहताब आलम अंसारी, फैज उन नबी नसीम शीशे वाले आदि लोग मौजूद रहे

# स्वास्थ्य मंत्री डॉ चौधरी ने नकतरा में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन का किया भूमिपूजन

### *ग्राम नांद और परवरिया में उप स्वास्थ्य केन्द्र भवनों का किया भूमिपूजन*

रायसेन। स्वास्थ्य मंत्री डॉ प्रभुराम चौधरी द्वारा शुक्रवार को सांची विधानसभा के ग्राम नांद में 75.16 लाख रुपए लागत से बनने वाले उप स्वास्थ्य केंद्र भवन का भूमिपूजन किया गया। इसके उपरांत स्वास्थ्य मंत्री द्वारा ग्राम नकतरा में 295.45 लाख रुपए लागत से बनने वाले प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भवन और ग्राम परवरिया में 71.16 लाख रुपए लागत से बनने वाले उप स्वास्थ्य केंद्र भवन का भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों में स्वास्थ्य मंत्री डॉ चौधरी ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि मरीजों को त्वरित और समुचित इलाज मिले, उन्हें अधिक दूर ना जाना पड़े इसके लिए लगातार स्वास्थ्य सेवाओं तथा सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। गॉव-गॉव में स्वास्थ्य केन्द्रों का जाल बिछाया जा रहा है। अब ग्रामीणों को गॉव में ही अनेक प्रकार की जांच और दवाएं निःशुल्क मिल रही हैं। उन्होंने आयुष्मान भारत योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि सरकार द्वारा आयुष्मान



कार्डधारी व्यक्ति निजी अस्पतालों में एक साल में पांच लाख रू तक का निःशुल्क इलाज करा सकते हैं। स्वास्थ्य मंत्री डॉ चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा महिला सशक्तिकरण के लिए जून माह से लाड़ली बहना योजना प्रारंभ की गई है। पहले योजना के तहत लाड़ली बहनों को हर महीने एक-एक हजार रू की राशि प्रदान की जा रही थी और अब 1250 हजार रू प्रतिमाह प्रदान किए जा रहे हैं। आगे चलकर लाड़ली बहनों को तीन हजार रू प्रतिमाह की राशि प्रदान की जाएगी। उन्होंने मुख्यमंत्री लाड़ली बहना आवास योजना, सीखो-कमाओ योजना, मुख्यमंत्री चरण पादुका योजना सहित अनेक योजनाओं का भी उल्लेख किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंत मीणा सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, सीएमएचओ डॉ दिनेश खत्री सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# आरक्षक भर्ती परीक्षा में दो और मुन्ना भाई गिरफ्तार,परीक्षा के दौरान होटल में ठहरे थे आरोपी

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बालाघाट।(23 सितम्बर ) सरदार पटेल कॉलेज में 12 अगस्त से कर्मचारी चयन मंडल भोपाल की ओर से आयोजित पुलिस आरक्षक भर्ती परीक्षा के दौरान कम्प्यूटर लैब में अनुचित साधनों का प्रयोग किया गया था। इसके लिए अनाधिकृत प्रवेश करने वाले युवक के खिलाफ सरदार पटेल कॉलेज की महिला पर्यवेक्षक के खिलाफ वारासिवनी थाने में दर्ज कराई थी। आरक्षक भर्ती परीक्षा में गड़बड़ी की आ रही खबरों के बाद कर्मचारी चयन मंडल भोपाल ने बयान जारी किया। बयान में बताया कि आरक्षक भर्ती परीक्षा में योग्य उम्मीदवारों के चयन के लिए शुचिता और सतर्कतापूर्वक परीक्षा का आयोजन करवाने के लिए मंडल प्रतिबद्ध है। दृढ़ संकल्पित होकर पूर्ण पारदर्शिता के साथ परीक्षा आयोजित की जा रही रहा है। दूसरी ओर सरदार पटेल कॉलेज सेंटर में आयोजित परीक्षा के दौरान कम्प्यूटर लैब में युवक के प्रवेश करने की शिकायत पर विवेचना करते हुए वारासिवनी पुलिस ने परीक्षा एजेंसी एडुक्यूटी के आउटसोर्स कर्मचारी हट्टा निवासी अंकित पिछोड़े और उसके साथी गौरव रिनायत को गिरफ्तार किया। इनसे पूछताछ से पुलिस को आरोपियों के ग्वालियर कनेक्शन का पता चला। इसके बाद पुलिस टीम बालाघाट से ग्वालियर पहुंची। यहां से पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। इसी बीच पुलिस ने होटल के सीसीटीवी कैमरे की तलाशी ली। इस दौरान गिरफ्तार किए दो आरोपियों ग्वालियर के थाटीपुर निवासी 23 वर्षीय हरीश उर्फ रोहित मुडोतिया पिता रामावतार जाटव और उत्तरप्रदेश के आगरा निवासी 26 वर्षीय मंजीतसिंह पिता राजेश कुमार को पुलिस ने ग्वालियर और आगरा से गिरफ्तार कर बालाघाट लाया। अब तक इस मामले में पुलिस बालाघाट के दो और बाहर के पांच आरोपियों सहित पूरे मामले में सात आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। पुलिस सूत्रों की माने तो जैसे-जैसे यह जांच आगे बढ़ेगी और भी नए-नए खुलासे और नए आरोपियों के चेहरे से नकाब हटेगा। पुलिस अधीक्षक समीर सौरभ ने बताया कि आरोपियों से प्रारंभिक पूछताछ में पता चला है कि यह परीक्षा के दौरान होटल में रुके थे। इनके बारे में पुलिस को पूर्व में पकड़ाए आरोपी अंकित पिछोड़े और गौरव राजपूत की गिरफ्तारी के दौरान होटल के सीसीटीवी फुटेज से पता चला था। हालांकि इन दोनों का ना तो परीक्षा करवा रही कंपनी, ना ही परीक्षा सेंटर और कर्मचारी चयन मंडल से कोई जुड़ाव है। प्रारंभिक पूछताछ में पुलिस को पता चला कि यह किसी तरह परीक्षा में किसी बाहरी व्यक्ति को प्रवेश कराने की फिराक थे। पूर्व में दो आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद से यह फरार थे। एसपी समीर सौरभ ने बताया कि आरोपियों को कम्प्यूटर का काम आता था और जैसे की पता चला है कि यह किसी व्यक्ति को परीक्षा में प्रवेश करने की फिराक में थे। इससे मामला और संदेहास्पद हो जाता है, जिससे इनकी भूमिका का पता लगाने के लिए इन्हें तीन दिन की पुलिस रिमांड पर लिया है, आरोपियों से पूछताछ जारी है।

# मवेशी को जंगल में चराने गए युवक पर बाघ ने किया हमला, मौके पर हुई मौत

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बालाघाट।(23 सितम्बर) राष्ट्रीय उद्यान कान्हा केसली के बफर जोन गढ़ी थाना अंतर्गत ग्राम धीरी के जंगल में मवेशी चराने गए एक युवक पर बाघ ने हमला कर दिया, जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। घटना की जानकारी शुक्रवार को वन विभाग और पुलिस को मिलते ही मौके पर पहुंचकर शव बरामद किया।

**शरीर के आधे भाग को बाघ ने बनाया निवाला**

ग्राम धीरी निवासी छबीलाल पिता सुखराम सोनवानी उम्र 38 वर्ष रोज की तरह अपने घर के मवेशियों को चराने के लिए गांव के जंगल में लेकर गुरुवार शाम को चार बजे गया था। इसी दौरान शाम को छह बजे मवेशी घर आ गए, लेकिन छबीलाल घर नहीं आया, जिसको लेकर परिजनों ने गांव के अन्य साथियो के साथ शुक्रवार को युवक को ढूंढने के लिए जंगल गए,जहाँ खोजबीन करने पर परिजनों को छबिलाल मृत अवस्था में मिला जिसकी सूचना वन विभाग एवं पुलिस को दी गयी, मौके पर पहुंची पुलिस ने जब छबिलाल को देखा तो उसके शरीर का आधे भाग को बाघ ने अपना निवाला बना लिया था जिससे मृतक के पीछे का भाग गायब था।

शुक्रवार को घटना की सूचना मिलने पर वन विभाग और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। शव का पंचनामा कार्रवाई पूरी करते हुए पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप कर मर्ग कायम किया है। वहीं वन विभाग द्वारा मृतक के परिजनों को मुआवजा दिलवाने के लिए कार्रवाई शुरू कर दी गई है। बताया गया कि ग्राम धीरी से एक



किलोमीटर दूरी पर ही जंगल प्रारंभ हो जाता है और कान्हा राष्ट्रीय उद्यान का बफर जोन लगा होने से जंगल में वन्यप्राणी बहुतायात में पाए जाते हैं। वहीं इस मामले पर गढ़ी वन परिक्षेत्र अधिकारी गुरुदयाल साहू ने बताया कि ग्राम धीरी के एक युवक अपने घर की मवेशी चराने जंगल गया था। जो देर शाम तक मवेशी के आने के बाद वापस नहीं आया। शुक्रवार को सुबह खोजबीन के दौरान जंगल में मृत हालत में मिला। जिसके शरीर का पिछला हिस्सा बाघ द्वारा खा लिया गया। बाघ के आसपास पगमार्क भी मिले है। मृतक के परिजनों को शासन के नियमानुसार मुआवजा दिलवाने की कार्रवाई की जाएगी।

# जिले में अब तक 1114.2 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज बीते 24 घंटे में हुई 4.2 मिलीमीटर औसत वर्षा

**रायसेन, 22 सितम्बर 2023**

जिले में 01 जून 2023 से 22 सितम्बर 2023 तक 1114.2 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है जो कि गत वर्ष इसी अवधि में हुई औसत वर्षा से 444.5 मिलीमीटर कम है। जिले की वर्षा ऋतु में सामान्य औसत वर्षा 1197.1 मिलीमीटर है। अधीक्षक भू-अभिलेख द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 01 जून 2023 से 22 सितम्बर 2023 तक जिले के वर्षामापी केन्द्र रायसेन में 894.6 मिलीमीटर, गैरतगंज में 1287.2, बेगमगंज में 1141.5, सिलवानी में 1000.6, गौहरगंज में 850, बरेली में 1506.8 उदयपुरा में 1308, बाड़ी में 976.5, सुल्तानपुर में 933.3 तथा वर्षामापी केन्द्र देवरी में 1243 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

बीते 24 घंटे में 4.2 मिलीमीटर औसत वर्षा

जिले में बीते 24 घंटे में 22 सितम्बर 2023 को प्रातः 08 बजे तक 4.2 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। इस दौरान वर्षामापी केन्द्र रायसेन में 3.4 मिलीमीटर, गैरतगंज में 0, बेगमगंज में 0, सिलवानी में 0, गौहरगंज में 0, बरेली में 02, उदयपुरा में 0, बाड़ी में 36, सुल्तानपुर में 0.3 तथा वर्षामापी केन्द्र देवरी में 0 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

# मतदाताओं को बताई जा रही है ईवीएम से वोट करने की प्रक्रिया

**रायसेन, 22 सितम्बर 2023**

आगामी विधानसभा निर्वाचन-2023 में जिले में शत-प्रतिशत मतदान हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अरविंद दुबे के निर्देशानुसार जिले में विभिन्न मतदाता जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। साथ ही मतदान केन्द्रों तथा सार्वजनिक स्थलों पर ईवीएम, वीवीपैट का प्रदर्शन भी किया जा रहा है। इसी क्रम में कलेक्ट्रेट कार्यालय में ईवीएम, वीवीपैट का प्रदर्शन किया जा रहा है तथा यहां आने वाले नागरिकों कों मतदान करने की प्रक्रिया समझाते हुए विधानसभा निर्वाचन-2023 में अनिवार्य रूप से मतदान करने के लिए प्रेरित भी किया जा रहा है।




# शासकीय आईटीआई में प्रवेश हेतु अंतिम तिथि 23 सितम्बर

जिले में संचालित समस्त शासकीय आईटीआई में प्रवेश सत्र 2023-24 हेतु "पहले आओ पहले पाओ" के आधार पर प्रवेश लेने की अंतिम तिथि 23 सितम्बर निर्धारित है। इछुक आवेदक शासकीय आईटीआई में उपस्थित होकर रजिस्ट्रेशन एवं प्रमाण-पत्रों का सत्यापन करा सकते हैं। रिक्त सीटों पर प्रवेश का यह अंतिम अवसर है। शासकीय आईटीआई रायसेन में व्यवसाय फिटर की 03 सीटें (आईएमसी), वेल्डर की 14 सीटें, डीएमसी की 17 सीटें, कोपा की 06 सीटें एवं स्टेनोग्राफी हिन्दी की 31 रिक्त सीटें है। प्रवेश संबंधी अधिक जानकारी के लिये मोबाईल नंबर 9827844062 पर संपर्क किया जा सकता है।

# ट्रेन में महिला सिपाही से बर्बरता करने वाला जवाबी फायरिंग में घायल, अस्पताल में हुआ बेदम

### *अयोध्या में STF ने अनीश को पकड़ने के प्रयास में पुलिस टीम पर किया फायरिंग जवाबी फायरिंग में अनीस घायल हुआ और अस्पताल में दम तोड़ा, दरोगा और 2 सिपाही भी घायल*

**अयोध्या।**

अयोध्या में चलती ट्रेन में महिला सिपाही से बर्बरता करने वाले आरोपी अनीश को एसटीएफ ने एनकाउंटर में ढेर कर दिया। मुठभेड़ में दो आरोपी पकड़े गए हैं। जबकि क्रास फायरिंग में एक दरोगा और दो सिपाही जख्मी हुए हैं। ये एनकाउंटर अयोध्या के पूराकलंदर के छतरिवा पारा कैल रोड पर हुआ। वहीं, इसी मामले में करीब 40किमी दूर इनायतनगर इलाके में एक और मुठभेड़ हुई। इसमें दो और आरोपियों की घेराबंदी पुलिस ने की। यहां आरोपी विशंभर दयाल और एक अन्य आरोपी पुलिस की गोली से घायल हुए हैं। उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है शुक्रवार तड़के एसटीएफ को आरोपियों के बारे में इनपुट मिला कि वो इनायतनगर में छिपे हुए हैं। घेराबंदी होने पर ने अनीश, विशम्बर और आजाद ने पुलिस वालों पर गोली चला दी। जवाबी फायरिंग में विशम्बर और आजाद घायल हो गए। इनायतनगर से अनीश भागने में कामयाब रहा। इसके बाद पुलिस ने पूरे इलाके की नाकाबंदी कर दी। अनीश खान भागकर करीब 40 किमी दूर पूराकलंदर इलाके में छिप गया। इस इनपुट पर पुलिस ने उसको घेर लिया। सरेंडर करने के लिए कहा। मगर अनीश ने पुलिस पार्टी पर गोली चला दी। यहां दो तरफा गोलियां चलीं। जिसमें अनीश घायल हो गया। पुलिस उसको जिला अस्पताल अयोध्या लेकर पहुंची। जहां अनीश का इलाज शुरू किया गया। लेकिन उसको बचाया नहीं जा सका। इस मुठभेड़ में थानाध्यक्ष पूराकलंदर रतन शर्मा भी घायल हो गए हैं। उनके हाथ में गोली लगी है। 2 अन्य सिपाहियों के भी चोटिल होने की जानकारी मिल रही है। उनका भी जिला अस्पताल में इलाज कराया जा रहा है। दरअसल, सरयू एक्सप्रेस में 30 अगस्त को महिला हेड कॉन्स्टेबल के साथ बर्बरता हुई थी। खून से लथपथ महिला कांस्टेबल ट्रेन की सीट के नीचे मिली थी। शरीर के निचले हिस्से में कपड़े नहीं थे। इस घटना का एक वीडियो भी सामने आया था। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया था। महिला कांस्टेबल की हालत अभी भी ठीक नहीं है। उनका लखनऊ के केजीएमयू में ट्रीटमेंट चल रहा है पुलिस के मुताबिक, अनीश और उसके दोनों साथी चोरी करते हैं। ट्रेन में अमूमन कूरेभार इलाके से लेकर मनकापुर तक। शुरूआती जानकारी ये है कि आज ढेर हुआ अपराधी अनीस व उसके दो साथी ट्रेन में रोज कूरेभार से मनकापुर तक जाकर चोरी का काम करते थे। शुरूआती कहानी ऐसी है कि 30 अगस्त को भी वो लोग बोगी में चढ़े थे। बदमाशों के मुताबिक, बोगी में रोशनी कम थी। उन्हें नहीं पता था कि इस बोगी में महिला कांस्टेबल है। जब उन्हें पता चला तो उन्होंने महिला कांस्टेबल पर हमला कर दिया।जिस पर महिला सिपाही पर तीनों ने हमला कर दिया था।इस मामले में पूछताछ अभी जारी है।



# खण्ड शिक्षाधिकारी कार्यालय परिसर में आयोजित हुआ असेसमेंट कैंप

**अयोध्या ।**

खण्ड शिक्षाधिकारी कार्यालय बीकापुर परिसर में बृहस्पतिवार को खंड शिक्षा अधिकारी अमित श्रीवास्तव के निर्देशन में मेडिकल असेसमेंट कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें 79 लोगो का दिव्यांग प्रमाण पत्र बनने के लिए आवेदन हुआ। आवेदन करने वालों में शारीरिक दिव्यांग 31, ,मानसिक/ बौद्धिक दिव्यांग 31, मूक-बधिर 6 , नेत्रहीन दिव्यांग 11 बच्चों का दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाने के लिए नामांकन किया गया। इस दौरान नेत्रहीन का 2, मानसिक /बौद्धिक दिव्यांग का 23, आथोर्पेडिक 14 कुल 39 दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाया गया। जो शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित था। कैंप में मेडिकल बोर्ड के ऑर्थो सर्जन डा आदित्य प्रकाश, नेत्र सर्जन डा जयति पान्डेय , ईएनटी डा अजीत कुमार कुशवाह, मानसिक चिकित्सक डा मुकेश कुमार पाठक, प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष अनिल सिह, बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय से रिसोर्स टीचर गणेश प्रताप सिंह, बीकापुर के स्पेशल एजुकेटर विनोद कुमार चौधरी, अंकिता, अजय शंकर मिश्र, उमेशचंद्र यादव, माधवराम यादव आदि मौजूद रहे।

# बिना स्टीमेट बनवाए गाड़ दिए बिजली के पोल चचाई वितरण केन्द्र प्रभारी के कारनामे हुए उजागर

**समाज जागरण**

जितेंद्र शर्मा अनूपपुर जिले के अंतर्गत चचाई विद्युत वितरण केन्द्र प्रभारी उमेश कुमार गुप्ता के कार्य काल में बिजली की अघोषित कटौती और वोल्टेज डाउन रहने का मामला तो बिजली उपभोग्ताओ का सरदर्द बना ही रहता है साथ ही बिना स्टीमेट बनवाए पोल गाड़ने का मामला भी सामने आने लगा है अभी ग्राम धिरौल के पंचायत भवन के बगल से तीन बिजली के पोल वितरण केंद्र प्रभारी उमेश कुमार गुप्ता के निदेशों में गाड़ दिए गए हैं जिसका न तो कोई स्टीमेट बनवाए गए और न ही कोई विभागीय फीस जमा करवाया गया हैयही नहीं यदि विभाग के उच्च अधिकारियों के द्वारा गहन जांच की जाए तो ग्राम धिरौल,पटना, देवहरा, सहित अन्य जगहों पर भी माध्यम बनाकर कई बिजली के खंभे वा तार बिना स्टीमेट के लगा दिए गए हैं जो की विभागीय नियम के विपरीत है



बिजली के नए खंभे वा केबिल लगवाने के ये है प्रक्रिया - उपभोग्ता द्वारा लिखित आवेदन वितरण केंद्र प्रभारी को देना होता है उस आवेदन के आधार पर एरिया के लाइन कर्मचारी द्वारा जांच करवा कर उतने ही खंभे वा केबिल का स्टीमेट तैयार कर उपभोगता से नगद राशि जमा करा कर रशीद दिया जाता है विभागीय रजिस्टर बिजली ठेकेदार के नाम वर्क ऑर्डर तैयार ठेका दिया जाता है उस ठेकेदार के द्वारा वर्क ऑर्डर में अंकित तय मानक के हिसाब से बिजली ठेकेदार के वर्कर द्वारा खंभे, केबिल सहित सपोर्टिंग तार वा अन्य सामग्रियों का उपयोग करते हुए कार्य पूरा कर बिजली सप्लाई चालू कर विभाग को हैंड ओवर किया जाता है कहा से लाते हैं बिना स्टीमेट तैयार किए बिजली के खंभे - शासन द्वारा खेती सिंचाई के लिए किसानों को सेप्रेड बिजली सप्लाई लाइन दिया गया था परंतु विगत लगभग तीन से चार साल में वितरण केंद्र प्रभारी उमेश कुमार गुप्ता के कार्य काल में ही बिजली के खंभे से तार धीरे धीरे चोरी होते गई और उसी चोरी गए तार के खंभे को उखड़वा कर सेटिंग कर बीना स्टीमेट बनवाए पोल में गोल मार कर नाक के नीचे उच्च अधिकारियों के आंख में धूल झोंकते हुए विभाग को लाखों का चूना लगा रहे हैं

इनका कहना है आप कार्यालय में लिखित में शिकायत दीजिए हम इसकी निष्पक्ष जांच कराएंगे और जो भी दोषी होगा उस पर सख्त कार्यवाही करेंगे मुख्य अभियंता मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी शहडोल

आप लिखित में हमारे कार्यालय शिकायत भिजवा दीजिए हम तत्काल कार्रवाई करेंगे अधीक्षण अभियंता मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी अनूपपुर

# *परम संत श्री श्री 108 श्री भगत गिरी बच्चू महाराज जी का आगामी 72 वां जन्मोत्सव समारोह 23 को

उमरिया --मध्य प्रदेश के उमरिया व डिंडौरी जिले के तटवर्ती सीमा पर स्थित आश्रम है।जो 'अमोल खोह' अमोलेश्वर धाम के आश्रम नाम से जाना जाता है। यहां पर "देवाधिदेव महादेव" विराजमान और उनकी कृपया दृष्टि बनी है। इस आश्रम में प्रदेश एवं विभिन्न कई जिले के श्रद्धालुओं का आना-जाना तांता लगा रहता है। सनातन हिंदुओं के आस्था का केंद्र बिंदु बना हुआ है। अमोलेश्वर धाम के "पीठाधेश्वर परम पूज्य संत शिरोमणि भगत गिरी #श्रीश्री108श्रीबच्चूमहाराज जी" का आगामी कल दिनांक 23 सितंबर 2023 को 72 वां जन्मोत्सव समारोह मनाया जाएगा। जिससे आप सभी श्रद्धालु भक्तजनों से अपील है कि इस बहुमूल्य क्षण में बड़े हर्ष उल्लास के साथ अपनी सहभागिता निभाएं।



# बच्चों के कैंसर पर लायंस क्लब अनूपपुर ने लगाया जागरूकता शिविर, निबंध प्रतियोगिता आयोजित

अनूपपुर। लायंस क्लब अनूपपुर टाउन द्वारा 22 सितंबर को यूथ कंप्यूटर इंस्टीट्यूट में बच्चों के लिए कैंसर जागरूकता शिविर लगाया गया। जिसमे निबंध प्रतियोगिता आयोजित कर विजेता एवं प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण किया गया। लायंस क्लब अनूपपुर टाउन ने यूथ कंप्यूटर इंस्टीट्यूट में बच्चों के लिए कैंसर जागरूकता शिविर में बच्चों में होने वाले कैंसरों के लक्षण, पहचान व बचाव के तरीकों से अवगत कराया। इसके साथ ही निबंध प्रतियोगिता आयोजित किया गया। जिसमे प्रथम स्थान अंजली पटेल,द्वितीय स्थान अंशिका राठौर, तृतीय स्थान शालनी नापित ने प्राप्त जिन्हें तीनों प्रमाण पत्र और पुरुष्कार प्रदान किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अध्यक्ष लायन अमरदीप सिंह, लायन अशोक शर्मा,रीजन चेयरपर्सन लायन दीपक सोनी, लायन मुकेश ठाकुर लायन राकेश गौतम द्वारा छात्रों को बच्चों के कैंसर और रक्तदान के विषय पर जागरूकता का संदेश दिया गया। साथ ही सभी छात्रों को रक्तदान करने की शपथ दिलाई गई।



# कोतमा विधानसभा में नए चेहरे को टिकट मिलने के आसार

कोतमा। शहडोल संभाग की एकमात्र अनारक्षित सीट कोतमा विधानसभा क्षेत्र से दोनों प्रमुख राजनीतिक दल भारतीय जनता पार्टी एवं भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के संभावित दावेदार टिकट के लिए एड़ी चोटी का जोर लगा रहे हैं। जब से कोतमा विधानसभा सीट अनारक्षित सीट हुई है तब से अभी तक भारतीय जनता पार्टी द्वारा पिछड़े वर्ग के प्रत्याशियों को टिकट दे रही है वही कांग्रेस पार्टी दो बार पिछड़े वर्ग के नेता को पार्टी से टिकट दिया। कोतमा विधानसभा क्षेत्र में वर्ष 2023 के लिए विधानसभा चुनाव में दोनों ही प्रमुख दलों से नए चेहरे को टिकट देने की मांग की चर्चा शुरू हो चुकी है। पार्टी किस टिकट देती है और किसका टिकट कटती है यह उनके आंतरिक मामला है लेकिन जन चचाओं में नए चेहरे पर भी दोनों प्रमुख राजनीतिक दल भारतीय जनता पार्टी एवं कांग्रेस दाव लगा सकती है।

## क्या परिवारवाद से परे होकर टिकट दे पाएगी भाजपा

इन दोनों कोतमा विधानसभा क्षेत्र से पूर्व में नगर पालिका की प्रथम महिला रह चुकी भाजपा नेत्री का नाम भी विधानसभा टिकट को लेकर चचाओं में है। इसी परिवार से भारतीय जनता पार्टी ने चार बार पारिवारिक सदस्य को ही टिकट दिया जिसमें तीन बार इस परिवार को हर का मुंह देखना पड़ा । इस बार फिर यह परिवार नगर पालिका के बाद विधानसभा की टिकट के लिए जोर आजमाइश भी कर रहा है। जबकि बीते नगरी निकाय चुनाव में इसी परिवार के व्यक्ति को पार्षद एवं अध्यक्ष पद का टिकट दिया गया पार्षद में तो जीत मिली लेकिन अध्यक्ष पद पर हार मिली। ऐसे में इस बात की चर्चा भी कोतमा विधानसभा क्षेत्र में हो रही है कि क्या इस बार भारतीय जनता पार्टी परिवारवाद से हटकर टिकट देगी या नहीं। वहीं कांग्रेस पार्टी में भी नए चेहरे को टिकट देने की मांग उठ रही है वैसे भी वर्तमान विधायक का पार्टी के कार्यकर्ता एवं विधानसभा के टिकट के प्रमुख दावेदार विरोध भी कर रहे हैं।




# धर्मान्तरण रोकना एवं हिन्दू समाज मे पल रही कुरीतियों एवं चुनौतियों के समाधान निराकरण का होगा आयोजन

**23 सितंबर शनिवार को विश्व हिन्दू परिषद करेगा भव्य कार्यक्रम**

शहडोल विश्व हिन्दू परिषद द्वारा मंदिर पूजक अर्चक पुरोहित एवं प्रबुद्ध जन संगोष्ठी का कार्यक्रम 23 सितंबर 23 दिन शनिवार स्थान- मानसभवन मे आयोजित किया जा रहा है।, जिसमें हिन्दू समाज के बड़े संत पूज्य एकात्मानंद उचैहा शक्ति पीठ के प्रमुख पुजारी भन्डारी जी महराज मुख्य बक्ता के रूप मे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक विश्व हिन्दू परिषद के केन्द्रीय सहमंत्री-विमान अरुण जी नेटके जो धार्मिक एवं सामाजिक विषयों प्रकाण्ड विद्वान एवं ओजस्वी वक्ता है। कार्यक्रम मे समाज के प्रतिष्ठित समाज सेवी, व्यापारी - प्रबुद्ध जनों की सहभागिता रहेगी कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य हिन्दू समाज मे धर्मांतरण रोकना एवं हिन्दू समाज मे पल रही कुरीतियों एवं चुनौतियों मे पल रही कुरीतियों एवं चुनौतियों के समाधान का निराकरण होगा...

# सफेद पोश नेता के संरक्षण में स्वच्छता प्रभारी मस्त, नगर में कई जगह लगा गंदगी का अंबार

**प्रधानमंत्री के स्वच्छ भारत मिशन के सपने को लगा रहे ग्रहण**

उमरिया । देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो स्वच्छ भारत मिशन का सपना देखा था, वो उमरिया नगर के स्वच्छता प्रभारी की नाकामी के चलते पूरा होता नही दिखाई दे रहा है। ऐसा लगता है, कि उमरिया में प्रधानमंत्री का सपना कभी पूरा नही होगा। केवल कुछ निक्कमे अधिकारियो के चलते। देशभर में स्वच्छता सर्वेक्षण अभियान चलाया रहा है, जिस पर करोड़ों खर्च भी किये जा रहे है, पर नगर पालिका उमरिया में नगर की साफ-सफाई सिर्फ और सिर्फ कागजों में ही नजर आ रही है। जमीनीहकीकत कुछऔर ही बयां कर रही है। अधिकारियों सूत्रों की माने तो देखने में आ शिकायतों में गंदगी का अंबार लगा हुआ परेशान शिकायतकताओं नालियां गंदगी से लबालब भरी का हवाला बदबू आ रही है। इससे नगर बजाय शिकायत जीना दुस्वार हो रहा है, वहीं नगर की जनता को नारकीय जीवन जीने को विवश होना पड़ रहा है। नगर स्वच्छता प्रभारी अपनी कुर्सी में कई वर्षों से फरमा रहे हैं। सूत्रों की माने तो स्वच्छता प्रभारी को सफेद पोश नेताओ का संरक्षण भी प्राप्त है। जिसके चलते उन्हें किसी का भय नहीं रहता है अनेकों बार नगर की जनता के द्वारा सीएम हेल्पलाइन के माध्यम से शिकायत की गई किंतु शिकायत के निराकरण में महीनों गुजर जाते हैं। क्योंकि पालिका के निरंकुश कर्मचारी नगर पालिका को मजाक बना रखा है। गंदगी सफाई नहीं कराई जा रही है। वहीं नगर मेंजगह-जगह गंदगी के ढेर लगे हैं। नगर देकर गंदगी का समाधान करने के पालिका द्वारा स्वच्छता के नाम पर लाखों खर्च किए जा रहे हैं। जबकि जमीन पर के कई वार्डों में रोड के किनारे कुछ ऐसा नजर नहीं आ रहा है। ऐसे में नगर में तरफ की नालियां कचरा व गंदगी स्वच्छता की स्थिति का अंदाजा लगा सकते नालियां मलवों से भरी हैं, जिनसे बरसात के मौसम में जहाँ नालियां बजबजाने के कारण मच्छरों का प्रकोप भी बढ़ता जा रहा है है। नगर की जनता बीमारियों से ग्रसित हो रही है। और नही, यहाँ तक तो ठीक है, नगर पालिका के अधिकांश वाडों में नालियों की सफाई को अस्पतालों के चक्कर काटने पड़ रहे है। सूत्र बताते हैं कि नगर पालिका परिषद उमरिया में पदस्थ स्वच्छता प्रभारी कई वर्षों से एक ही स्थान पर जमे हुए हैं बीच में एक आठ बार अन्यत्र स्थानांतरण हुआ लेकिन सफेद पोस नेताओं की जी हुजूरी करते हुए दोबारा उमरिया में ही पदस्थ हो गए।

# बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व क्षेत्र में ध्वनि विस्तार यंत्रों पर प्रतिबंध लगाने का निर्णय
# गाईडों को अन्य रोजगार मूलक कार्यो से जोड़े- कमिश्नर

**समाज जागरण**

शहडोल। कमिश्नर शहडोल संभाग राजीव शर्मा की अध्यक्षता में उमरिया जिले के ताला में बाधवगढ़ टाइगर रिजर्व की स्थानीय सलाहकार समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य वन संरक्षक लखन सिंह उइके, कलेक्टर उमरिया बुद्धेश वैद्य, संयुक्त आयुक्त विकास मगन सिंह कनेश सहित सलाहकार समिति के सदस्यगण उपस्थित थे।

बैठक में मुख्य वन संरक्षक श्री लखन सिंह उइके ने बाधवगढ़ टाइगर रिर्जव स्थानीय सलाहकार समिति की पूर्व बैठक में लिए गए निर्णयों का पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। सलाहकार समिति की बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि बाधवगढ़ टाइगर रिजर्व क्षेत्र में ध्वनि विस्तारक यंत्रों पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाया जाए। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि बाधवगढ़ टाइगर रिजर्व क्षेत्र को साइलेंस जोन बनाने के लिए मास्टर प्लान बनाएं तथा वन्य पशुओं की शांति किसी भी स्थिति में भंग न हो इसके लिए, ध्वनि यंत्रों पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाया जाए, पटाखों को भी बाधवगढ़ टाइगर रिजर्व क्षेत्र में पूर्णतः प्रतिबंधित किया जाए। बैठक में कमिश्नर ने वन विभाग, राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि, बाधवगढ़ टाइगर रिजर्व क्षेत्र में ध्वनि विस्तारक यंत्रों और पटाखों के उपयोग को प्रतिबंधित करने के लिए सख्त कार्यवाही करें। बैठक में बाधवगढ़ टाइगर रिजर्व क्षेत्र के होटलों से निकलने वाले कचरे के उचित प्रबंधन पर भी विस्तृत चर्चा की गई। चर्चा के दौरान कमिश्नर शहडोल संभाग श्री राजीव शर्मा ने कहा कि बाधवगढ़ टाइगर रिजर्व क्षेत्र के होटलों एवं रिसोर्टस से निकलने वाले कचरे का उचित प्रबंधन कराएं इस कार्य में होटलों और रिसोर्टस के प्रबंधकों से भी अपेक्षित सहयोग लें। कमिश्नर ने कहा कि बाधवगढ़ टाइगर रिजर्व क्षेत्र स्वच्छ और सुंदर दिखना चाहिए इसके लिए निरंतर प्रयास करें। बैठक में कमिश्नर ने कहा कि बाधवगढ़ टाइगर रिजर्व क्षेत्र में बाघ से हमले के प्रकरणों में कमी लाने के लिए लोंगो को बाघ हमले से बचाव के प्रति जागरूक करें, लोंगो को बताए कि बाघ के हमले से कैसे बचा जाता है? इस कार्य में कलेक्टर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, वन विभाग के मैदानी कर्मचारी, ग्राम पंचायतों के सरपंच एवं आमजन जागरूकता अभियान चलाए। बैठक में मुख्य वन संरक्षक श्री लखन सिंह उइके ने बताया कि बाधवगढ़ टाइगर रिजर्व क्षेत्र में लगभग 55 हाथियों के झुंड ने स्थायी बसेरा बना लिया है जिसपर वन विभाग के अमले द्वारा निंरतर नजर रखी जा रही है। जिस पर कमिष्नर ने कहा कि हाथियों के दल द्वारा फसलों के क्षति को रोकने के लिए किसानों को हाथी जिस पर फसल के प्रति ज्यादा आकर्षित होते है, ऐसी फसलें नही लगाने के लिए जागरूक करने की कार्यवाही सुनिश्चित करें। कमिश्नर ने कहा कि इस कार्य में कृषि विज्ञान केन्द्र के कृषि वैज्ञानिकों की भी मदद लें। बैठक में कमिश्नर ने कहा कि बाधवगढ़ टाइगर रिजर्व क्षेत्र में गाइडों की भर्ती में पूरी पारदर्शिता रखें, जो पहले से गाइड का काम कर रहे है उन्हें कार्य पर रखें तथा पूर्व गाइडों को अन्य रोजगार मूलक कार्यों से भी जोड़े।

बैठक में सदस्यों द्वारा अवगत कराया गया कि बाधवगढ़ टाइगर रिजर्व क्षेत्र में होटलों और रिसोट्र्स का निर्माण मनमानी तौर पर किया जा रहा है। शासन की गाइड लाइन का उपयोग नही किया जा रहा है। साथ ही शासकीय भूमि पर रिसोर्टस बनाने वालों द्वारा अतिक्रमण किया जा रहा है। सदस्यों का कहना था कि इस पर तत्काल प्रतिबंध लगाया जाए। जिस पर कमिश्नर ने राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अतिक्रमण करने वालों के विरूद्व सख्त कार्यवाही करें। बैठक में सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि रजनी सिंह के पति की मृत्यु गाइड के पद पर कार्य करते हुए होने के कारण रजनी सिंह को गाइड के पद पर नियुक्त किया जाए तथा सुशीला पाण्डेय की जिप्सी से प्रतिबंध हटाया जाए उसे कार्य पर भी लिया जाए। बाधवगढ़ टाइगर रिजर्व प्रबंधक समिति की बैठक में अन्य विषयों पर भी चर्चा हुई।

बैठक में सरपंच ग्राम पंचायत ताला सहीला खान, सरपंच पतोर एवं अन्य सदस्यगण उपस्थित रहें।

# आर के मार्शल आर्ट एकेडमी की खिलाड़ी का एशियन कराते प्रतियोगिता में चयन

**स्वर्ण पदक प्राप्त करने के उपरांत भारत का प्रतिनिधित्व करेगी आरुषि**

विजय तिवारी शहडोल।आर मार्शल आर्ट अकादमी के कोच एवं नेशनल कोच रामकिशोर चौरसिया ने बताया कि कराते आर्गेनाइजेशन ऑफ इंडिया राष्ट्रीय प्रतियोगिताजो कि 21 सितंबर से 22 सितंबर तक उत्तराखंड देहरादून में आयोजित हुई जिसमें आर के मार्शल आर्ट की खिलाड़ी और आरुषी सिंह ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया और एशियन कराते प्रतियोगिता के लिए चयनित हुई और नवंबर माह में आयोजित होने वाली एशियन कराते प्रतियोगिता में




आरुषि सिंह भारत का प्रतिनिधित्व करेगी। आरुषि सिंह के कोच रामकिशोर चौरसिया ने बताया कि आरुषि पहले भी 7 बार राष्ट्रीय प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक प्राप्त कर चुकी हैं। आरुषि के इस उपलब्धि पर उनके पिता समाजसेवी राम सागर सिंह (बबुआ सिंह)माता नगर पालिका परिषद शहडोल की पार्षद श्रीमती विधि सिंह और उनके कोच रामकिशोर चौरसिया को बहुत बड़ा योगदान है आरुषि लगभग 7 साल से कड़ी मेहनत कर रही है और वह ब्लैक बेल्ट 2ल्र्ला डॉन की डिग्री प्राप्त की है आरुषी सिंह के इस उपलब्धि पर पुरे शहडोल जिले में एवं मध्य प्रदेश में हर्षोल्लास का माहौल है और सभी ने उनके जीतने पर एवं एशियन कराते प्रतियोगिता में चयनित होने पर बधाई दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# अनाज मंडी में आयोजित तीसरे श्री गणेश महोत्सव में झूमे श्रद्धालु

हरियाणा/ हिसार ( राजेश सलूजा)बरवाला मां भगवती जागरण मंडल अनाज मंडी द्वारा अनाज मंडी में तीसरे श्री गणेश महोत्सव का शुभारंभ किया गयो इस महोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक रामनिवास घोड़ेला ने शिरकत की और अध्यक्षता प्रधान रमेश सिंगला ने की मंच संचालन अनिल गर्ग ने कियो इस महोत्सव में भूना से आए भजन कलाकार सोनू सिंगला ने अपनी मधुर वाणी से श्री गणेश के भजनो का गुणगान किया और इन भजनों पर धार्मिक भावना से वशीभूत होकर उपस्थित श्रद्धालुगण झूम उठे इस दौरान मंडल के पदाधिकारियों द्वारा मुख्य अतिथि पूर्व विधायक रामनिवास घोडेला को श्री गणेश की प्रतिमा प्रदान करके सम्मानित किया गयो इससे पूर्व मंडल द्वारा शहर में श्री गणेश की प्रतिमा की शोभायात्रा निकाली गई इस अवसर पर जयनारायण राजलीवाला, उपप्रधान नरेश गर्ग, रामफल मित्तल, वीरभान गर्ग, सुनील मित्तल, अनिल गर्ग व सुरेंद्र समेत सैकड़ो की तादाद में श्रद्धालुगण मौजूद रहे



# बिजुरी, कोतमा और राजनगर में पुलिस के सहयोग से अवैध तस्करी आनंद ले रहे शराब तस्कर

## अन्तर्राज्यीय शराब तस्कर बिजुरी और राजनगर में सक्रिय

कोतमा - कोयलांचल के क्षेत्र थाना बिजुरी और राजनगर में इन दिनों शराब तस्करी को लेकर सुर्खियों में बना हुआ है, बिजुरी , कोतमा राजनगर सहित आसपास के गांव में संचालित होटल, ढाबे, किराने स्टोर हो या जरनल स्टोर, हर गली मोहल्ले में देशी एवं अंग्रेजी शराब आसानी से मिल जाती है। छत्तीसगढ़ सीमा से राजनगर और बिजुरी के सटे होने के कारण छत्तीसगढ़ में शराब की तस्करी बड़ी आसानी से की जा रही है। वही कोतमा नगर कोयलांचल क्षेत्र होने के कारण मुख्य मार्ग पर स्थित ढाबे एवं कि केशवाही मार्ग पर स्थित ढाबे, बिजुरी क्षेत्र के कोठी, के आसपास अन्य गांवों में देशी सहित अंग्रेजी शराब की खपत प्रचुर मात्रा में अवैध तरीके से की जा रही है जिस पर ना तो अधिकारी विभाग कोई कार्यवाही करता है और ना ही पुलिस विभाग का ध्यान इस अवैध पैकारी पर जाता है। वहीं शाम होते ही नगर व आसपास के सभी ढाबे अहाते में तब्दील हो जाते हैं, देशी हो या विदेशी हर प्रकार की शराब ढाबो में सरकारी कीमतों से कुछ ज्यादा पैसों में मिल जाती है। नगर की लायसेंसी शराब दुकानों द्वारा अपने चार पहिया वाहनों से शराब की आपूर्ति की जाती है जिसकी पूरी सूचना स्थानीय पुलिस समेत जिला के मुखिया को भी होती है।

## जैसवाल के देख रेख में पैकारी का आनंद .....

ठेका मिलते ही जैसवाल द्वारा कमाई के विभिन्न तरीकों एवं विभिन्न आयामों से थाना प्रभारी को लुभाने का कार्य किया है, बिजुरी और राजनगर की हर गली मोहल्ले में बिक रही अवैध शराब के अन्य ठेकेदारों से भी आनंद साहब का परिचय दोनों करामतियों ने करवा दी जिसके बाद से तस्करी का सिलसिला जोर शोर से बिजली थाना क्षेत्र अंतर्गत जारी है। जिले के विभिन्न क्षेत्रों के शराब ठेकेदार एक ही नीति के तहत अपने इस कारोबार को बढ़ाते हैं जिसका प्रथम सिंद्धांत होता है अधिकारियों का मैनेजमेंट जिसके लिए दलाल तैनात किये जाते हैं और उनका काम होता है आबकारी विभाग तक उनका हिस्सा पहुंचाना। जिसके लिए शराब ठेकेदार ने अपना आदमी जिला मुख्यालय तक में नियुक्त कर रखे हैं। जिसमें पूर्व के ठेकेदार पहले से ही परिपक्व होते हैं वही परिपक्वता के कारण नए ठेकेदार को बड़ी आसानी से अवैध तस्करी के विभिन्न तरीकों से परिचित करा देते हैं। यह सिलसिला यहीं नहीं थमता, इसके बाद बारी आती है पुलिस मेनेजमेंट की। जिसके लिये लोकल थानों की बोली लगाई जाती है, बोली कम से कम छः अंको पर आधारित हो डील पक्की कर यह निर्धारित किया जाता है कि शराब ठेकेदार कागजी कार्यवाही पुख्ता करने के लिए हर माह एक से दो केस थाने आकर बनवाएंगे। ताकी इस अवैध कारोबार के दाग थानेदार की वर्दी पर न लगे। डील पक्की हो जाने के बाद थानेदार साहेब ढाबों और पैकारी को सुरक्षा मुहैया कराते हैं।

## ठेकेदारों के माध्यम से मनेंद्रगढ़ पहुंच रही शराब के खेप....

छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा प्रदेश भर में शराब पर पाबंदी लगा दी गई है जिसका फायदा उठाते हुए कम दामों में शराब सीमा से लगे बिजुरी, कोतमा, राजनगर थाना क्षेत्र से मनेंद्रगढ़, सरगुजा जिले में भेजी जाती है। समय-समय पर काली फिल्म लगे चार पहिया वाहनों से सैकड़ो लीटर शराब मनेन्द्रगढ़ तक पहुंचाई जाती है। यही कारण रहा की बिजुरी और राजनगर में संचालित शराब दुकान का ठेका अन्य क्षेत्रो की तुलना में महंगा होता है। और प्रदेश के बॉडर में बैठे शराब ठेकेदार वा तस्करों का जलवा भी जिले के अन्य जगह से ज्यादा बरकरार रहता है। जगह-जगह बिक रही शराब में प्रचुर मात्रा में मिलावटी शराब भी बड़ी आसानी से बेचदी जाती है।

पैकारी में बिजुरी राजनगर अव्वल.....

कोयलांचल के बिजुरी क्षेत्र छत्तीसगढ़ सीमा से लगे हुए हैं। जहां से दिन के उजाले और रात के अंधेरे में बेखौफ हो आसानी से छत्तीसगढ़ तक पहुंचाई जाती है। यही नहीं आसपास का ऐसा कोई भी गांव इनसे अछूता नहीं है, जहां दुकानों में प्रचुर मात्रा में शराब उपलब्ध न हो। बिजुरी में शाम होते ही बुलेरो में पेटियां लोड करके आसपास के ग्रामीणों क्षेत्रों मेंसे कोठी,बहेराबांध,भक्ता,भावनिहा,थानगांव,मौहरी,जलसार,निगवानी,लोहसर,दलदल,मोहाड़ादफाई,उजनिगर,पंडरीपानी,माइनस,डबलस्टोरी,स्टॉप तिराहा में लगभग सैकड़ो अवैध शराब दुकाने संचालित है जहा ठेकेदार के नुमाइंदों द्वारा शराब पहुंचाई जाती है, वहीं कपिलधारा स्थित शराब दुकान से कोलमाइंस के वार्डों में बाइक व बुलेरो के माध्यम से सुबह-शाम खुलेआम शराब की आपूर्ति की जाती है। बिजुरी का आलम यह है, बिजुरी में पैकारी के आंकड़े अगर सैकड़े के हैं साथ ही कथित जयसवाल व मैनेजरों का काम ही शराब की पैकारी कराना बन चुका है।

## कोतमा में भी गली-गली बेची जा रही शराब

अवैध रूप से शराब की बिक्री में कोतमा क्षेत्र भी कम नहीं है। नगर में स्थित अनेक ढाबों सहित अनेक अड्डों में आसानी से शराब उपलब्ध हो जाती है जबकि ढाबे में शराब बेचना एवं पिलाना पूरी तरह प्रतिबंधित है लेकिन कोतमा नगर एवं आसपास के क्षेत्र में अड्डों में शराब दरबारी का राज है। सूत्र बताते हैं कि शुक्रवार को सिंह ढाबे में पुलिस द्वारा कार्यवाही की गई लेकिन पुलिस प्रशासन को भी ज्ञात होना चाहिए कि कोतमा नगर में सिर्फ यही ढाबा ही नहीं है जहां शराब बिक रही है बल्कि लगभग ढाबे एवं रेस्टोरेंट में आसानी से शराब उपलब्ध हो जा रही है।

# 'योगी सरकार प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी बनाने के लिए प्रतिबद्ध'

**समाज जागरण**

ग्रेटर नोएडा, 22 सितंबर। इंडिया एक्सपो सेंटर में आयोजित यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में शुक्रवार को दूसरे दिन आयोजित हुए बीमा सत्र में प्रदेश के वित्त व संसदीय कार्यमंत्री सुरेश खन्ना, एमएसएमई मंत्री राकेश सचान और औधोगिक मंत्री नंद गोपाल नंदी ने शिरकत की। इस अवसर पर बोलते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि यह ट्रेड फेयर उत्तर प्रदेश को नई ऊंचाई तक ले जाने में मील का पत्थर साबित होगा, क्योंकि योगी सरकार में प्रदेश में उद्योगों को स्थापित करने का जो माहौल बनाया गया है, उससे दुनिया भर के निवेशक यहां निवेश में रुचि दिखा रहे हैं। उन्होंने कहा कि योगी सरकार उद्यमियों की समस्याओं के समाधान के लिए हमेशा ही तत्पर है, क्योंकि उद्योगों के बढ़ने से प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर इकोनिमी बनने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि निर्यातकों और एमएसएमई को बीमा जरूर कराना चाहिए। उन्होंने कहा कि जिस तरह से आज दैवीय आपदाएं बढ़ रही हैं, उससे बहुत अधिक नुकसान हो जाता है, ऐसे में अगर कंपनी का बीमा रहेगा तो उससे उन्हें 80 से 90 प्रतिशत नुकसान की भरपाई हो जाती है। इस अवसर पर बोलते हुए मंत्री राकेश सचान ने भी एमएसएमई से जुड़े कारोबारियों को बीमा करने पर जोर दिया। उन्होंने कानपुर की गारमेंट इंडस्ट्री में हुई आगजनी की घटना का जिक्र करते हुए कहा कि बहुत सी कंपनियों का बीमा नहीं था, अगर उनके पास बीमा होता तो उन्हें बहुत मदद मिल जाती। उन्होंने कहा कि इसीलिए एमएसएमई सेक्टर में भी बढ़ी कंपनियों की तरह बीमा प्रवृति

# इनेलो के नेता अजय चौटाला ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री मल्लिकार्जुन खड़गे से करके मुलाकात दिया कैथल में 25 सितम्बर को आयोजित इनेलो की रैली में आने का निमंत्रण

**विनोद कश्यप प्रभारी**
**दैनिक समाज जागरण पंजाब हरियाणा**

चण्डीगढ़, सितम्बरः हरियाणा की राजनीति के लिए आज की बड़ी खबर सामने आ रही है। दिल्ली में आज इनेलो के नेता अभय सिंह चौटाला और कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के बीच मुलाकात हुई है।

बताया जा रहा है कि दोनों नेताओं के बीच काफी देर तक बातचीत हुई है। वहीं दिल्ली में दोनों नेताओं के बीच यह मुलाकात हुई है। सूत्रों के हवाले से मिल रही जानकारी के मुताबिक इनेलो की 25 सितंबर की कैथल रैली को लेकर चर्चा हुई है।



आपको बता दें कि कुछ दिन पूर्व ही इनेलो की तरफ से प्रस्तावित कैथल में सम्मान दिवस रैली में इंडिया एलाइंस के नेताओं के शामिल होने की बात सामने आई थी। इसमें कांग्रेस को भी न्यौता दिया गया है।

# 24 सितंबर से रांची हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस का परिचालन प्रारंभ होगा

**बिभूति भूषण भद्र झाड़ग्राम जिला संवाददाता दैनिक समाज जागरण**

रांची हावड़ा वंदे भारत ट्रेन का ट्रायल रन गुरुवार को संपन्न हो



गया।परीक्षण के तौर पर वंदे भारत एक्सप्रेस गुरुवार को दोपहर 12:30 बजे रांची से खुलकर मुरी कोटशिला पुरुलिया, बलरामपुर, टाटानगर, झाड़ग्राम, खड़गपुर होते हुए रात लगभग 10:00 बजे हावड़ा स्टेशन पहुंची। ट्रायल रन के तहत बंदे भारत एक्सप्रेस झाड़ग्राम स्टेशन पहुंचने पर यात्रियों के चेहरे में उत्साह देखने लायक थी, कई लोगों को वंदे भारत ट्रेन के साथ सेल्फी लेते हुए देखे गए। रेल सूत्रों के अनुसार यह ट्रेन 24 सितंबर से अपनी यात्रा शुरू करेगी। रेलवे की ओर से दुगार्पूजा से पहले वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन की सौगात मिलने से लोगों में काफी खुशी है।

# जिले में आयुष्मान भवः अभियान के तहत हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर लगाया गया मेला

*–17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक चलेगा सेवा पखवाड़ा*

*–जिलाधिकारी ने किशनगंज वासियों से गोल्डन ई. कार्ड बनवाने की अपील की है*

**राहुल, दैनिक समाज जागरण किशनगंज**

जिले में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक आयुष्मान भवः अभियान के तहत 'सेवा पखवाड़ा' का आयोजने किया जा रहा है । आयुष्मान मेलों के माध्यम से लोगों को जिले के सभी हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर , सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और हर गांव और पंचायत में आयुष्मान सभाओं में स्वास्थ्य सेवा दी जा रही है । उक्त कार्यक्रम के अंतर्गत हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में टेलीकंस्लटेंसी, जांच, एनसीडी, परिवार नियोजन, नियमित टीकाकरण, पोषण एवं प्रसव पूर्व जांच (एएनसी) सहित 12 प्रकार की सुविधाएं दी जा रही हैं। सिविल सर्जन डॉ कौशल किशोर ने बताया कि परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा शुरू किया गया 'आयुष्मान भवः' अभियान एक व्यापक राष्ट्रव्यापी स्वास्थ्य सेवा पहल है। जिसका उद्देश्य देश के हर गांव और शहर तक पहुंचने वाली स्वास्थ्य सेवाओं की अधिकतम कवरेज प्रदान करना है। यह अभूतपूर्व पहल आयुष्मान भारत कार्यक्रम की सफलता पर आधारित व स्वास्थ्य सेवाओं में परिवर्तन का प्रतीक है। इसी क्रम में अब तक जिले के कुल 84 हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर मेला का आयोजन किया गया है। जिसमें 01 हजार से अधिक ग्रामीणों को लाभ मिला है। एचडब्ल्यूसी और सीएचसी में आयुष्मान मेले तथा आयुष्मान सभा को आयोजने किया जा रहा है -

-सिविल सर्जन डॉ कौशल किशोर ने बताया कि 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक 'सेवा पखवाड़ा' चलेगा। यह पूरे राष्ट्र और समाज




के दृष्टिकोण का प्रतीक है। यह सरकारी क्षेत्रों, नागरिक समाज संगठनों और समुदायों को एक सामान्य मिशन के तहत एकजुट करता है। ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि प्रत्येक व्यक्ति को बिना किसी असमानता के आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त हों। आयुष्मान भवः अभियान स्वास्थ्य विभाग, अन्य सरकारी विभागों और ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में स्थानीय निर्वाचित निकायों के साथ मिलकर ग्राम पंचायतों द्वारा चलाया गया एक सहयोगी प्रयास है। इसका मुख्य उद्देश्य भौगोलिक बाधाओं को पार करते हुए हर गांव और शहर में व्यापक स्वास्थ्य सेवा कवरेज का विस्तार करना है। साथ ही यह सुनिश्चित करना है कि प्रत्येक व्यक्ति को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हों। एचडब्ल्यूसी और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में आयोजित होने वाले इन मेलों से स्वास्थ्य आईडी (आभा) जारी करने और आयुष्मान भारत कार्ड जारी करने में सुविधा दी जा रही है । वे प्रारंभिक निदान, व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल सेवाएं, विशेषज्ञों के साथ टेलीकंसल्टेशन और उचित निदान भी प्रदान करेंगे। प्रत्येक गांव और पंचायत में ये सभाएं आयुष्मान कार्ड वितरित करने, एबीएचए आईडी बनाने, महत्वपूर्ण स्वास्थ्य योजनाओं और रोग की स्थितियों, जैसे गैर-संचारी रोग, टीबी (निक्षय मित्र), सिकल सेल रोग, साथ ही रक्तदान और अंगदान अभियान के बारे में जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। आयुष्मान भवः अभियान 'स्वस्थ गांव' और 'स्वस्थ ग्राम पंचायत' बनाने के दृष्टिकोण के साथ जुड़ा हुआ है। जो देश में सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज प्राप्त करने की नींव रखता है। स्वास्थ्य योजनाओं को सफलतापूर्वक चलाने वाली पंचायतें 'आयुष्मान ग्राम पंचायत' या 'आयुष्मान शहरी वार्ड' का प्रतिष्ठित पुरस्कार अर्जित करेंगी। जो न्यायसंगत स्वास्थ्य देखभाल प्रावधान के लिए उनके समर्पण का प्रतीक है।

**आयुष्मान भवः अभियान का उद्देश्य–**

जिला योजना समन्वयक विश्वजीत कुमार ने बताया कि आयुष्मान भवः अभियान का उद्देश्य अपने तीन घटकों आयुष्मान - आपके द्वार 3.0, स्वास्थ्य और हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और हर गांव और पंचायत में आयुष्मान सभाओं में आयुष्मान मेलों के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाओं के कवरेज को अधिकतम करना है। आयुष्मान आपके द्वार 3.0: पहल का उद्देश्य पीएम-जेएवाई योजना के तहत नामांकित शेष पात्र लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड प्रदान करना और यह सुनिश्चित करना कि अधिकाधिक व्यक्तियों की स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच हो।

जिलाधिकारी ने सभी किशनगंज वासियों से गोल्डन ई. कार्ड बनवाने की अपील की है - --जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने बताया कि परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा शुरू किया गया 'आयुष्मान भवः' अभियान एक व्यापक राष्ट्रव्यापी स्वास्थ्य सेवा पहल है। जिसका उद्देश्य देश के हर गांव और शहर तक पहुंचने वाली स्वास्थ्य सेवाओं की अधिकतम कवरेज प्रदान करना है। यह अभूतपूर्व पहल आयुष्मान भारत कार्यक्रम की सफलता पर आधारित व स्वास्थ्य सेवाओं में परिवर्तन का प्रतीक है। वहीं जिले में आयुष्मान भवः कार्यक्रमे में शेष बचे ज्यादा से ज्यादा लाभुकों का गोल्डन ई. कार्ड पंचायत में शिविर लगाकर सीएससी संचालकों की सहायता से निःशुल्क बनाया जा रहा है । उन्होंने बताया कि पंचायत स्तर पर लाभुकों को चिह्नित करने के लिए प्रखंड स्तर के पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं आशा कार्यकर्ता और जीविका के अधिकारी और कर्मचारी को लाभुकों की सूची सौंप दी गई है। इसलिए आप सभी जिलेवासी से अपील है कि 'आयुष्मान भवः' अभियान के तहत हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर पहुँचकरे कार्यक्रम का लाभ उठाएं।

# पूर्णियां: मुंगेर व पटना एसटीएफ ने किया अवैध मिनी गन फैक्ट्री का उद्भेधन, पूर्व सरपंच पुत्र गिरफ्तार

**पियुष रंजन सिंह समाज जागरण विशेष संवाददाता पूर्णियां प्रमंडल**

बिहार के मुंगेर व पटना की एसटीएफ की संयुक्त टीम ने पूर्णियां जिले के बनमनखी अनुमंडल अंतर्गत जानकीनगर थानाक्षेत्र के महाराजगंज1 पंचायत के चकमका गांव में अवैध हथियार बनाने के मिनी कारखाने का शुक्रवार को सफलतापूर्वक उद्भेदन करते हुए एक अपराधी को गिरफ्तार किया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बीते दिनों एक युवक को मुंगेर में बंदूक की गोली बेचते हुए मुंगेर की एसटीएफ की टीम ने मौके पर ही पकड़ लिया था।गिरफ्तार युवक ने पूछताछ में पूर्णियां जिले के बनमनखी अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत जानकीनगर थानाक्षेत्र के चकमका गांव में पूर्व सरपंच मिथिलेश यादव द्वारा संचालित अवैध गन फैक्ट्री का खुलासा किया था।खुलासे के बाद मुंगेर की एसटीएफ टीम ने पटना एसटीएफ टीम की मदद ली और गन फैक्ट्री के स्थान को चिन्हित करने के बाद शुक्रवार की सुबह स्थानीय थाने की गश्ती टीम को साथ लेकर वहां धावा बोल दिया एवं निर्मित व अर्ध निर्मित हथियारों के साथ ही हथियार बनाने वाले अत्याधुनिक मशीनों को बरामद कर लिया।इस दौरान पूर्व सरपंच के पुत्र जीतू यादव को भी गिरफ्तार किया गया।यह छापामारी इतने गुपचुप तरीके से की गई थी कि,इसकी जानकारी स्थानीय थानाध्यक्ष और बनमनखी एसडीपीओ हुलास कुमार तक को नहीं मिल पाई।हालांकि, बाद में पूर्णिया पुलिस अधीक्षक आमिर जावेद ने छापामारी की सूचना उन्हें दी,तब जाकर वे मौके पर पहुंचे।वहीं पूर्णियां पुलिस द्वारा शुक्रवार को हीं जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया कि दिनांक 22.09.23, दिन शुक्रवार को पूर्णियां पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि चकमका ग्राम में मिथिलेश यादव,पिता पिरवत यादव के घर पर मिनी गन फैक्ट्री (वर्कशॉप) का संचालन किया जा रहा है। प्राप्त सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु पुलिस अधीक्षक, पूर्णियां आमिर जावेद( भापुसे) के द्वारा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बनमनखी, हुलास कुमार के नेतृत्व में एक विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया, जिसमें थानाध्यक्ष जानकीनगर पुअनि ओमप्रकाश, सअनि लखीराम साहनी,सअनि उपेंद्र पासवान,सिपाही लक्ष्मण मेहता,नारायण मेहता एवं अन्य पुलिसकर्मियों को शामिल किया गया।गठित पुलिस टीम के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए जानकीनगर थाना अंतर्गत चकमका गांव में एक व्यक्ति के घर पर छापेमारी कर मिनी गन फैक्ट्री (वर्कशॉप) का उद्भेदन किया गया तथा एक मीलिंग( खराद) मशीन,एक लेथ मशीन,एक ड्रिल मशीन,एक थ्रेड मशीन,एक वेल्डिंग मशीन,एक अर्ध निर्मित बैरल,चार अर्ध निर्मित बैरल कटिंग प्लेट,19 लोहे का मोटा प्लेट एवं 69 लोहे का पतला प्लेट आदि हथियार बनाने वाले सामानों की बरामदगी की गयी है।गिरफ्तार अपराधकर्मी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# पंचायत सरकार भवन बेसरबाटी में आज जनसंवाद कार्यक्रम।

*राज्य के कल्याणकारी योजनाओं पर आमजन के मन्तव्य लेने जमा होगा जिला प्रशासन।*

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता, ठाकुरगंज (किशनगंज)**

शनिवार, दिनांक 23 सितंबर 2023 को पंचायत सरकार भवन, ग्राम पंचायत बेसरबाटी, प्रखण्ड - ठाकुरगंज में जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किया जाना है। इस कार्यक्रम में जिला पदाधिकारी, किशनगंज के नेतृत्व में जिला प्रशासन सहित स्थानीय प्रशासन का दल मौजूद रहेगा।

जिला प्रशासन, किशनगंज के सूचना व प्रसारण विभाग द्वारा जारी सूचना के अनुसार लोक कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी आम जनों को सुलभ कराने, उनकी प्रतिक्रिया प्राप्त करने तथा लोक कल्याणकारी योजनाओं को स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप और अधिक विस्तृत करने के संबंध में जनमानस के सुझावों को प्राप्त करने के उद्देश्य से जन संवाद बैठक का आयोजन किया जा रहा है।

राज्य सरकार के निर्णयालोक में सूबे के तमाम जिलों के प्रखंडो में अलग-अलग तिथियों को चिन्हित स्थलों / पंचायत सरकार भवनों में जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किया जाना आरम्भ हुआ है।

इसी क्रम में किशनगंज जिला में इसकी शुरूआत कोचाधामन प्रखण्ड के पुरंदहा पंचायत से की गयी जहां 20 सितंबर 2023 को इस जिला का प्रथम जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया था।

ठाकुरगंज प्रखंड में यह कार्यक्रम बेसरबाटी पंचायत के अलावे 30




सितंबर को पंचायत सरकार भवन, बरचौन्दी, 06 अक्टूबर को दल्लेगाँव पंचायत के अंडाबाड़ी गांव, 13 अक्टूबर को पंचायत सरकार भवन तातपौआ पंचायत और 14 अक्टूबर को बन्दरझुला पंचायत भवन में आयोजित होने हैं।ठाकुरगंज प्रखण्ड के कुल 05 प्रखण्डों के चिन्हित स्थल पर आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में से बेसरबाटी और बन्दरझुला पंचायत में इस कार्यक्रम का आयोजन जिला पदाधिकारी की अध्यक्षता में होगी। दल्लेगांव पंचायत हेतु अनुमंडल पदाधिकारी, किशनगंज एवं शेष 02 स्थल हेतु प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, ठाकुरगंज को अधिकृत किया गया है।

बेसरबाटी पंचायत में आयोजित होने वाले जनसंवाद कार्यक्रम को लेकर पंचायतवासियों को जागरूक किया गया है। चर्चा है कि इस कार्यक्रम में उत्क्रमित मध्य विद्यालय बेसरबाटी जिसे माध्यमिक विद्यालय के रूप में उत्क्रमित व विकसित किया गया है, को पूर्णकालिक प्रधानाध्यापक पद से साजिश के तहत जिला शिक्षा कार्यालय, किशनगंज द्वारा इसी सप्ताह वंचित किया गया है, सम्बंधित मामलें को जिला पदाधिकारी के समक्ष उठाया जाना है। ज्ञात हो कि इस विद्यालय में जिला संवर्ग कोटि से पदस्थापित एकमात्र शिक्षक श्री ब्रज किशोर टुड्डू को प्रोन्नति देकर उन्हें भातगाँव पंचायत में अवस्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय नेंगराडूबा में पूर्णकालिक प्रधानाध्यापक पद पर पदस्थापित करने का आदेश जिला शिक्षा पदाधिकारी, किशनगंज द्वारा 11 सितंबर 2023 को जारी किया गया है जिससे बेसरबाटी विद्यालय के पोषक क्षेत्रों के अभिभावकों में रोष जग गया है।

# जमानत पर जेल से बाहर निकले अपराधी ने फिर किया चोरी, गिरफ्तार

**उत्तम सिंह:संवाददाता:दैनिक समाज जागरण:ब्यूरोचीफ (दार्जिलिंग):**

महज पांच दिन पहले ही जमानत पर जेल से निकले अपराधी ने एक बार फिर चोरी की घटना को अंजाम दिया है। जिसे पुलिस ने एक बार फिर गिरफ्तार कर जेल के सलाखों के पीछे डाल दिया है। गिरफ्तार आरोपी का नाम एमडी अफजल है। बताया जा रहा है कि आरोपी एमडी अफजल पुराना अपराधी है। करीब 20 दिनों पहले ही माटीगाड़ा थाना की पुलिस ने अफजल और उसके चार साथियों को डकैती की कोशिश के आरोप में गिरफ्तार किया था। जिसके बाद उसे 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया था। 14 दिनों तक जेल में रहने के बाद अफजल करीब 5 दिन पहले ही जमानत पर बाहर निकला था। जेल से बाहर आते ही अफजल ने एक बारी फिर चोरी और छिन्तई करना शुरू कर दिया है। गत बुधवार को माटीगाड़ा के न्यू कॉलोनी इलाका स्थित एक घर में चोरी की घटना घटी थी।



थाने में लिखित शिकायत दर्ज होने पर माटीगाड़ा थाना की पुलिस ने मामले की जांच शुरू की। इसके बाद फिर चोरी के आरोप में अफजल को बीती रात गिरफ्तार कर लिया। आरोपी अफजल से पूछताछ के बाद पुलिस ने चोरी हुए लाखों रुपए के सोने के आभूषण को भी बरामद कर लिया है। आरोप को आज माटीगाड़ा थाना की पुलिस ने सिलीगुड़ी अदालत में पेश किया है।

# ठाकुरगंज: 23 सितंबर को बेसरबाटी पंचायत के पंचायत सरकार भवन में आयोजित होगा जनसंवाद कार्यक्रम

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

राज्य सरकार के निदेशानुसार लोक कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी आम जनों को सुलभ कराने, उनकी प्रतिक्रिया प्राप्त करने तथा लोक कल्याणकारी योजनाओं को स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप और अधिक विस्तृत करने के संबंध में जनमानस के सुझावों को प्राप्त करने के उद्देश्य से जिले के विभिन्न प्रखंड में जनसंवाद कार्यक्रम आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में अगला जन संवाद बैठक ठाकुरगंज प्रखंड में 23 सितंबर शनिवार को बेसरबाटी पंचायत के पंचायत सरकार भवन में बैठक डीएम श्रीकान्त शास्त्री की अध्यक्षता में आयोजित की जाएगी।

# जिला स्तरीय बैंकर्स परामर्शदात्री समिति की बैठक में सभी बैंकर्स को डीएम ने अधिकाधिक ऋण स्वीकृति के दिए निर्देश

राहल, किशनगंज

वित्तीय वर्ष 2023-24 के प्रथम तिमाही का बैंकिंग जिलास्तरीय परामर्शदात्री समिति (डीएलसीसी), जिलास्तरीय समीक्षा समिति (डीएलआरसी) और जिला स्तरीय आर सेटी सलाहकार समिति ( ग्रामीण स्व नियोजन प्रशिक्षण संस्थान सलाहकार समिति, डीएलआरएसी) की बैठक जिला सभागार में जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में आहूत की गई। उक्त बैठक में क्रमवार साख जमा अनुपात(सीडी रेशिओ), वार्षिक साख योजना, कृषि, किसान क्रेडिट कार्ड, सरकार प्रायोजित विभिन्न योजनाओं, जीविका, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना,मुद्रा योजना, स्टैंड अप इंडिया, आत्म निर्भर योजना , स्टार्ट अप इंडिया, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, स्व निधि योजना, नीलाम पत्र, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना आदि कार्यों की प्रगति और उपलब्धि की समीक्षा की गई। बैंको के स्तर पर लंबित कार्यों और समस्याओं पर भी चर्चा हुई। सर्वप्रथम बैठक की शुरूआत अग्रणी बैंक जिला प्रबंधक इंदु शेखर के द्वारा उपस्थित सभी बैंकर्स एवं पदाधिकारियों का अभिवादन कर किया गया । बैठक में सभी बैंक के जिला समन्वयक एवं जिला प्रशासन के संबद्ध विभाग के अधिकारीगण उपस्थित थे। जिलाधिकारी ने बैंकों के सीडी रेशियो एवं एसीपी के आँकड़ों पर असंतोष जताया गया तथा सुधारात्मक निर्देश दिए गए।

जिला पदाधिकारी ने बैठक में आवेदको को ऋण स्वीकृति उपरांत मार्जिन मनी व ऋण राशि निर्गत करने में बैंको के स्तर से धीमे कार्यों पर अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए निर्देश दिया कि सभी बैंक यह सुनिश्चित कराएं कि उनका सीडी रेसियो 40% से नीचे नहीं रहे। यद्यपि जिला



का सीडी अनुपात 75.01% रहा। जो बिहार में पांचवा स्थान पर है

अपेक्षाकृत लक्ष्य के विरुद्ध कम एसीपी वाले बैंको को सुधार लाने का निर्देश भी दिया गया ।सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया,केनरा बैंक, एसबीआई, यूको बैंक , पीएनबी का परफॉरमेंस बहुत बुरा रहा। तदनुसार बैठक में समीक्षा हुई तथा सुधार लाने का निर्देश दिया गया। बैंको के प्रदर्शन में सुधार के निमित एलडीएम इंदु शेखर को निर्देशित किया गया कि प्रखंड स्तर पर भी इस तरह की बैठक नियमित रूप से कराए,बैंकर्स को बुलाकर उनके कार्यों की समीक्षा करें। सभी बैंक क्रेडिट कैंप का आयोजन करें। जीविका के अन्तर्गत स्वयं सहायता समूहों से प्राप्त आवेदन पर कार्रवाई की समीक्षोपरांत आवेदन पर नियमानुसार निर्णय लेकर त्वरित निष्पादन का निर्देश दिया गया।

बैंको के द्वारा केसीसी के मामले में कृषि भूमि सत्यापन के संबंध में कतिपय समस्या बताने पर विभागीय नियमो को आलोक में ऑनलाइन भू स्वामित्व प्रमाण पत्र के आधार पर कार्रवाई करने का निदेश दिया गया किया। किसान सम्मान निधि के सभी किसानों के बैंक खाता में आधार सीडिंग प्राथमिकता आधार पर एक सप्ताह में करने का निर्देश दिया गया। एनपीए के मामलो में संबंधित नीलाम पत्र पदाधिकारी से संपर्क कर वसूली का निर्देश दिया गया। बैठक में किसान क्रेडिट कार्ड पर जोर देते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना के तहत सभी कृषकों के पास केसीसी संभवतः नहीं है ,अतएव ऐसे किसानों से जो किसान सम्मान योजना का लाभ उठा रहे हैं, उन्हें केसीसी मुहैया करवाई जाए ताकि किसान को लाभ मिल सके। प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना (पीएमईजीपी) और पीएमएफएमइ पर प्रमुखता से जोर दिया गया एवं बताया गया की बैंक के स्तर से अच्छा कार्य किया जा रहा है,परंतु रोजगार सृजन अधिकाधिक हो,इसलिए ऐसे ऋण को लक्ष्य से ज्यादा बढ़कर स्वीकृत करने की आवश्यकता है। इस वित्तीय वर्ष में निर्धारित लक्ष्य से अधिक आवेदन स्वीकृति पर अपेक्षा व्यक्त की गई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि लोन देने में बैंक सक्रिय भूमिका अदा करें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बैंक को स्वतः न्यूनतम एक लोन आवेदन स्वीकृत करना है।अस्वीकृति के बिंदु पर निदेश दिया गया कि अस्वीकृति से पहले आवेदक को कारण बताये तथा कमियों को दूर करने का तरीका भी बताये। डीएम ने कहा कि सभी बैंक सीएसआर (कमर्शियल सोशल रिस्पॉन्सिबलिटी) के तहत अपने सामाजिक दायित्वों के निर्वहन में जिला प्रशासन को सूचित कर समन्वय से ही कार्य करें।कहा कि सभी बैंकर्स को इसमें सक्रिय भूमिका निभाने की आवश्यकता है। सर्टिफिकेट केस में सभी को निर्देश दिया गया कि जागरूक होकर अपना अपना रिपोर्ट समय पर संबंधित सर्टिफिकेट पदाधिकारी को दे ताकि राजस्व वसूली हो। डीडीएम नाबार्ड, दयाशंकर तिवारी ने ढछढ (संभाव्यता युक्त ऋण योजना ) नवगठित एफपीओ के बारे में विस्तार से बताया।संभाव्यतायुक्त ऋण योजना और नाबार्ड के कार्य पर गहरी नाराजगी प्रकट कर कार्यों में सुधार लाते हुए निष्पादन करने का निर्देश दिया गया। किशनगंज में ही बैकवर्ड फॉरवर्ड लिंकेज सुविधा पर जोर दिया गया ताकि किशनगंज का राशि किशनगंज में ही रहे इसके लिए उपाय करने का निर्देश दिया गया। नई-नई फैक्ट्री लगाने तथा उद्योग लगाने से रोजगार भी बढ़ेंगे। साथ ही मार्केट को और बढ़ाने का निर्देश दिया गया है। बैठक में अध्यक्षा जिला परिषद नुदरत महजबी, जिला कृषि पदाधिकारी कृष्णनंदन चक्रवर्ती, एलडीएम इंदु शेखर, एजीएम/आरबीआई, आरएम, यूबीजीबी, एसबीआई, निदेशक आर सेटी,डीडीएम नाबार्ड, सभी बैंक के जिला समन्वयक,जिला पशुपालन पदाधिकारी,डीपीएम जीविका, बैंक प्रबंधक उपस्थित हुए।

# 937 आकांक्षी गांव निर्माण में झाड़ग्राम ज़िला परिषद का अहम भूमिका

**बिभूति भूषण भद्र झाड़ग्राम जिला संवाददाता दैनिक समाज जागरण**

झाड़ग्राम जिला परिषद की पहल के तहत जिले में 137 महत्वाकांक्षी गांव बनाए गए हैं। जिससे लगभग पचास हजार ग्रामीण लाभान्वित हो रहे हैं। प्रशासन के अधिकारियों के मुताबिक जिले में 2 हजार 363 आकांक्षी गांव बनाए जाएंगे। आकांक्षी गांव होने के कारण वहां के शत-प्रतिशत लोगों को शौचालय की सुविधा मिलेगी। साथ ही गांव के लोगों को ठोस अपशिष्ट प्रबंधन या ग्रे वाटर प्रबंधन परियोजनाओं का लाभ भी मिलेगा। 937 गांवों में काम पूरा हो चुका है। इस वर्ष अन्य 1,426 आकांक्षी गांव बनाने की योजना है। झाड़ग्राम के अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट (जिला परिषद) अवनीत पुनिया ने कहा कि यह सुनिश्चित करने के लिए नियमित ध्यान दिया जाता है। कि दूरदराज के गांवों में लोगों को बेहतर सेवाएं मिलें। लोगों को शौचालय का नियमित उपयोग करने के लिए जागरूक किया जा रहा है। उम्मीद है कि बहुत कम समय में जिले के सभी गांवों को इसके अंतर्गत लाया जा सकेगा। संयोग से, एक समय झाड़ग्राम जिले में माओवादी आंदोलन के कारण विकास रुक गया था। वामपंथ के दौर में लोगों ने नरसंहार की भयावहता देखी है। लेकिन, सरकार बदलने के बाद ग्रामीण इलाकों की तस्वीर पूरी तरह बदल गयी है। गांव में शांति लौट आयी है।जिले के सुदूरवर्ती इलाकों के गांवों तक भी सरकारी योजना का लाभ पहुंचा है. राशन व्यवस्था में आमूल-चूल परिवर्तन से विशेष रूप से जंगलमहल के लोगों को लाभ हुआ है। साथ ही सड़क और पानी की समस्या का भी समाधान किया गया है। बताया जाता है कि अकेले जिला परिषद ने पिछले पांच वर्षों में सौ से अधिक सड़कों का जीर्णोद्धार कराया है। इसके अलावा कई ब्लॉकों में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन विकसित किया जा रहा है।वहीं, नगर निगम क्षेत्र के समानांतर गांव-गांव स्वच्छता का कार्य भी किया जा रहा है।हालाँकि, यह बताया गया है कि ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर स्वच्छता के लिए आकांक्षी गाँव बनाने की योजना बनाई गई है।प्रशासन सूत्रों के अनुसार, बिनपुर-2 ब्लॉक में 395 गांवों में से 182, गोपीबल्लबपुर-1 ब्लॉक में 197 गांवों में से 152, जामबनी ब्लॉक में 275 गांवों में से 141, झाड़ग्राम ब्लॉक में 457 गांवों में से 126, 241 में से 119 गांव शामिल हैं. सांकराइल ब्लॉक के गांवों का निर्माण किया गया है। इसके अलावा मालूम हो कि बिनपुर-1 और गोपीवल्लभपुर-2 ब्लॉक में भी इस प्रोजेक्ट का काम शुरू हो चुका है।प्रशासन के एक अधिकारी के मुताबिक जिले में डेंगू का चलन बढ़ता जा रहा है। पिछले पांच साल की तुलना में इस साल डेंगू के मामलों की संख्या रिकॉर्ड स्तर पर बढ़ गई है। महत्वाकांक्षी गांव बनेगा तो दूरदराज के गांवों में भी कूड़े की समस्या नहीं रहेगी। जल जमाव की संभावना भी कम हो जायेगी। गांव में हर घर और सामुदायिक शौचालय बनने से स्वास्थ्य व्यवस्था भी बेहतर होगी।

# जिले की विभिन्न समस्याओं को लेकर डीएम को ज्ञापन सौंपा

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

जिले की विभिन्न समस्याओं को लेकर जदयू जिलाध्यक्ष मुजाहिद आलम ने जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री से मिलकर मांग पत्र सौंपा। वहीं जदयू जिला अध्यक्ष ने बताया कि कोचाधामन प्रखंड अंतर्गत +2 कारकुन लाल हाई स्कूल में बिहार राज्य शैक्षणिक आधारभूत संरचना निगम द्वारा निमार्णाधीन भवन में संवेदक द्वारा भारी अनियमित्ता बरती जा रही है। कार्य गुणवत्ता पूर्वक नहीं होने पर ग्रामीणों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों की शिकायत पर निर्माण कार्य का निरीक्षण किया गया तो देखा ग्राउंड फ्लोर के निर्माण में तीन नंबर ईंट एवं लोकल बालू का प्रयोग किया गया है। घटिया निर्माण के कारण छत और बीम नीचे दब गया है। नीचे पीलर में 12 एमएम लोहा की जगह 10 एमएम लोहा का प्रयोग किया गया है। कार्य स्थल पर आज तक सूचना पट भी नहीं लगाया गया है। जब मामला प्रकाश में आया तो संवेदक द्वारा तीन नंबर ईंट एवं लोकल सफेद बालू को छुपाने का प्रयास किया गया। वहीं जिला पदाधिकारी मामले की गंभीरता को देखते हुए उच्च स्तरीय जांच कर उचित कार्रवाई का भरोसा दिलाया है। कोचाधामन सामूदायिक स्वास्थ्य



केंद्र में पिछले चार महीनों से एक्स रे सेवा बाधित रहने के संबंध में मांग पत्र सौंपा। कोचाधामन प्रखंड जिले का सबसे बड़ा प्रखंड है। यहां के सामूदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक्स रे सेवा बाधित रहने के कारण मरीजों को बहुत कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही अल्ट्रासाउंड की सुविधा नहीं रहने से इलाजरत गर्भवती महिलाओं को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।इस संबंध में जिला पदाधिकारी किशनगंज ने बताया कि एक्स रे टेक्नीशियन का तबादला हो जाने के कारण एक्स रे सेवा बाधित है।साथ ही बहादुरगंज थाना अन्तर्गत नटवापारा पंचायत के भोपला में जमीन बंदोबस्त को लेकर स्थानीय ग्रामीणों एवं आदिवासी समुदाय के बीच उत्पन्न विवाद के हल हेतु मांग पत्र सौंपा गया है। जिला पदाधिकारी किशनगंज ने उक्त सभी मामलों में उचित कार्रवाई का भरोसा दिलाया है।

# उप विकास आयुक्त ने पोठिया कार्यालय का किया निरीक्षण

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

उप विकास आयुक्त स्पर्श गुप्ता सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद् द्वारा दिनांक 22 सितंबर को प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी सह कार्यपालक पदाधिकारी पोठिया के कार्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम रोकड़ बही, चेक पंजी, आगत-निर्गत पंजी, आकस्मिक अवकाश पंजी, भंडार पंजी, सूचना का अधिकार पंजी, योजना पंजी इत्यादि का अवलोकन करते हुए उसे अद्यतन करने का निदेश दिया। साथ ही कर्मपुस्तिका आवंटन पंजी सहित अन्य सभी आवश्यक पंजियों को अविलम्ब विधिवत संधारित करने का सख्त निदेश दिया। प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी, पोठिया को अपने निगरानी में एक सप्ताह के अंदर उपर्युक्त निदेश का अनुपालन करते हुए अनुपालन प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निदेश दिया। इसी दौरान ग्राम पंचायत - बुधरा कार्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में सभी आवश्यक पंजियों को अविलम्ब संधारित एवं अघतन करने का निदेश उपस्थित लेखापाल सह आई.टी. सहायक को दिया। साथ ही ग्राम पंचायत - बुधरा अन्तर्गत 15वीं वित्त आयोग के टाईड मद से क्रियान्वित योजना संख्या-03/2022-23 ग्राम पंचायत - बुधरा अन्तर्गत वार्ड नं. 03 में गुआबाडी, नाथुराम दास के तालाब में छठ घाट निर्माण कार्य का निरीक्षण करते हुए संबंधितों को आवश्यक निर्देश दिये। निरीक्षण के क्रम में जिला पंचायती राज पदाधिकारी सह अपर मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी वरीय लेखा पदाधिकारी डी.आर.डी.ए. लेखा पदाधिकारी, डी.आर.डी.ए. एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी सहित अन्य प्रखंड स्तरीय एवं पंचायत स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

# राज्य -स्तरीय शतरंज हेतु अमानुल्लाह बेतिया रवाना

**राहुल, दैनिक समाज जागरण किशनगंज**

आज से शंकर विवाह भवन, बेतिया में बिहार राज्य अंडर-15 शतरंज प्रतियोगिता प्रारंभ है। अपने प्रदेश के 15 वर्ष से कम आयु के शतरंज खिलाड़ियों के बीच आयोजित की जा रही इस राज्य-स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता में पटना, दरभंगा, मुजफ्फरपुर, गया, बेगूसराय, भागलपुर, चंपारण सहित अपने राज्य के सभी 38 जिलों के कुल 120 चयनित पुरुष व



महिला सब- जूनियर खिलाड़ीगण आपस में प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। इसमें अपने जिले के भी एक खिलाड़ी तथा स्थानीय इंटर उच्च विद्यालय के छात्र मोहम्मद अमानुल्लाह शामिल हो चुके हैं। उन्हें शुक्रवार की देर शाम संघ के उपाध्यक्ष हृदय रंजन घोष ने अपने गंतव्य की ओर रवाना किया।

उपरोक्त आशय की जानकारी संघ के मानद महासचिव शंकर नारायण दत्ता एवं वरीय संयुक्त सचिव तथा खिलाड़ी के कोच कमल कर्मकार ने दी। इस प्रतियोगिता में उत्तम प्रदर्शन करने हेतु शतरंज संघ परिवार के डॉक्टर इच्छित भारत, धनंजय जायसवाल, मनीष कासलीवाल, कमल मित्तल ,उदय शंकर दुबे, मनीष जालान, मनोज गट्टानी, विमल मित्तल, अंकित अग्रवाल, मोहम्मद कलीमुद्दीन, शिफा सैयद हफिज, श्रवण कुमार सिंघल, मिक्की साहा, दीप कुमार, राजेश कुमार दास सहित दर्जनों अन्य शुभचिंतकों ने अपने खिलाड़ी को शुभकामनाएं प्रदान की।

## पितृपक्ष मेला महासंग्राम 2023 के अवसर पर जिला पदाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारीयो व विष्णुपद के पुरोहितों के साथ किया बैठक

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल.**

गया( , बिहार )- जिला पदाधिकारी गया डॉ० त्यागराजन एसएम की अध्यक्षता में इस वर्ष आयोजित होने वाले पितृपक्ष मेला महासंगम 2023 के अवसर किये गए तैयारी के अंतिम रूप देने के संबंध में सभी संबंधित पदाधिकारियों, विष्णुपद के पुरोहितों के साथ बैठक किया गया. बैठक के दौरान जिला पदाधिकारी ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि इस वर्ष 28 सितंबर से प्रारंभ होते हुए 14 अक्टूबर तक पितृपक्ष मेला प्रस्तावित है। इसे लेकर मई जून माह से ही तैयारियों का कार्य प्रारंभ कर दी गयी थी। फलतः समय रहते हुए सभी कार्य को लगभग पूर्ण कर ली गयी है।

उन्होंने कहा कि इस वर्ष भी पिछले वर्ष की तरह पितृपक्ष मेला में आप सभी तमाम पदाधिकारियों पुरोहितों एवं मेला क्षेत्र के वार्ड पार्षदों के साथ-साथ तमाम स्टेकहोल्डर स्वयंसेवी संस्था से अपेक्षा है कि काफी बढ़-चढ़कर सहयोग करे, जिससे इस पितृपक्ष मेला भी पूरे विश्व में एक अलग छवि हासिल कर सके। इस वर्ष पिछले वर्ष की तुलना में और बेहतर आयोजन किया जा रहा है।उन्होंने कहा कि 08 स-रोवर एवं 54 पिंड वेदियां हैं जहां तर्पण कार्यक्रम होता है। पिछले वर्ष घाट का विस्तार होने के बाद और अधिक संख्या में तीर्थ यात्री तर्पण करने पहुंचे थे घाट पर अत्यधिक भीड़ देखी गई है.इस वर्ष तैयारियों के संबंध में उन्होंने कहा कि पूर्व से ही भौतिक जांच संबंधित समितियों के वरीय पदाधिकारियों द्वारा करवाया गया है साथ ही विभिन्न कोषांग के वरीय पदाधिकारी द्वारा अपने कोषांग के पदाधिकारियों एवं कर्मियों के साथ नियमित समीक्षा एवं भर्मण भी करवा कर मेला की तैयारी का अंतिम रूप दिया गया। पंडा समाज के पुरोहित में कहा कि पिछले कई दशकों से पितृपक्ष मेला देखते आ रहे हैं परंतु इस वर्ष जिला पदाधिकारी के नेतृत्व में सभी व्यवस्थाओं को एक अलग रूप देने का कार्य किया गया है जून जुलाई माह से ही काफी सक्रियता के साथ लगातार निरीक्षण कर सभी व्यवस्था को दुरुस्त करवाने का कार्य किए हैं हर छोटी से छोटी चीज पर पूरी नजर रखते हुए एक अच्छा वातावरण में पितृपक्ष मेला के रूप को ढाला है।उन्होंने कहा कि आवास समिति की पूर्ण जिम्मेदारी है कि यात्रियों को इस वर्ष और अच्छा



आवासन व्यवस्था उपलब्ध करवाया जा रहा है। सभी आवासन स्थल एवं पुलिस स्थल पर पर्याप्त संख्या में टॉयलेट एवं पेयजल की व्यवस्था भी रखी जा रही है.इस वर्ष तीर्थ यात्रियों की और बेहतर सुविधा को देखते हुए गांधी मैदान में बनने वाले टेंट सिटी में आवासन क्षमता को बढ़ाकर 2500 कर दिया गया है। साथ ही वहां 500 से ऊपर टॉयलेट एवं स्नानागार भी बनवाया जा रहा है। इसके अलावा जीविका द्वारा शुद्ध भोजन की भी व्यवस्था हेतु काउंटर लगाया जा रहा है। यात्रियों के सामान की सुरक्षा हेतु लाकर के भी व्यवस्था रखी जा रही है पर्याप्त संख्या में मोबाइल चार्जर पाइंट की भी व्यवस्था रखी जा रही है। यात्रियों के हर छोटी से छोटी समस्या को ध्यान में रखकर सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त करवाई जा रही है ताकि जो भी तीर्थयात्री यहां आए एक अच्छी सकारात्मक वातावरण के साथ पिंडदान करके अपनी घर वापस जाए।नगर निगम के माध्यम से मेला क्षेत्र में साफ सफाई की पूरी व्यवस्था रखी गई है इसके अलावा पूर्व से स्थल निरीक्षण करके सभी टूटे हुए नाली का स्लैब, नाली का ग्रिल इत्यादि का सर्वे कराकर उसे बनवा गया। मेला क्षेत्र के प्रमुख सड़के काफी चुनौती था बनवाना, लेकिन उसे भी लगातार समन्वयन एवं अनुश्रवण करके सड़के नए सिरे से बनवाने का कार्य किया गया। डीएम ने सिविल सर्जन को निर्देश दिया कि पितृपक्ष मेला में प्रयोग में आने वाले उपकरण, दवा की उपलब्धता, चिकित्सकों की उपस्थिति इत्यादि का नियमित जांच करेंगे। मेला अवधि में ड्रग इंस्पेक्टर लगातार दावों को जांच करेंगे इसके अलावा सभी फूड इंस्पेक्टर को निर्देश दिया कि कहीं भी फूड प्वाइजनिंग की शिकायत नहीं मिले, इसके लिए टीम बनाकर अलग-अलग क्षेत्र में नियमित खाना एवं दुकानों प्रतिष्ठानों की अच्छी तर-िके से जांच करें।विद्युत एवं प्रकाश व्यवस्था के समीक्षा के दौरान उन्होंने बताया कि मेला क्षेत्र में इस वर्ष अतिरिक्त 07 ट्रांसफार्मर लगवाए गए है। इसके अलावा निर्बाध बिजली आपूर्ति रखने की पूरी व्यवस्था की जा रही है। नगर निगम के समन्वय से मेला क्षेत्र एवं शहर के प्रमुख सड़कों चौराहों पर कोई डार्क स्पॉट ना रहे, इसे लेकर विस्तार से निरीक्षण करवाया गया है, इसमें जहां भी कम रोशनी आकि गयी है वहां पर हाई मास्ट लाइट तथा अन्य बिजली के खंबो पर रोशनी की व्यवस्था मुकम्मल करवाई गई है .इस वर्ष मेला अवधि में यातायात व्यवस्था पर पूरी नजर रखी जा रही है। यातायात नियम/ वन बे पार्किंग स्थल इत्यादि पर पूरा अनुपालन करवाया जाएगा।बैठक में नगर पुलिस अधीक्-िक, नगर आयुक्त गया नगर निगम, अपर समाहर्ता राजस्व, अपर समाहर्ता लोक शिकायत, वरीय उप समाहर्ता नजारत, अनुमंडल पदाधिकारी सदर, पुलिस उपाधीक्षक नगर सहित सभी कोषांग के वरीय पदाधिकारी, नोडल पदाधिकारी तथा अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे.

## शेरघाटी शनि मंदिर के प्रांगण में संयुक्त ब्राह्मण मंच ने चेरकी निवासी धनंजय पांडे के असामयिक निधन पर किया शोक सभा का आयोजन.

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल**

गया( बिहार)- गया जिला के शेरघाटी शनि मंदिर में संयुक्त ब्राह्मण मंच ने चेरकी निवासी धनंजय पांडे के असामयिक निधन होने पर शोक सभा का आयोजन किया . जिसकी अध्यक्षता मंच के अध्यक्ष अवधेश कुमार पाठक ने किया. उपस्थित लोगों ने सर्वप्रथम चेरकी निवासी स्वर्गीय धनंजय पांडे के तैलिए चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए नमन किया. एवं निधन होने पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखा. तथा इस दुख की घड़ी में परिजनों को धैर्य , शक्ति, साहस देने के लिए ईश्वर से



प्रार्थना किया. मंच के अध्यक्ष अवधेश कुमार पाठक ने कहा कि स्वर्गीय पांडे व्यक्तित्व के धनी व्यक्ति थे. उनके सहयोग एवं विचार से मंच काफी आगे बढ़ा था. उनके असामयिक निधन होने से मंच को अपूरणीय क्षति हुआ है. जिसकी भरपाई भविष्य में संभव नहीं है. शोक सभा में उपस्थित होने वालों में मंच के सचिव दीनानाथ पांडे, कोषाध्यक्ष चंदन कुमार मिश्रा, शशि भूषण मिश्रा, वीरेंद्र कुमार पाठक,मनोज कुमार मिश्रा,जगन्नाथ पाठक, सूचित कुमार मिश्रा,प्रेमप्रकाश मिश्रा,प्रकाश मिश्रा,समेत मंच के सदस्यों का नाम शामिल है .

## गया समाहरणालय में जनता दरबार लगाकर जिला पदाधिकारी ने 150 से अधिक फरियादों को सुनकर संबंधित पदाधिकारी को जांच कर कार्रवाई करने का दिया निर्देश.

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल.**

गया (बिहार)- गया समाहरणालय में जिला पदाधिकारी डॉ० त्यागराजन एसएम ने डेढ़ सौ से अधिक फरियादों को सुनते हुए संबंधित पदाधिकारी को जांच कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया है. जिला पदाधिकारी द्वारा जिले के वरीय पदाधिकारी, उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी संबंधित प्रखंड के नामित जिला स्तरीय पदाधिकारी आदि द्वारा मामले को जांच करने का भी जिम्मा दिया गया है। प्रधानमंत्री आवास , मुख्यमंत्री आवास योजना से संबंधित आए मामलों को जिला पदाधिकारी ने उप विकास आयुक्त को संबंधित आवेदनों को यथाशीघ्र जांच करते हुए पात्रता रखने वाले व्यक्तियों को प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री आवास योजना का लाभ देने हेतु अग्रेतर कार्य करने का निर्देश दिया है। कई व्यक्तियों ने भूमि विवाद, आपसी बटवारा, अतिक्रमण, जमीन संबंधी दिक्कते आदि से संबंधित आवेदन दिए हैं। उन सभी आवेदन के आलोक में जिला पदाधिकारी ने संबंधित अंचलाधिकारी और थानाध्यक्ष एवं अनुमंडल पदाधिकारी , अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के अध्यक्षता में थाना स्तर एवं अनुमंडल स्तर पर हर शनिवार को आयोजित होने वाले जनता दरबार में दोनों पक्षों के व्यक्तियों को बुलाकर संबधित मामलों को प्राथमिकता देते हुए निराकरण कराने का निर्देश दिए हैं। जमीन से संबंधित अत्यधिक मामले को देखते हुए जिला पदाधिका-री ने आए आवेदनों को सभी भूमि सुधार उप समाहर्ता को निर्देश दिया कि अच्छे तरीके से आए आवेदनों को जांच करते हुए संबंधित अधिकारियों द्वारा नियमानुसार उचित कार्रवाई करने हेतु आदेशित करें। इसके साथ ही प्राप्त कई आवेदनों के विरुद्ध वरीय पदाधिकारी नामित कर जांच हेतु निर्देशित किया है। साथ ही जांच पदाधिकारी को निर्देश दिया है कि प्राप्त आवेदन को अधिकतम सात दिनों में जांच करते हुए दोषी कर्मी, पदाधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई हेतु प्रेषित करे। व्यक्ति परिमार्जन के संबंध में आवेदन दिए जिसपर जिला पदाधिकारी ने संबंधित अंचलाधिकारी एवं राजस्व पदाधिकारी को सख्त निर्देश दिया कि परिमार्जन हेतु लंबित आवेदनों को तेजी से निष्पादन करें। जनता दरबार के सुनवाई में आपदा विभाग के तहत विभिन्न लंबित आवेदन के विरुद्ध जांच करते हुए जिला आपदा पदाधिकारी उसे तेजी से अनुपालन करवाये। बिजली विभाग के बिजली बिल ज्यादा आने, घर का बिजली कनेक्शन जोड़ने सहित अन्य मामले पर जिला पदाधिकारी ने कार्यपालक अभियंता बिजली पदाधिकारी को प्राप्त आवेदनों को जांच करते हुए अग्रेतर कार्रवाई करने का निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि बिजली बिल ज्यादा आना तथा एवरेज बिल आना इत्यादि के



मामले ज्यादा आ रहे हैं, जिला पदाधिकारी ने कहा कि उस एरिया के संबंधित जे०ई० से जांच करवाएं और खराब बिजली मीटर को बदलवाने का कार्य करे। जहां भी ज्यादा बिल आने की शिकायत है उसे जांच करवाकर मीटर बदले।नगर आंचल में जमीन मापी का मामला पेंडिंग रहने पर अंचलाधिकारी नगर को निर्देश दिया कि अगले एक माह के अंदर जितने भी लंबित आवेदन है उसे निष्पादित करें।खिजरसराय के आवेदक ने बताया कि टेउसा के पाली में कब्रिस्तान घेराबंदी की आवश्यकता है, इसपर अनुमंडल पदाधिकारी बथानी को निर्देश दिया कि संबंधित कब्रिस्तान का प्रस्ताव उपलब्ध करावे। एक आवेदक ने बताया कि परैया अंचलाधिकारी द्वारा बार बार मिलने के बाद भी अतिक्रमण नही हटवाया जा रहा है, डीएम ने अंचलाधिकारी को अतिक्रमण हटवाने में रुचि नही लेने पर स्पस्टीकरण की मांग किया है।जिला पदाधिकारी ने सभी अंचल अधिकारी को निर्देश दिया कि यदि किसी आंचल में कोई म्यूटेशन का आवेदन रद्द होता है तो क्यों रद्द होता है, इसका स्पष्ट कारण हर हाल में लिखे। ताकि वेवजह आवेदक को दौड़ना न पड़े।डीएम ने अपर समाहर्ता राजस्व को निर्देश दिया कि प्रायः म्यूटेशन रदद् होने की शिकायत मिलती है, यदि किसी आवेदक का लगतार दो बार आवेदन रदद् किया जाता है तो उस स्थिति में संबंधित आवेदन को अपने स्तर से जांच करे.

## मारपीट के मामले में हुई सजा, साक्ष्य के अभाव में तीन अभियुक्त दोषमुक्त।

**दैनिक समाज जागरण,अनिल कुमार मिश्र ,ब्यूरोचीफ बिहार- झारखंड प्रदेश।**

व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद में एडिजे चार ब्रजेश कुमार सिंह ने माली थाना कांड संख्या -31/2010 में आज सजा के बिन्दु पर सुनवाई करते हुए 20/09/2023 को दोषी करार तीन अभियुक्तों को विभिन्न धाराओं में सजा सुनाई है। उपरोक्त आशय की जानकारी देते हुए अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि निर्णय के विन्दू पर कल तीन अभियुक्त पार्वती देवी, भागवत पाठक, बसंत पाठक रेगनिया मंझोली माली को साक्ष्य के अभाव में दोषमुक्त किया गया था। वहीं अन्य तीन अभियुक्त रामदत्त पाठक , संतोष पाठक, रमेश पाठक रेगनिया मंझोली माली को कल विभिन्न धाराओं में दोषी करार दिया गया था,

सजा के बिन्दु पर आज सुनवाई करते हुए न्यायधीश ने अभियुक्त रामदत्त पाठक को भादंवि धारा 324 में एक साल छः माह की सजा और पांच हजार जुमार्ना लगाया है, धारा 147 में छः माह की सजा, एक हजार जुमार्ना , धारा 448 में ग्यारह माह की सजा ,एक हजार जुमार्ना तथा धारा 323 में ग्यारह माह की सजा एक हजार जुमार्ना लगाया है, सभी सजाएं साथ -साथ चलेंगी, अभियुक्त संतोष पाठक और रमेश पाठक को धारा 324 छोड़कर



147,448,323 की उल्लेखित सजा मिली है, अधिवक्ता ने बताया कि प्राथमिकी सूचक बलभद्र पाठक ने बताया कि 27/04/10 को मेरे घर के पीछे जमीनी विवाद करते हुए अभियुक्तों ने लाठी डंडे से मारपीट कर घायल कर दिया ,अभियुक्त रामदत्त पाठक ने रड से सूचक के सिर पर हमला कर दिया था,आज सभी तीनों अभियुक्तों को सजा सुनाये जाने के पश्चात अपील के लिए जमानत पर छोड़ दिया गया है ,

## संध्या चौपाल लगाकर लोगों को किया जागरूक

**दैनिक समाज जागरण, विजय कुमार सिंह संवाददाता कुटुंबा प्रखंड**

औरंगाबाद (बिहार) 22 सितंबर 2023 :- राष्ट्रव्यापी 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के तहत शुक्रवार की शाम ग्राम पंचायत वर्मा के अनकुपा गांव में संध्या चौपाल का आयोजन किया गया। इस दौरान लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के प्रखंड समन्वयक दिनेश कुमार ने ग्रामीणों को बताया कि इस वर्ष 15 सितंबर से 2 अक्टूबर तक 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान चलाया जा रहा है। जिसका विषय 'कचरा मुक्त भारत' रखा गया है। इसके अंतर्गत ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन के विभिन्न घटकों के लिए जन जागरूकता कार्यक्रम,



गांव एवं सार्वजनिक जगहों पर सफाई अभियान, स्वच्छता कर्मियों के लिए स्वास्थ्य परीक्षण शिविर, दिवाल चित्रण, स्वच्छता चौपाल इत्यादि गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है। उन्होंने गांव को ओड-ीएफ प्लस बनाने की बात कही और सामू-हक स्वच्छता शपथ दिलाई। चौपाल में प्र-खंड समन्वयक दिनेश कुमार, स्वच्छता पर्यवेक्षक कुंदन कुमार, ग्रामीण देव प्रसाद शर्मा, मुकेश बैठा,धनंजय शर्मा, ललन बैठा अनुज कुमार, जनेश्वर बैठा आदि लोग शामिल थे।

## बाल विकास परियोजना पदाधिकारी के तत्वाधान में पोषण मेला का किया गया आयोजन.

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल.**

गया( बिहार )- बाल विकास परियोजना पदाधिकारी के तत्वाधान में पोषण मेला का आयोजन चंदौती ब्लॉक के ट्राईसेम भवन में किया गया है. पोषण मेले का उद्घाटन जिला प्रोग्राम पदाधिकारी आईसीडीएस भारतीय प्रियंबदा के द्वारा किया गया इस मेले का मुख्य उद्देश्य मोटे अनाजों का प्रदर्शन था. मोटे अनाज से अर्थ है मक्का ,रागी ,ज्वार, बाजार, चावल का आटा।मेले में उपस्थित लोगों को कहा गया कि यह सभी वस्तुओं को प्रतिदिन खाने से हमें क्या-क्या फायदे होते हैं. जिस पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला गया. इस पोषण मेले का आयोजन बाल विकास परियोजना पदाधिकारी गया सदर, शेरघाटी एवं गया ग्रामीण संगीता कुमारी के द्वारा किया गया है.इस पोषण मेला में जिला प्रोग्राम पदाधिकारी के द्वारा गांव की गर्भवती




महिला की गोद भराई कराई गई एवं शिशु का अन्नप्राशन भी किया गया है.

इस पोषण मेले में जिला प्रोग्राम पदाधिकारी के द्वारा यह बताया गया कि उचित आहार समुचित देखभाल से कुपोषण को दूर किया जा सकता है एवं इस पोषण माह में सशक्त भारत, समृद्ध भारत, सुपोषित भारत का नारा दिया गया है.

इस मेले में ग्रामीण, सदर एवं शेरघाटी के सभी महिला पर्यवेक्षिका, जिला समन्वयक, आईसीडीएस सबा सुल्ताना, प्रखंड समन्वयक सहित अन्य उपस्थित हुए.

## G20 की सफलता से उत्साहित होकर भाजपा के कार्यकताओं ने महान स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय सखीचंद राम जी के पुत्र को अंगवस्त्र व विष्णु चरण चिन्ह देकर किया सम्मानित.

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल.**

गया (बिहार )- जी 20 की सफलता से उत्साहित भारतीय जनता पार्टी ने महान स्वतंत्रता सेनानी स्व सखीचंद राम जी के आवास तेलबीघा रंग बहादुर रोड पर जाकर भाजपा गया जिला के नेता मनीष पंकज उर्फ मनीष मिश्रा,के द्वारा स्व सखीचंद राम जी के चित्र पर पुष्प चढ़ाकर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उनके पुत्र महेंद्र प्रसाद गुप्ता को अंगवस्त्र,फूलो का गुलदस्ता एवं विष्णु चरण चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया. इस अवसर पर भाजपा नेता मनीष पंकज उर्फ मनीष मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता, जिला मीडिया प्रभारी संतोष ठाकुर ने कहा कि सखीचंद राम जी महान



स्वतंत्रता सेनानी थे .उन्होंने आजादी की लड़ाई में अहम भूमिका निभाते हुए कोतवाली थाना के पास पुलिस से संघर्ष करते समय गिरफ्तार कर लिया गया था. आज वैसे स्वतंत्रता सेनानी को नमन करने का अवसर प्रदान हुआ. उनके पुत्रों से मिलकर खुशी हुआ भारतीय जनता पार्टी गया शहर के स्वतंत्रता सेनानी निवास करने वाले लोगो से मिलकर सम्मानित करते रहेगें. कार्यक्रम में भाजपा व्यापार प्र-कोष्ठ के संयोजक दीपक पाण्डेय,भाजपा प्रदेश अनुसूचित जाति मोर्चा मीडिया प्रभारी अशोक प्रसाद भारती,राणा रंजीत सिंह,संजय यादव, महेश यादव, नमामि गंगे के सह संयोजक धनंजय पांडेय,बबलू कुमार,कुंदन सिंह सहित स्थानीय लोग उपस्थित हुए.

## सिविल सर्जन ने औरंगाबाद के अनुग्रह स्कूल में राष्ट्रीय कृमि मुक्तिदिवस समारोह का दीप प्रज्वलित कर किया उद्घाटन- उदय कुमार सिंह

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल**

औरंगाबाद (बिहार )- जिला मुख्यालय स्थित अनुग्रह मध्य विद्यालय में राष्ट्रीय कृमिमुक्ति दिवस का का आयोजन किया गया .जिसका उद्घाटन सिविल सर्जन आर बी श्रीवास्तब,एसीएमओ डॉ केशव कुमार डीआईओ डॉ मिथलेश कुमार सिंह एवं विद्यालय के हेडमास्टर उदय कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया !इस मौके पर सिविल सर्जन ने शिक्षक की भूमिका में आकर बच्चों के बेहतर स्वास्थ हेतु अनिवार्य शर्तों की जानकारी दी !उन्होंने अल्बेंडाजोल को बहुत ही आवश्यक टेबलेट बताया जो उन्हें रक्ताल्पता,कुपोषण एवं मंदबुद्धि होने से बचाता है !एसीएमओ डॉ केशव ने बच्चों को हर छह महीने पर अल्बेंडाजोल के टेबलेट खाने की सलाह दी !

डॉ मिथलेश कुमार सिंह ने बच्चों को विस्तृत स्वास्थ्य सम्बन्धी जानकारी दिए एवं अनुग्रह स्कूल के प्रधानाध्यापक के लगातार मिलते रहे सहयोग की चर्चा की !

विद्यालय के प्राचार्य उदय कुमार सिंह ने बताया की बच्चों को मुस्तैद होकर अल्बेंडाजोल की डोज समय से



दिलाई जाती है जिसके परिणाम भी अच्छे दिख रहे हैं हेडमास्टर उदय कुमार सिंह ने मीडिया से मुखातिब होते हुए कहा कि स्कूल के उपस्थित 428 बच्चों को अल्बेंडाजोल खिलाया गया एवं छूटे बच्चों को 27 सितम्बर को इसके मॉप अप अभियान में खिलाया जायेगा !

इस अवसर पर जिला स्वास्थ समिति के डीपीसी ने नागेंद्र केशरी विषय से जुड़े भावों पर काव्यपाठ भी किये !उपस्थित लोगों में यूनिसेफ के कामरान खान,डॉ श्याम कुमार,मोहम्मद अर्शी वीसीसी राजेश सिन्हा बीआई आशा अमन कर्ण पीरामल धनञ्जय कुमार पीरामल ,शिक्षक योगेंद्र पाल सतेंद्र चौधरी शिक्षिका मंजू कुमारी शारदा कुमारी प्रभावती कुमारी आदि उपस्थित रहीं!

## गणेशोत्सव महोत्सव में पहुंचे भाजपा के मीडिया प्रभारी सह प्रदेश प्रवक्ता- मनोज शर्मा

**दैनिक समाज जागरण गौतम कुमार , अनुमंडल संवाददाता दाउदनगर**

औरंगाबाद (बिहार)गोह प्रखंड मुख्यालय स्थित भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में पहुंचे पूर्व विधायक सह प्रदेश प्रवक्ता तथा मीडिया प्रभारी मनोज शर्मा को मंडल अध्यक्ष उमेश पासवान की ओर से अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया है। वहीं शहीद जगतपति चौक के समीप स्थापित गणेशोत्सव में पहुंचे और कमेटी के सदस्यों के द्वारा



स्थापित भगवान गणेश की प्रतिमा एवं भव्य पंडाल से आकर्षित चौक चौराहों को देखते हुए पूजा कमेटी के लोगों को गले लगाकर आभार प्रकट किया है। पूजा कमेटी के सदस्यों ने पूर्व विधायक को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया है। वहीं बंदेया थाना क्षेत्र के बक्सर गांव में वज्रपात से दो बच्चों की मौत की खबर सुनकर पीड़ित परिवारों से मिले और शोक व्यक्त करते हुए पीड़ितों को सांत्वना दी है। इस मौके जिला प्रवक्ता सुनील शर्मा, जिला उपाध्यक्ष दीपक उपाध्याय, कार्यालय प्रभारी प्रमोद सिंह, पूर्वी पंचायत समिति भोला यादव , जितेंद्र शर्मा , मनीष कुमार उर्फ चुन्नू सिंह, बबन उपाध्याय, सुरेन्द्र शर्मा, चुन्नू सिंह, बब्लू सिंह, रणधीर पासवान , धीरज चौहान , मोहर लाल मिश्र ,निरज कुमार खत्री, सचिन चंद्रवंशी , अमित सोनी,रवि श्रीवास्तव, धीरज श्रीवास्तव ,मोनू गुप्ता सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## जननायक कपूर्री ठाकुर पर विशेष चर्चा को लेकर किया गया अहम बैठक।

**दैनिक समाज जागरण कुमारी जिज्ञासा , प्रखंड संवाददाता गोह**

औरंगाबाद (बिहार)स्वतंत्रता सेनानी सह बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कपूर्री ठाकुर पर विशेष चर्चा को लेकर गोह प्रखंड मुख्यालय स्थित न्यू एरिया पुंदौल के समीप जदयू अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव विंदेश्वरी शर्मा के



आवास पर बैठक आयोजित कि गई। बैठक की अध्यक्षता विनदेश्वरी शर्मा ने की।इस बैठक में विचार विमर्श करते हुए कहा गया कि अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के द्वारा 24 /9/2023 को गौतम बुद्ध टाउन हॉल गोह में आयोजित होने वाले कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जहानाबाद सांसद चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी , गुलाम गैस रामचंद्र भारती , कुमुद वर्मा , हीरा विंद , श्रीमती प्रमिला प्रजापति शामिल होंगे। जिसमें गोह विधानसभा क्षेत्र के अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के सभी सदस्यों एवं जदयू पार्टी के कार्यकताओं को रविवार को उपस्थित होने के लिए

आहवान किया गया है। इस बैठक में शामिल अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष जितेंद्र चंद्रवंशी, जिला महासचिव बृजमोहन वर्मा, सीताराम दुखारी , सुरेन्द्र चंद्रवंशी, प्रदेश सलाहकार दीनानाथ सिंह, विद्दू सिंह , मनोज राम, विजय सिंह सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

## 28 सितंबर को बनतारा में होगा मुशायरे का आयोजन

**दैनिक समाज जागरण कुमारी जिज्ञासा , प्रखंड संवाददाता गोह**

औरंगाबाद (बिहार)गोह प्रखंड के बनतारा गांव में 28 सितंबर को हजरत मुबारक शाह चौधरी के दरगाह पर सालाना उर्स पर मुशायरे का आयोजन किया जाएगा। जानकारी देते हुए कमेटी के सदस्य अंजार खान, मुबारक खान, अजमीतुल्ला खान उर्फ मिंटू ने बताया कि इस आयोजन में शायर तनवीर अहमद मौऊवी, अशद महताब खलिलाबादी, तबरेज




हाशमी, शायरा चांदनी शबनम व तजसूस हाशमी अपने-अपने कलाम पेश करेंगे। वहीं मुशायरा कार्यक्रम का संचालन कनवर नदीम मुबारकबादी करेंगे।

## देवहरा में दुर्गा पूजा समिति का किया गया गठन

**दैनिक समाज जागरण कुमारी जिज्ञासा प्रखंड संवाददाता गोह**

औरंगाबाद (बिहार)गोह प्रखंड के देवहरा में दुर्गा पूजा समिति की बैठक शुक्रवार को मिथलेश गुप्ता के अध्यक्षता व राजीव मिश्रा के संचालन में आयोजित की गई। बैठक में इस वर्ष दुर्गा पूजा का त्योहार धूमधाम से मनाए जाने का निर्णय लिया गया। बैठक में सर्वसम्मति से अध्यक्ष अजय सोनी, उपाध्यक्ष चुन्नू बारी, सचिव सरोज सोनी, उप सचिव रौशन गुप्ता, कोषाध्यक्ष संजय कुमार, उपकोषाध्यक्ष पंकज गुप्ता, व्यवस्थापक लक्ष्मी चौधरी, अजय मिश्रा, पुंदेल मिश्रा, गुड्डू पांडेय को चुना गया।

## बिजली करंट की चपेट में आने से किशोर की मौत

**दैनिक समाज जागरण कुमारी जिज्ञासा , प्रखंड संवाददाता गोह**

औरंगाबाद (बिहार) उपहारा थाना क्षेत्र के हमीदनगर गांव निवासी रामकृत चौधरी का 16 वर्षीय पुत्र नीरज कुमार का शुक्रवार की संध्या हाई वोल्टेज बिजली तार के संपर्क में आने से मौत हो गई। बताते चलें कि मृत किशोर नीरज कुमार अपने गांव से पश्चिम बघोई गांव के बाधार में पशु चरा रहा था इसी दौरान पहले से जर्जर हो कर गिरे हाई वोल्टेज बिजली तार के



संपर्क में आ गया और वह मूर्छित होकर गिर पड़ा। आनन - फानन में ग्रामीणों व परिजनों द्वारा उक्त किशोर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोह में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अंत्य परिक्षण हेतु सदर अस्पताल औरंगाबाद भेज दिया है। घटना के बाद गांव में मातम पसरा हुआ है वहीं परिजनों का रो-रो कर हाल बेहाल है।

## प्रस्तावित कोल वासरी व ट्रांसपोर्टिंग सड़क के विरोध में ग्रामीण हुवे गोलबंद

**दैनिक समाज जागरण निशांत तिवारी जिला संवाददाता चतरा**

चतरा(झारखंड)22 सितम्बर 2023:- जिले के टंडवा प्रखंड क्षेत्र में प्रस्तावित कोल वासरी व ट्रांसपोर्टिंग सड़क निर्माण के विरुद्ध मिश्रोल, फुलवरिया,टेकठा गांव के सैंकड़ों ग्रामीण विरोध व्यक्त करते हुवे अब गोलबंद होने लगे हैं। गुरुवार को हाई स्कूल मिश्रोल के समीप बैठक आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता रमजान मियां तथा संचालन प्रयाग राम ने किया। जहां सर्वसम्मति से लोगों ने निर्णय लिया कि एके लॉजिस्ट प्रबंधन व जिला प्रशासन परियोजना से संबंधित गतिविधियों का संचालन पंचायत स्तर पर गठित समितियों से सम्यक वार्ता तथा ग्रामीणों के समस्याओं निराकरण होने तक अविलंब रोक लगाये। वहीं लोगों ने कड़े लहजों में आगाह किया कि इस प्रोजेक्ट के विरोध में ग्रामीण अडिग हैं,वे अपनी जान की बाजी



तक लगा देंगे। सामुहिक तौर पर आक्रोशित लोगों ने - दलालों होश में आओ, एके लॉजिस्टिक्स कंपनी होश में आओ, जल जंगल जमीन हमारा है, अंचल प्रशासन होश में आओ के नारे लगाये। विदित हो कि अंचल अधिकारी के पत्रांक 1119 के आलोक में अनापत्ति को लेकर आयोजित बैठक का ग्रामीण बहिष्कार कर चुके हैं।जबकि ग्रामीणों के विरोध को भाजपा , कांग्रेस व राजद समेत कई पार्टियों के नेताओं ने अपना समर्थन ग्रामीणों को दिया है। बैठक में नीरज तिवारी, प्रमोद सिंह, गोविंद तिवारी, राम नगीना सिंह, राजेन्द्र यादव, संजीव तिवारी, मो. शमीम, योधन साव, नरेश यादव, जयप्रकाश तिवारी, विशुन गंझू, उमेश पाठक समेत कई लोग मौजूद थे।

## मांगे पूरी नहीं हुई तो धरना जारी रहेगा —सहिया साथी

**दैनिक समाज जागरण धनबाद झारखंड**

सहिया, सहिया साथी और प्रशिक्षक संघ का अनिश्चितकालीन धरना सिविल सर्जन कार्यालय परिसर में शुक्रवार को भी जारी रहा। जिसका नेतृत्व पूर्व विधायक अरुप चटर्जी कर रहे हैं। सहिया और सहिया साथी ने बताया कि जब तक हमारी मांग पूरी नहीं होगी धरना जारी रहेगा नेतृत्व कर रहे रेखा भट्ट, सुनीता देवी रूपा सिंहा का कहना है कि विभाग के कुछ लोगों के कारण उनका मामला अटक गया है सिविल सर्जन तक को जानकारी नहीं होती है और हम लोगों को परेशान किया जाता है। आखिर हमारा कसूर क्या है जो भी लोग विभाग के इस संयंत्र में शामिल है उन पर कार्रवाई हो। धनबाद और रांची में इन कतिपय अधिकारी का गहरी पेठ है जिसका नतीजा है कि 5 साल से अधिक समय से हम लोगों को बैठा दिया गया अब नियुक्ति संबंधी आदेश दिया गया आदेश आए हुए चार माह गुर्जर गये लेकिन अब तक जॉइनिंग नहीं हुआ कोविड काल में घर घर जाकर काम किया जब कन्नी काटते हैं। मुख्यमंत्री ने घोषणा किया की अतिरिक्त राशि दिया जाएगा 2 साल का अतिरिक्त राशि कोविड-19 का नहीं मिला मार्च में सभी सहिया और सहिया साथी का



पैसा देने का हुआ तो हमारे ही कटौती हो गई। ऊपर के अधिकारी तो कोविड का पैसा ले लिए। उपायुक्त महोदय से भी आग्रह है कि हमारी समस्या का समाधान किया जाए जब काम करना होता है तो सहिया और सहिया साथी पर दबाव बनाया जाता है पैसा देना होता है तो अकाउंट नंबर लिया गया बताया गया कि 3 दिन के अंदर पैसा चला जाएगा लेकिन नहीं गया। जब तक हम लोगों की मांग पूरी नहीं होगी आंदोलन जारी रहेगा। मौके पर मधुमती सिंह, यमुना मेहता राखी देवी, किरण देवी, बबीता देवी, ममता मंजरी, नीलम शर्मा आदि लोग थे।

## डीवीसी से विस्थापित परिवारों ने फिर बनाया प्रबंधन के खिलाफ आन्दोलन की रणनीति

**दैनिक समाज जागरण,घनश्याम पाठक ब्यूरो चीफ ,**

हजारीबाग (झारखंड )22 सितंबर 2023 ;- बिष्णुगढ़ अंचल के अंचलाधिकारी महोदय के इस्तेहार से डीवीसी के द्वारा विस्थापित परसाबेडा गाँव के लोग प्रबंधन के रवैये से नाराज होकर बैठक कीए । स्थानीय पंचायत के प्रतिनिधियों ने नावाटांड़ ग्राम में मुखिया चंद्रशेखर की अध्यक्षता में एक बैठक की गई, जिसकी संचालन गुलाब प्रसाद वर्मा व रामचंद्र महतो ने किया। बैठक में विष्णुगढ अंचलाधिकारी द्वारा विस्थापितों को दी गई जमीन मौजा परसाबेड़ा का आम इश्तहार निकालकर दाखिल खारिज कराये जाने का बिरोध किया गया, साथ ही विस्थापितों ने कहा कि डीवीसी पदाधिकारियों द्वारा आंदोलन के वक्त कहा था कि विस्थापितों को डीवीसी के द्वारा दी हुई जमीन का दाखिल खारिज करने के साथ ही पुनर्वास एवं पुनर्र व्यवस्थापन प्रमाण पत्र फार्म 12 दिया जाएगा , जो आज तक किसी विस्थापित परिवार को



नहीं दिया गया है। और आज एका एक अंचलाधिकारी द्वारा आम इश्तेहार निकाल कर परसाबेडा मौजा के भूमि का दाखिल खारिज डीवीसी के नाम कराया जा रहा है। जिससे विस्थापित प्रबंधन से छला महसूस कर रहे हैं। सभी लोगों ने कहा कि अगर प्रबधन इसी प्रकार का उदासीन रवैया रहा तो डीवीसी विस्थापित एक बार पुनः आंदोलन को बाध्य होंगे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पंससङ्ग प्रतिनिधि राजकुमार महतो, खेमलाल महतो, सुरेश राम, सहदेव राम, महेंद्र प्रसाद महतो उर्फ माही पटेल, अनंतलाल महतो, जीतन महतो, नेमचंद महतो, खुलेश्वर प्रसाद महतो, रामचंद्र राम, पति करमाली, रामचंद्र राम, डालचंद महतो, बिशून महतो, गोबिंद महतो, लोकनाथ प्रसाद सिंह, सोमर राम, रतनी देवी, सुमित्रा देवी,दरवानी देवी,सीता देवी, सुनीता देवी ,सरिता देवी, इनके अलावे सैंकड़ो महिला पुरुष विस्थापित उपस्थित थे

## आदित्यपुर थाना प्रभारी ने दो नाबालिक लड़की को अगवा होने से बचाया. 45 मिनट के अंदर किया रेस्क्यू.

**दैनिक समाज जागरण ,दयाल लायक ,ब्यूरो चीफ सराइकेला (झारखंड )23 सितंबर 2023**

सूत्रों के अनुसार सरायकेला खरसावां अंतर्गत वास्को नगर की रहने वाली दो नाबालिक लड़की को बहला- फुसला कर हैदराबाद ले जाया जा रहा था. दोनों का ही परवरिश गरीब परिवार में हुआ है जिसमें दोनों को नौकरी लगाने के संबंध में हैदराबाद ले जाया जा रहा था. पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि दोनों नाबालिक लड़की को गलत तरीका से हैदराबाद ले जाया जा रहा है. जिसमें 14000/- से 15000/- नौकरी लगवाने की बात कही गई थी. पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों नाबालिक लड़की को आरपीएफ पुलिस की मदद से टाटानगर स्टेशन प्लेट फॉर्म न.2 से रिकवर किया हैं. पुलिस ने दोनों ही लड़की को सही सलामत उनके परिवार को सौंप दिया हैं.फिलहाल दोनों नाबालिक लड़की डरी सहमी सी हैं. पुलिस को कुछ भी बताने से असमर्थ दिखाई दे रही है वहीं इस पुरे मामले में किसका हाथ हैं पुलिस उसकी तलाश में जुट चुकी हैं. बता दे कि 2021 में प्रकाशित नीति आयोग की राष्ट्रीय बहुआयामी गरीबी सूचकांक की पहली रिपोर्ट के अनुसार, झारखंड में 42.2 प्रतिशत लोग गरीब हैं. यह राज्य बिहार के बाद दूसरे स्थान पर आती हैं कई परिवार काम की तलाश में बाहर जाने को मजबूर हो जाते हैं. इनमें से कुछ परिवार अंततः मानव तस्करी का शिकार बन जाते हैं. राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, झारखंड राज्य देश के शीर्ष 10 राज्यों में से एक हैं .जहां देश में कुल मानव तस्करी के 81.4 प्रतिशत मामले होते हैं. राज्य आपराधिक जांच विभाग सीआईडी के अनुसार, जनवरी 2017 से दिसंबर 2022 के बीच झारखंड के विभिन्न पुलिस स्टेशनों में दर्ज 656 मामलों में से 1,574 लोग मानव तस्करी के शिकार थे. बचाए गए 1,473 लोगों में से 1,001 महिलाएं हैं. अब तक 783 तस्करों को गिरफ्तार किया जा चुका है. दिलचस्प बात यह है कि झारखंड महिला एवं बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग के अनुसार, बचाई गई कुल लड़कियों में से 90 प्रतिशत मामलों में, उन्हें घरेलू नौकरानी के रूप में काम करने के लिए बड़े शहरों और कस्बों में भेजा गया था. उनके कथित तस्करों को उनके माता-पिता से सहमति मिलने के बाद ही. काम के लिए देश के विभिन्न हिस्सों में प्रवास करने वालों में झारखंड के ग्रामीण इलाकों से बड़ी संख्या में आदिवासी शामिल हैं.

## भगवान श्रीकृष्ण व रुक्मिणी की निकली भव्य रथयात्रा, रथ को खींचने उमड़े श्रद्धालु

**अभय कुमार मिश्रा, दैनिक समाज जागरण, प्रखंड संवाददाता, आदित्यपुर**

सरायकेला खरसावां (झारखंड) 22 सितंबर 2023:झ भारतीय कृष्ण भावनामृत संघ की ओर से 22 सितंबर को कृष्ण रुक्मिणी रथ यात्रा निकाली गई. रथ यात्रा दोपहर दो बजे आदित्यपुर सालडीह बस्ता हरि मंदिर से शुरू होकर आशियाना होते हुए आदित्यपुर खरकाई नदी पुल होते वापस अटल पार्क पहुंची. उसके बाद संध्या 7 बजे श्री कृष्ण रुक्मिणी विवाह समारोह का आयोजन अटल पार्क में किया गया. 23 सितंबर को राधा अष्टमी मनायी जायेगी. संस्था के मुख्य संरक्षक पूर्व डिप्टी मेयर अमित सिंह, श्री कृष्ण रुक्मिणी विवाह संगठन आदित्यपुर मंडल के अध्यक्ष अंजनी कुमार चौधरी ने बताया कि विदेशी कृष्ण भक्त भी कार्यक्रम में शामिल होंगे. उन्होंने नगर



वासियों से उक्त अनुष्ठान में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की. वही आयोजन को सफल बनाने में मुख्य संरक्षक अमित सिंह, अध्यक्ष अंजनी कुमार चौधरी, उपाध्यक्ष अनिल कुमार सिन्हा, सनातन प्रमाणिक, भजहरि तंतुबाई, पूर्व पार्षद पदमा विश्वास, सचिव जूली महतो, सुभाष गोराई, खीर देवी, संजीव कुमार सिंह, बाबू तांती, कोषाध्यक्ष चंद्रावती महतो, सह कोषाध्यक्ष जामिनी दास, खुदीराम दास, संरक्षक, बरजो राम हांसदा, राजरानी महतो, सुधीर कुमार सिंह, डॉक्टर नथुनी सिंह, प्रकाश मेहता, द्वारिका बलराम, भक्तो महतो, मंटू महतो, वन बिहारी महतो, जितेन सरकार, परशुराम गोप, रवि गोप, जितेंद्र पलाय, बापी राय, सुभाष थापा, सपन कुमार दास, भंडारी महतो, दयतारी मुखी, शुरूपद प्रधान, गोपाल चंद्र गोपाल आदि शामिल रहे.

## आयुष फाउंडेशन धनबाद ने कराया मोटिवेशनल सेमिनार

**दैनिक समाज जागरण**

धनबाद के द्वारिका मेमोरियल फाउंडेशन अकादमी में कराया मोटिवेशनल सेमिनार।सेमिनार का टॉपिक था डिवाइन पेरेंटिंग (सुपर पैरेंट कैसे बनें) । मनीषा मंजरी जी जो नंबर वन स्टूडेंट माइंड इंजीनियर सह ज्ञान अमृत की संस्थापिका सह सी ई ओ है इस कार्यक्रम की मुख्या वक्ता थी। यह कार्यक्रम मुख्यता अभिभावकों के लिए रखा गया था ।धनबाद के कई अन्य संस्था ने भी इस कार्यक्रम का लाभ उठाया । करीब 100अभिभावकों ने कार्यक्रम में भाग लिया। मोटिवेशनल स्पीकर सह लाइफ कोच मनीषा जी ने बताया हमे बच्चों को हमेशा पॉजिटिव बातें बोलने चाहिए ।बच्चों को स्क्रीन से दूर रखें ,बच्चों के साथ टाइम बिताइए ,वो जो गेम खेलना चाहते है उनके साथ खेलें ।नेगेटिव थॉट्स से खुद को दूर रखें ।बहुत ही




महत्पूर्ण जानकारियां दी मनीषा जी ने। सचिव अर्पिता अग्रवाल ने मनीषा जी का शुक्रिया अदा करते हुए बताया की आज जितनी जरूरत बच्चों को मार्गदर्शन की जरूरत है वैसे ही हम अभिभावकों को भी मार्गदर्शन की जरूरत है ।प्रिंसिपल मदन सिंह सर ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा की इस तरह का कार्यक्रम की जरूरत आज की मांग है । नीत इसे कार्यक्रम आयोजित होने चाहिए । मनीषा जी को स्कूल की तरफ से और संस्था की तरफ से सम्मानित किया गया । सचिव अर्पिता अग्रवाल, संयोजक आर्टिस्ट गणेश शर्मा, शामली ,तनिषा ,रूबी ,गीता , स्कूल के शिक्षकगण आदि कार्यक्रम में मौजूद थे।

## झारखंड के दो अलग-अलग प्रवासी मजदूरों के एक ही दिन दो राज्यों में गई जान

**दैनिक समाज जागरण , घनश्याम पाठक , ब्यूरो चीफ**

हजारीबाग (झारखंड) 2023 :- बिष्णुगढ़ प्रखंड के मडमो पंचायत बेलिया टांड़ के कैलाश टुडू उर्म 30 पिता रुपलाल टुडू की मौत टावर से गिरने के बाद इलाज के दौरान हो गई। एवं दुसरी घटना गुरुवार 21 सितंबर की है जिसमें बिष्णुगढ़ के सारुकुदर पंचायत के मैनेजर अंसारी के 30 वर्षीय पुत्र जसीम अंसारी की दुखद मृत्यु मुंबई में कोल्हापुर के सड़क हादसे से हो गई । प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक जसीम अंसारी बाइक से जा रहा था , पीछे से आ रही अनियंत्रित वाहन के चपेट में आने से उसकी जान चली गई , मृतक अपने पीछे पत्नी यासमीन खातून ,पुत्र असलम अंसारी , उम्र 10 वर्ष और सलमान अंसारी उम्र 3 वर्ष पुत्री हिना परवीन उम्र 8 वर्ष साहिसता परवीन उम्र 6 वर्ष को छोड़कर य समय दुनिया से अलविदा हो गया । मौत की सूचना पाकर उस के परिजन शक्ते में है । वहीं दूसरी घटना में भी कैलाश टुडू की जो मौत हुई यह भी बेहद बेदर्द हुई है , बताया जाता है कि कैलाश उड़ीसा के झासुगोंडा मैं जिंदल कंपनी में टावर लाइन के कार्य से जुड़ा हुआ था ।



जिसमें 15 सितंबर 2023 को वह टावर से गिर गया और इलाज हेतु अस्पताल में भी भर्ती कराया गया। करीब 6 दिनों तक मौत की जंग से वह लड़ता रहा आखिर उसकी मौत हो गई , इस जंग में कैलाश टुडू हार गया , वो अपने पीछे अपनी पत्नी सरिता देवी , पुत्र अजीत टुडू उम्र 6 वर्ष, और 3 साल की बेटी को बेसहारा छोड़कर इस दुनिया से अलविदा हो गया , इन दोनों घटनाओं में उसके परिवारों का रो-रो कर बुरा हाल है और सभी स्तब्ध है यह दोनों परिवारों में मात्र घर का कमानेवाला यही दोनों था , सरकार इस पर तत्काल अगर गंभीर होकर पहल नहीं करें तो इन दोनों परिवारों पर भारी संकटों से गुजरना होगा , प्रवासी मजदूरों के हितकर समाजसेवी सिकंदर अली ने इन घटनाओं से काफी आहत होते हुए कहते हैं कि इन परिवारों की मदद हेतु सरकार जल्द पहल करे , और स्थानीय स्तर पर रोजगार की व्यवस्था करने की मांग किया गया, नहीं तो ऐसे ही प्रवासी मजदूर एक-एक करके इसी तरह से काल के गाल में समाते रहेगें , और झारखंड प्रदेश को क्षति होता रहेगा ।

## महिला आरक्षण विधायक ऐतिहासिकः रश्मि साहू

**अभय कुमार मिश्रा, दैनिक समाज जागरण, प्रखंड संवाददाता, आदित्यपुर**

सरायकेला खरसावां (झारखंड) 22 सितंबर 2023:झ नारी शक्ति वंदन अधिनियम लोकसभा एवं राज्यसभा से पारित होने पर भाजपा महिला मोर्चा जिला सरायकेला खरसावां अध्यक्ष रश्मि साहू के नेतृत्व में अबीर गुलाल खेल कर एवं लड्डू वितरण कर खुशी मनाया गया। वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का जो नारा दिया था यह बिल उसे चरितार्थ करता है, केंद्र की मोदी सरकार ने महिलाओं को शिक्षा और विकास के लिए हर द्वार को खोला हैकमहिला आरक्षण बिल लाकर उन्होंने महिलाओं को सम्मान देने का काम किया है, यह एक ऐसा निर्णय है जिससे हमारी नारी शक्ति को सही मायने में उनका अधिकार मिलेगाक नारी शक्ति वंदना अधिनियम के मजबूत होगी।इस ऐतिहासिक निर्णय के लिए करोड़ों देशवासियों की ओर से मोदी जी का हृदय तल से आभार एवं बहुत-बहुत धन्यवाद



अंतर्गत लोकसभा और राज्यसभाओं में महिलाओं के लिए 33 फीसदी सीट पर आरक्षण प्रावधान है कइस विधेयक के लागू हो जाने से महिलाओं की राजनीतिक और देश की उन्नति में भागीदारी और भी इस कार्यक्रम में सुनीता मिश्रा, प्रभा देवी, पूनम ठाकुर, निशा सिंह, दुलारी झा, गणेश महाली रमेश हसदा, बाबू मिश्रा, शरदेंदु शेखर, कृष्ण प्रधान, अनिमेष कुमार एवं महिला भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## पालीगंज स्थित ई किसान भवन में किया गया कृषक गोष्ठी का आयोजन

**समाज जागरण संवाददाता:- वेद प्रकाश पालीगंज अनुमण्डल**

पालीगंज/ प्रखण्ड क्षेत्र के दरियापुर गांव स्थित ई किसान भवन में शुक्रवार को प्रखण्ड कृषि कार्यालय की ओर से कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया। जानकारी के अनुसार आयोजित गोष्ठी का उद्घाटन पालीगंज प्रखण्ड विकास पदाधिकारी संजीव कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम का संचालन प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक अमित कुमार सिंह ने किया। वही कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उप परियोजना निदेशक बृजेन्द्र मनी, अनुमण्डल कृषि पदाधिकारी राजदेव साव,



प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी उमाशंकर चौधरी मौजूद रहे। इस दौरान जलवायु के अनुकूल कृषि, मोटे अनाज व जैविक कॉरिडोर पर विशेष रूप से चर्चा किया गया। वही कृषि कार्यो में उपयुक्त यंत्रों व तकनीको के साथ उचित समय पर उर्वरकों व कीटनाशकों का प्रयोग करने के बारे में भी किसानों को जानकारी दिया गया मौके पर रणजीत कुमार, विकाश कुमार, अमित कुमार, धनन्जय कुमार, पूजा रागिनी, अरुण कुमार सिंह व मो. सिराज सहित कई पंचायत प्रतिनिधियों, सैकड़ों किसान सलाहकार व किसान मौजूद थे।

## वार्ड पार्षदों ने टेंडर के द्वारा कार्य करने की लगाई गुहार

### विभागीय कार्य में जेई के द्वारा की जा रही मनमानी

**दैनिक समाज जागरण अमन गुप्ता रोहतास**

रोहतास नगर पंचायत में आक्रोशित वार्ड पार्षदों ने कार्यपालक पदाधिकारी को लिखित आवेदन देकर टेंडर के द्वारा कार्य करने की लगाई है गुहार। नगर पंचायत के लगभग पांच वार्ड पार्षदों ने आवेदन के माध्यम से कहा है कि नगर पंचायत के बोर्ड व सशक्त अस्थाई समिति द्वारा चैयनित किए गए समस्त योजनाओं को ई निविदा यानी टेंडर के माध्यम से कार्य को निष्पादन करने के लिए कार्यपालक पदाधिकारी को कहा है.पार्षदों ने इससे पूर्व में भी 13/2/23 तथा 8/9/23 को योजनाओं को ई टेंडर प्रक्रिया के माध्यम से निष्पादित करने की बोर्ड में गुहार लगाई गई थी। आवेदन में यह भी कहा गया की विभागीय कार्य में कनीय अभियंता के माध्यम से जो कार्य कराई जा रही है उसमें अपने दायित्व का निर्वहन सही ढंग से नहीं कर डेहरी के एक व्यक्ति/ संवेदक से निर्माण कार्य की कराई जा रही है। जिसमें गुणवत्ता का स्तर मानक के अनुरूप नहीं है, जिसकी जांच श्रीमान अपने स्तर से की जा सकती है। इस संदर्भ में कार्यालय को पूर्व में भी अवगत कराए जाने के बावजूद अब तक कोई संज्ञान नहीं लिया गया और ना ही निविदा के माध्यम से कार्य करने का प्रयास किया जा रहा है। कार्यपालक पदाधिकारी जया कुमारी ने कहीं की अति आवश्यक होने पर ही विभागीय कार्य कराया जाता है, अन्यथा टेंडर के द्वारा ही कार्य का निष्पादन किया जाएगा।

## जिला युवा राजद के अध्यक्ष पद पर सिवनन्त कुशवाहा हुए आसीन

**दैनिक समाज जागरण प्रतिनिधि सासाराम रोहतास**

रोहतास जिला युवा राजद के अध्यक्ष पद पर सिवनंत कुशवाहा एवं प्रधान महासचिव पद पर अश्वनी यादव को प्रदेश युवा राजद के अध्यक्ष राजेश यादव द्वारा उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के निर्देश एवं जगदानंद सिंह प्रदेश अध्यक्ष राजद के देख-रेख में नियुक्त किया गया। इनकी नियुक्ति पर विजय कुमार मंडल, जिला अध्यक्ष रामचंद्र ठाकुर, निवर्तमान जिला अध्यक्ष युवा राजद जितेंद्र नटराज, राजद के संस्थापक सदस्य सर्वजीत सिंह खालसा आदि ने बधाई देते हुए



कहा है 2024 के चुनाव में यह युवा टीम भारत गौरव लालू यादव की आन बान शान को बढ़ाएगी एवं संप्रदायिक ताकतों को ध्वस्त करने में कामयाब होगी।

## सिंदरी के पूर्व विधायक आनंद महतो ने पूर्व मुखिया नीलू मुखर्जी से मिलकर उनकी हाल-चाल जाना

**दैनिक समाज जागरण**

धनबाद /गोविंदपुर, मासस के केंद्रिय अध्यक्ष सह पुर्व विधायक आनंद महतो ने आज गोविंदपुर क्षेत्र के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा किया ' जिसमें 10 अक्टूबर को किसान संग्राम समिति के द्वारा जिले के ज्वलंत समस्याओं को लेकर जिला मुख्यालय में प्रदर्शन में हजारों की संख्या में किसान - मजदूरों को शामिल होने का आह्वान किया ' दौरा क्रम में 8 माह से अस्वस्थ चल रहे , गोविंदपुर पूर्वी के मुखिया पति सह मासस



नेता नीलू मुखर्जी से मिला एवं उनकी हाल-चाल ली ' दौरा में मुख्य रूप से किसान संग्राम समिति के केंद्रीय सचिव सह मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष गणेश महतो, मायुमो जिला अध्यक्ष पवन महतो, जिला सचिव राणा चटराज, फटिक चंद्र मंडल, लालमोहन महतो, रफीक अंसारी आदि शामिल थे '

## आकाशीय बिजली की चपेट में आने से एक महिला की मौके पर मौत

**दैनिक समाज जागरण , घनश्याम पाठक , ब्यूरो चीफ**

गिरिडीह (झारखंड) 22 सितंबर 2023 :- डुमरी थाना क्षेत्र के कुलगो उत्तरी पंचायत मुरुगढा टांड में शाम वज्रपात की चपेट में आने से एक महिला की जान चली गई । मृतका कुलगो निवासी स्वर्गीय तैयब अंसारी की पत्नी शैबून खातून थी , बताया जाता है कि शैबून खातून मवेशियों को चराने मुर्गढा टांड गई थी , इसी दौरान तेज बारिश के साथ वज्रपात हुआ जिसकी जद में आकर महिला की जान चली गई , आसपास मवेशी चरा रहे अन्य लोगों ने घटना की सूचना ग्रामीणों को दी , और आनन - फानन में उसे डूमरी रेफरल अस्पताल लाया गया , जहां चिकित्सकों ने उसे जांचोपरांत मृत्यु घोषित कर दिया सूचना पाकर डुमरी थाना की पुलिस भी मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में कर थाना लाया गया।

## गिरिडीह के जबरदाह गांव में ताराटांड़ पुलिस ने किया मवेशियों से भरा ट्रक जप्त

**दैनिक समाज जागरण , घनश्याम पाठक , ब्यूरो चीफ**

गिरिडीह (झारखंड) 22 दिसंबर 2023 :- तारा टांड़ थाना क्षेत्र के जबरदाह गांव में शुक्रवार की सुबह पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर मवेशियों से लॉर्ड एक ट्रक को जप्त किया है । जानकारी के मुताबिक जबरदाह गांव के पास ताराटांड़ पुलिस ने बिहार से धनबाद ले जा रहे ट्रक संख्या बी आर 24 जी बी



7718 पर मवेशियों से लॉर्ड ले जाने की खबर मिली थी , जिसे त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने वाहन चेकिंग अभियान चलाया और एक ट्रक को छापेमारी कर जप्त कर लिया गया ।जप्त किए गए ट्रक में जांच करने पर 27 मवेशी उसमें पाए गए , इसके बाद ट्रक को जब्त कर पुलिस ने तारा टांड थाना लाकर पूछताछ और अग्रेतर कार्रवाई में जुट गई है।

## पटमदा इंटर कॉलेज जाल्ला में ओएमआर शीट पर ली जा रही आंतरिक परीक्षा से विद्यार्थियों में उत्साह

**नंदा रजक, दैनिक समाज जागरण , प्रखण्ड संवाददाता, पटमदा**

पटमदा : पटमदा इंटर कालेज, जाल्ला में 11 सितंबर से 11वीं एवं 12वीं कक्षा का प्रथम आंतरिक परीक्षा शांतिपूर्वक जारी है। पूर्णतः ओएमआर शीट पर ली जा रही यह परीक्षा 29 सितंबर तक चलेगी। इसमें 40 अंकों के लिए 40 प्रश्नों की परीक्षा ली जा रही है। सभी बच्चे परीक्षा को लेकर काफी उत्साहित हैं। इसमें लगभग शत-प्रतिशत बच्चे उपस्थित रहते हैं। इस तरह की आंतरिक परीक्षा साल में तीन बार ली जाती है। कोविड -19 के बाद से ही इस तरह की आंतरिक परीक्षा



शुरू हुई थी। द्वितीय एवं तृतीय परीक्षा सब्जेक्टिव होगी। द्वितीय परीक्षा संभवतः दिसंबर में होगी। प्राचार्य डॉ तरुण कुमार महतो ने बताया कि महाविद्यालय में सप्ताहिक जांच परीक्षा के साथ-साथ आंतरिक परीक्षा के आयोजन से निश्चित रूप से छात्र -छात्राओं गुणात्मक विकास होगा एवं फाइनल परीक्षा में अच्छे अंक के साथ पास होंगे।

## बोड़ाम में 2 अक्टूबर को रक्तदान शिविर, तैयारी जोरों पर

**नंदा रजक, दैनिक समाज जागरण , प्रखण्ड संवाददाता, पटमदा**

पटमदा : एससी, एसटी, माइनॉरिटी वेलफेयर सोसायटी बोड़ाम के तत्वावधान में एमजीएम ब्लड बैंक जमशेदपुर के सहयोग से आगामी 2 अक्टूबर को आदिवासी उच्च विद्यालय बोड़ाम में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसकी जानकारी देते हुए संस्था के सदस्य मिहिर महतो ने बताया कि सुबह साढ़े 9 बजे से कार्यक्रम का आयोजन होगा।




शिविर में 200 यूनिट रक्त संग्रह करने का लक्ष्य रखा गया है और इसके लिए क्षेत्र में प्रचार-प्रसार का कार्य जोरों पर चल रहा है।

## मुखिया अजब सिंह अग्निवीर मे चयनित आशीष के घर जा कर दी बधाई

**नंदा रजक, दैनिक समाज जागरण, प्रखण्ड संवाददाता, पटमदा**

पटमदा : बोड़ाम प्रखंड के पहाड़पुर पंचायत के डांगरडीह ( गुमानडीह) गांव के आशीष महतो का अग्निवीर मे चयन होने पर, पहाड़पुर पंचायत के मुखिया अजब सिंह शुक्रवार को आशीष के घर जा कर आशीष और उनके माता- पिता को लड्डू खिलाकर बधाई और शुभकामनाएं दी। साथ ही मुखिया



अजब सिंह ने अपने तरफ आशीष को हरसंभव मदद करने का आश्वासन दिया। उन्होंने ने कहा कि प्रत्येक युवा को समय के महत्व को समझना चाहिए और समय की बबार्दी नहीं करते हुए,अपने लक्ष्य को ध्यान में रखकर लगातार कड़ी मेहनत करते रहना चाहिए।इस मौके पर उपस्थित ग्राम प्रधान कैलाश सिंह ,वार्ड सदस्य निखिल महतो, कालीपद गोराई,धनंजय महतो सहवत सिंह, नेपाल महतो ,जलेश्वरी महतो ,जमुना महतो, विश्वनाथन महतो आदि उपस्थित थे।मुखिया अजब सिंह अग्निवीर मे चयनित आशीष के घर जा कर दी बधाई